e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 256

मंगलवार

17.09.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो!

## सूचना

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों और हॉकरों को सूचित किया जाता है आज दिनांक 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा पर प्रभात मंत्र कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक दिनांक 19 सितंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

व्यवस्थापक

### पीएम ने चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिनेबल एनर्जी इनवेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन

# भारत ने दुनिया को दिया है मिशन लाइफ का विजन : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**गांधीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए भारत ने 20 हजार करोड़ रुपये का ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लॉन्च किया है। देश में वेस्ट टू एनर्जी का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। क्रिटिकल मिनरल से जुड़ी चुनौतियों के लिए पहचान के लिए सर्कुलर एप्रोच को प्रमोट किया जा रहा है। रियूज और रिसाइकिल से संबंधित बेहतर तकनीक के लिए स्टार्टअप को स्पोर्ट किया जा रहा है। प्रोप्लानेट पिपुल का सिद्धांत हमारा कमिटमेंट है। भारत ने दुनिया को मिशन लाइफ यानी लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिनेबल एनर्जी इनवेस्टर्स समिट का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस का प्रयास कर दुनिया के सैकड़ों देशों को जोड़ा है। भारत ने अपने रेलवे को भी इस दशक के अंत तक नेट जीरो बनाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनोल के लक्ष्य को हासिल करेंगे। गांव-गांव में अमृत सरोवर से जल संरक्षण हो रहा है। मां के नाम पर लोग पेड़ लगा रहे हैं। भारत का प्रयास पूरी तरह से मेड इन इंडिया सॉल्युशन के रूप में है।

### ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने को प्रयासरत है भारत

#### भारत अगले 1000 वर्ष का बेस तैयार कर रहा है

मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को सचेत किया था। महात्मा गांधी का यह विजन भारत की महान परंपरा से निकला है। हमारे लिए ग्रीन फ्यूचर, नेट जीरो कोई फैंसी वर्ड नहीं है, यह भारत की जरूरत है, सरकार का कमिटमेंट है। आज का भारत सिर्फ आज का नहीं बल्कि आने वाले एक हजार साल का बेस तैयार कर रहा है। हमारा मकसद सिर्फ टाप पर पहुंचना नहीं है, वहां टिके रहने की है।



### तीसरे टर्म में 3 करोड़ लोगों को मिलेगा नया घर

पीएम ने कहा कि भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार किसी सरकार को तीसरा टर्म दिया है। तीसरे टर्म में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। देश में 7 करोड़ घर बना रहे हैं। यह दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। सरकार ने अपने दो टर्म में 4 करोड़ घर बना दिए हैं। तीसरे टर्म में 3 करोड़ नए घर बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। बीते सौ दिनों में भारत में 12 नए इंडस्ट्रीयल सिटी बनाने का फैसला लिया, आठ हाई स्पीड रोड कोरिडोर को मंजूरी दी गई। 15 से अधिक नई मेड इन इंडिया सेमी हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन लॉन्च की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया को लगता है कि भारत 21वीं सदी की बेस्ट बेट है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, मध्य प्रदेश के मुख्य मोहन यादव समेत 140 देशों के 25 हजार प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। 40 से अधिक सत्र, 5 पैनल चर्चा, 115 से अधिक बी टू बी मीटिंग आयोजित होगा।

### भारत का हरेक घर पावर प्रोड्यूसर बनेगा

पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी जरूरत के लिए सोलर पावर, विंड पावर, न्यूक्लियर और हाइड्रो पावर के आधार पर भविष्य तैयार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने रूफटॉप स्कीम को यूनिक स्कीम बताते हुए कहा कि भारत का हरेक घर पावर प्रोड्यूसर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कहा कि इस योजना के तहत सवा तीन लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का काम पूरा भी हो चुका है। इसके परिणाम अद्भुत है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को बिजली बिल बचेगा और जो बचाएंगे उससे उन्हें 25 हजार रुपये कमाएंगे। 20 साल बाद 10-12 लाख रुपये की कमाई होगी। यह पैसा बच्चों की पढाई से लेकर शादी-ब्याह में काम आएंगे। यह 20 लाख रोजगार का जनक और पर्यावरण के संरक्षण का काम करेगा। पीएम मोदी ने मोढेरा का जिक्र कर सूर्य मंदिर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से सौर ऊर्जा गांव है। उन्होंने अयोध्या को सोलर मॉडल सिटी बनने की जानकारी दी। पीएम मोदी ने सोलर पावर संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे लापता, तलाश जारी



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर के सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे तीन ट्रॉलरों के साथ लापता हो गए। प्रशासन की ओर से हेलीकॉप्टर द्वारा सोमवार सुबह से ही इन मछुआरों की तलाश की जा रही है। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला है। मछुआरों के परिवार वाले चिंतित होकर प्रशासन से जल्द से जल्द जानकारी देने की मांग कर रहे हैं। मछुआरों के परिजनों के अनुसार पिछले मंगलवार को सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से एक दल गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकला था और उन्हें रविवार तक लौटना था। बाकी मछुआरे लौट आए लेकिन इन तीन ट्रॉलरों में सवार 49 मछुआरों का कोई पता नहीं चल पाया। पहले नाव और ट्रॉलरों से तलाशी अभियान शुरू किया गया था। लेकिन सोमवार को प्रशासन ने हवाई मार्ग से तलाशी के लिए हेलीकॉप्टर भेजा।मछुआरों के मुताबिक 'मा रिया' और 'श्री हरी' नाम के दो ट्रॉलरों सहित कुल तीन ट्रॉलरों के इंजन खराब हो गए थे, जिससे ट्रॉलरों के प्रोपेलर भी काम करना बंद कर दिए। अन्य मछुआरों ने इन ट्रॉलरों को खींचकर वापस लाने की कोशिश की लेकिन तेज समुद्री धाराओं के कारण वे सफल नहीं हो सके। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण

**छुआरों के परिजनों के अनुसार पिछले मंगलवार को सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से एक दल गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकला था और उन्हें रविवार तक लौटना था। बाकी मछुआरे लौट आए लेकिन इन तीन ट्रॉलरों में सवार 49 मछुआरों का कोई पता नहीं चल पाया। पहले नाव और ट्रॉलरों से तलाशी अभियान शुरू किया गया था। लेकिन सोमवार को प्रशासन ने हवाई मार्ग से तलाशी के लिए हेलीकॉप्टर भेजा।मछुआरों के मुताबिक 'मा रिया' और 'श्री हरी' नाम के दो ट्रॉलरों सहित कुल तीन ट्रॉलरों के इंजन खराब हो गए थे, जिससे ट्रॉलरों के प्रोपेलर भी काम करना बंद कर दिए।**

मछुआरे गहरे समुद्र से किनारे की ओर लौट रहे थे। लेकिन इस दौरान कई ट्रॉलरों की वायरलेस मशीन खराब हो गई, जिससे संपर्क करना मुश्किल हो गया। इस मामले की सूचना तटरक्षक बल को दी गई। मछुआरों के परिजन गहरी चिंता में हैं, क्योंकि उन्हें अब तक अपने प्रियजनों की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## क्विक न्यूज

### झारखंड के चार ऑफिसियल ट्रेडिशनल लाठी नेशनल रेफरीशिप ट्रेनिंग सेमिनार से लौटे

**रांची।** झारखंड ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चार ऑफिशियल्स नागपुर, महाराष्ट्र में ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय (13, 14 व 15 सितंबर) नेशनल रेफरीशिप ट्रेनिंग सेमिनार में भाग लेकर हटिया स्टेशन पर लौटे।प्रतिभागी ऑफिशियल्स के नाम इस प्रकार हैं- लखन उराव , अश्फ़ाक अंसारी , रविराज ,मो. फरहान स्टेशन पर इनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर झारखंड ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव बिस्वजीत कर्माकर, अन्य पदाधिकारी तौहीद आलम ,आनंद शंकर, तथा वरुण कुमार उपस्थित रहे।

### वंदे मेट्रो का बदला नाम, अब नमो भारत रैपिड रेल होगा

**नई दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने सोमवार को नवनिर्मित वातानुकूलित वंदे मेट्रो ट्रेन का नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेल करने का निर्णय किया है।रेल मंत्रालय ने मेट्रो ट्रेन का नाम बदलने की सूचना जारी की। नमो भारत रैपिड रेल छोटी एवं मध्यम दूरी की यात्रा को न्यूनतम समय में पूरा करेगी जबकि अन्य मेट्रो केवल छोटी दूरी तय करती हैं। नमो भारत रैपिड रेल शहरों को शहरों से जोड़ेंगी।

### पिकअप ने 4 को रौंदा, मौत

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह सड़क के किनारे बैठे लोगों को एक पिकअप वैन ने कुचल दिया है। इस सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने पिकअप वाहन के चालक को हिरासत में ले लिया है। इस मामले पर क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया है कि सुबह करीब छह बजे थाना रजपुरा क्षेत्र में भोपतपुर ग्राम के कुछ लोग सड़क किनारे बैठे थे। इसी दौरान गवा की तरफ से आ रही एक पिकअप वैन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में लीलाधर (60), धारामल (40), ओमपाल (32) और पूरनसिंह (45) की मौके पर ही मौत हो गई।

### जोशीमठ आपदा : 27 सितंबर से आंदोलन की तैयारी

**जोशीमठ :** जोशीमठ भू-धसाव आपदा के 20 महीने बीतने के बाद आपदा पी?ितों का धैर्य अब जवाब दे गया है। मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के आह्वान पर आयोजित बैठकों में 27 सितंबर 2024 से प्रस्तावित आंदोलन की रूपरेखा पर गहन चर्चा की गई। सोमवार को आपदा पीड़ितों ने जुलूस के रूप में तहसील परिसर पहुंचकर एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि ज्योतिर्मठ के नागरिक जनवरी 2023 से भू-धसाव आपदा से पी?ित हैं। 20 महीनों से आपदा प्रभावितों ने जोशीमठ के ट्रीटमेंट सहित अन्य मांगों को लेकर सभी स्तरों पर अपील की, लेकिन कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद अब आपदा प्रभावितों ने आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

### 5 पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**दक्षिण सालमारा (असम) :** मानकाचर में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही और टेंपो चालक को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बांग्लादेशी नागरिकों को असम-मेघालय सीमावर्ती मानकाचर के मिरजुमला मार्ग पर तलाशी के दौरान गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार किए गए पांच बांग्लादेशी नागरिकों में दो पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों को बीती रात एक चेकपॉइंट पर तलाशी अभियान के दौरान उस समय पकड़ा गया जब वे टेंपों (एएस-17सी-3808) में सवार होकर मेघालय से मानकाचर आ रहे थे।

### डंपर ने भैंसों के झुंड को रौंदा, गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**भोपाल :** सीहोर जिले के इछावर में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार रेत से भरे डंपर ने भैंसों के झुंड को रौंद दिया। हादसे में तीन भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब सात भैंसें गंभीर रूप से जख्मी है। इधर हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

# पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर समेत 3 उग्रवादी गिरफ्तार



संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र

**लातेहार:** एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सबजोनल कमांडर राकेश जी उर्फ रामविजय लोहरा अपने साथियों के साथ हेरहंज थाना क्षेत्र में सक्रिय है। वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है। उक्त सूचना के आधार पर हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार के नेतृत्व में छापमारी टीम गठित कर रामविजय लोहरा (इचाक, बालुमाथ), रुपेश कुमार राम (हम्बू, हेरहंज) और धर्मेंद्र लोहरा (रेंची, चंदवा) को गिरफ्तार किया।डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने प्रेस वार्ता में बताया कि संवेदक के द्वारा पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर राकेश जी के विरुद्ध लेवी मांगने और जान से मारने कि धमकी देने से संबंधित आवेदन पर हेरहंज थाना कांड संख्या 34/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि ये थाना क्षेत्र में चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं में काम कर रहे संवेदकों से भी लेवी कि मांग कर रहे थे।गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का अपाची बाइक, पीएलएफआई संगठन का पर्चा समेत तीन मोबाइल बरामद किया गया।छापेमारी दल मेंपुअनि विक्रम कुमार,सअनि सुबोध कुमार सिंह, थाना रिजर्व गार्ड और आई आरबी सैट 147 के जवान शामिल थे।

# कोर्ट में सभी जजों को त्वरित ढंग से केस का निष्पादन करना चाहिए : चीफ जस्टिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में हाल के दिनों में एक आम व्यक्ति के रूप में जायजा लिया था।

इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए हाई कोर्ट में उपस्थित वकीलों को बताया कि रांची सिविल कोर्ट में दोपहर 4.30 बजे तक लगभग सभी कोर्ट रूम खाली जाते हैं। रांची सिविल कोर्ट में चार-पांच जज गण ही उन्हें दोपहर 4.30 के बाद भी काम करते दिखे थे।निरीक्षण के दौरान रांची सिविल कोर्ट के एक कोर्ट रूम में उन्होंने कोर्ट की कार्यवाही की प्रक्रिया भी बैठकर देखी थी। सिविल कोर्ट में उस दिन वे बिना बॉडीगार्ड एवं बिना सूचना दिए गए थे। ताकि रांची सिविल कोर्ट में कोर्ट की वास्तविक स्थिति देख सके। सिविल कोर्ट में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत कई अधिवक्ताओं ने भी उन्हें नहीं पहचाना था।

एक्टिंग चीफ जस्टिस ने मौखिक कहा कि हाई कोर्ट एवं सिविल कोर्ट में सभी जजों को अपने निर्धारित समय पर जरूर बैठना चाहिए और त्वरित ढंग से केस का निष्पादन करना चाहिए। जज एवं वकील का काम मुवक्किलो को जल्द से जल्द न्याय दिलाना है। हाई कोर्ट में उपस्थित महाधिवक्ता राजीव रंजन से भी उन्होंने मौखिक कहा कि हाई कोर्ट में कई महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता की जगह जूनियर अधिवक्ता केस की पैरवी के लिए आते हैं। अनुभव एवं उचित जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें कोर्ट की नाराजगी का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहें, यह सुनिश्चित करना बेहतर होगा।




# सीएम केजरीवाल आज देंगे इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राजनीतिक कार्रवाई समिति यानी पीएसी की बैठक के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मंगलवार को सीएम केजरीवाल उपराज्यपाल से मिलकर इस्तीफा देंगे। पीएसी की बैठक में सीएम केजरीवाल ने नेताओं से अलग-अलग बात की और उनका फीडबैक लिया। आप के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपना इस्तीफा देंगे। इसके बाद जब उनका इस्तीफ़ा मंजूर हो जाएगा तब हमारे विधायक दल की बैठक होगी और उसमें नेता चुना जाएगा।

इसके बाद विधायक दल का नेता उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को अपना क्लेम देंगे और इसके बाद वह शपथ लेंगे। इस प्रक्रिया में एक हफ्ते का समय लग सकता है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तमाम अड़चनें लगाए जाने के बाद भी जेल से सरकार चलाकर दिखा दी। अब उन्होंने जेल से बाहर आकर इस्तीफा दिया है।

मुख्यमंत्री को उन सभी फाइल्स पर साइन करने की इजाजत थी, जिन्हें उपराज्यपाल के पास भेजा जाता है। केजरीवाल के ऊपर फरवरी 2015 से ही तमाम बंदिशें लगाई गई, लेकिन इसके बावजूद वह जनता के लिए काम करते रहे।

अब तो भाजपा के लोग भी कह रहे हैं कि जहां भाजपा की सोच खत्म होती है, वहां से केजरीवाल की सोच शुरू होती है।



### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

एजेंसी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि पिछले 10 साल से कश्मीर के जो हालात हैं, उससे कश्मीर का दिल जख्मों से भर गया है। लेकिन अब उन जख्मों पर मरहम लगाने का वक्त आ गया है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 22 जिलों में हमारी टीम गई, लोगों से बात की और उसी के तहत हमारा मेनिफेस्टो तैयार किया गया। ये मेनिफेस्टो सिर्फ एक कागज का पुलिंदा नहीं है। ये हमारी गारंटी है। ये हक की बात है, जिसे हम पूरा कर के देंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड बनाने,घर की मुखिया को हर महीने 3000 रुपया देने, स्वयं सहायता समूहों के लिए 5 लाख तक का ब्याज मुक्त कर्ज देने,हर परिवार को 25 लाख तक का हेल्थ बीमा कराने, हर तहसील में एम्बुलेंस से लैस मोबाइल क्लीनिक खोलने, संविधान के तहत पिछड़े वर्ग को पूरा हक देने और लाख खाली नौकरियां देने का जिक्र है।



# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का भव्य व आकर्षक जुलूस आपसी भाईचारे के साथ निकाला गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** पैगंबर इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब यौमे विलादत के अवसर पर सोमवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का भव्य व आकर्षक जुलूस आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। प्रखंड के नगर ऊंटरी, चेचरिया, बरडीहा, कधवन, कोलझिकि, कोइन्दी, सोनबरसा हुलहुल्ला खुर्द सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के कमेटियों द्वारा रसूलल्लाह का घर गुंबदे खजरा और अल्लाह के घर खाने- ए-काबा का खूबसूरत नक्शा फूलों से कार पर सजाया गया था।इस वर्ष कमेटी के द्वारा ट्रक पर फूल माला से सजाकर काफी आकर्षक व भव्य तरीके से जुलूस निकाला गया नगर ऊंटरी में चेचरिया स्थित कर्बला के मैदान से जुलूस निकलकर मुख्य पथ से होते हुये जंगीपुर तक गया पुनः वहां से लौटकर बालिका उच्च विद्यालय के पास सलातो सलाम पढ़ने के बाद समाप्त किया गया। जुलूस में सरकार की आमद मरहबा, नारे तकबीर, नारे रिसालत सहित अन्य नारे लगाते हुये बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलम्बी जुलूस में शामिल हुये जुलूस में इस्लामी झंडे के साथ तिरंगे झंडे को भी लेकर लोग घूमते दिखे। नगर ऊंटरी चेचरिया स्थित जश्ने ईद मिलादुन जुलूस में पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, मानवेंद्र प्रताप देव, झामुमो नेत्री किरण देवी मुख्य रूप से शामिल थे पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने पूरे संसार को अमन शांति का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा सहित देश वासियों को तहे दिल से मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मुबारकबाद दिये। झामुमो वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब का संदेश है कि जिस मुल्क में रहो अपने मुल्क के सच्चा वफादारी करो यहां के नागरिक हैं और अपने वतन से सच्चा प्रेम करते हैं हमारे रगों में हिंदुस्तान का प्रेम बसा हुआ है। झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि पैगंबर साहब ने दुनिया को मोहब्बत, भाईचारा, अमन एवं शांति का पैगाम दिया है। इधर जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक अपने पुलिस पदाधिकारी के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आये।मौके पर मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना अब्दुल कादिर साहब, अंजुमन कमेटी सदर तौहिद खान, जश्ने ईद मिलादुन्नबी कमेटी के सदर सदाम आलम, सरपरस्त शोएब आलम, तुफैल खान, तनवीर खान, तस्लीम खान सीनियर, सरपरस्त शमीम खान, समाजसेवी महमूद आलम, तस्लीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसाई आमीन खान, झामुमो नेता लाल बाबू खान, सलातीन खान, गोलू, राजु अंसारी, शाहिद खान, समाजसेवी समसुल सिद्दीकी, फिरदौश आलम, नरही सदर नसीर अहमद, फुलटून खान, अयुब अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# महिला का शव कुआ से बरामद, जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के खाला गांव में एक महिला का शव कुआ में मिला। मृतका की पहचान खाला गांव के धनदेव राम उर्फ बबलू राम के 40 वर्षीय पत्नी राधिका देवी के रूप में किया गया। मृतका के पति ने धुरकी थाना में लिखित आवेदन दिया है कि मेरे पत्नी को फरका जैसे बीमारी बहुत पहले से था। कभी कभी घर से निकल कर इधर उधर निकल जाती थी। अपने से वापस घर चली आती थी शनिवार को करीब 9 बजे मेरे पत्नी राधिका देवी घर से बाहर निकली थी। काफी देर तक घर वापस नहीं आई। तो पूरे घर के परिजन उसे खोजने लगे खोजबीन के दौरान सोमवार के सुबह राधिका का शव घर से कुछ दूर स्थित कुआं में तैरते हुए देखा गया। वही शव को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि मौत के लेकर के जांच पड़ताल की जा रही है।

## पूर्व सांसद सह पूर्व गृहमंत्री की धर्म पत्नी के निधन पर किया दुःख व्यक्त



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश उर्फ बबलु ने छतीसगढ़ के दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्म पत्नी कमला देवी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। रवि प्रकाश ने पऊवारा स्थित उनके आवास पर पूर्व सांसद सह पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुये बाबा बंशीधर से प्रार्थना किया कि मृत आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों मे स्थान दें।

## बंद डोलोमाइट माइंस बना प्रेमी जोड़ों का अड्डा

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के बन्द होने से इन दिनों खदान तथा डंपिंग क्षेत्र में प्रेमी जोड़ों का अड्डा बन गया है। आयें दिन इन क्षेत्रों में प्रेमी जोड़ों को मिलते देखा जाता है। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा पकड़े जाते हैं फिर माफी मांग कर दुबारा गलती नहीं करनी की बात कह कर ग्रामीणों द्वारा छोड़ दिया जाता है। सोमवार को डंपिंग क्षेत्र में ग्रामीणों ने एक प्रेमी यूवक प्रिंस कुमार को नाबालिग युवती के साथ पकड़ा गया। राहगीर और आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए और यूवक की धुनाई कर दी। तत्पश्चात दुबारा गलती नहीं करने की चेतावनी दे कर छोड़ दिया। इस घटना की चर्चा आसपास के गांवों में तेजी से फ़ैल गया। ग्रामीणों के अनुसार ऐसे प्रेमी जोड़ों के कारनामे से गांवों का माहौल खराब हो रहा है। आयें दिन इस तरह के कारनामा होते रहता है।

# डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र दस वर्षो से जोह रहा हैं विकास की राह : त्रिपाठी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर :** पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने 10 सितंबर को सिंगरा की पावन धरती से अपना प्रतिज्ञा यात्रा प्रारंभ किया था। जो कि सिंगरा से चलकर सोमवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत होते हुए बोड़ी,मतोंली,करसो सहित अन्य पंचायतों का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान हर चौक चौराहे पर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री को फूल माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि दस सालों में क्षेत्र को यहां के जनप्रतिनिधियों ने अति पिछड़ा में लाकर छोड़ दिया हैं ऐसे जनप्रतिनिधियों को उखाड़ फेंकने की जरूरत हैं जिससे की क्षेत्र का समुचित विकास हो सकें साथ ही उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्र से जो भी जनप्रतिनिधि विधानसभा जीतकर गए हैं वह अपना क्षेत्र के लिए समर्पित हैं लेकिन डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र को समुचित विकास में यहां के जनप्रतिनिधि ने विकास में अवरूद्ध उत्पन करता रहा जिससे की ग्रामीण क्षेत्र वासियों को विकास जैसे सपना हो गया हैं जब चुनाव आती है तो जनप्रतिनिधि भोले भाले लोगों को लुक लुभावन देकर जाति पाती का भेदभाव में भ्रमित कर चुनाव जीतने का काम करते हैं। वहीं कहा कि अब समय आगया हैं जरूरत हैं ऐसे लोगों को जवाब देने की और पुनः एक बार ग्रामीण जनता ईमानदार व कर्मठ नेता को जीताकर विधानसभा भेजने का काम करें जिससे की क्षेत्र का भला हो सकें।

# हफीज और मौलाना ने हुजूर के आमद और जीवनी पर प्रकाश डाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छत्तरपुर में हुजूर स0 आ0 व0 के आमद पर जुलूस निकाला गया। जुलूस में हुजूर की आमद मरहबा पता-पता फूल-फूल..या रसूल या रसूल के नारे छतरपुर गुंजयमान हुआ। जुलूस में पटखाही, खाटीन, मुरुमदग, बचकोमा, मुनकेरी, अलीपुर, मड़वा, मंदेया, खेन्धरा, खजुरी, नौडीहा, कारीमाटी, रामगढ़, बसनाराज, कजरू से जुलूस लेकर छतरपुर पहुचे जुलूस जपला मोड़ होते हुए गोलक्ष्मी से वापस आकर अनुमंडल तक निकला गया। हाफिज व मौलाना ने हुजूर के आमद पर और उनके जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला हाजी मौलान जुनैद आलम मिसवाहि ने कहा कि हुजूर सभी लोगो के लिए रहमत बनकर आये हर इंसान को उन्होंने गले लगया और अल्लाह के बातये हुए रास्ते मे चलने का संदेश दिया। वही कारी असलम साहब ने कहा कि अल्लाह के संदेश को हुजूर सभी इंसान के पास रखते थे. हाफिज मुख्तार आलम, हाफिज मुनीर आलम, कारी गुलाम हैदर, मौलाना तबारक हुसैन, मौलाना नुरुल्लाह, खाटिन जामा मस्जिद के इमाम मौलाना आफताब आलम सरताज अहमद खा, सलाउद्दीन साहब मौजूद थे। इस जुलूस का नेतृव, आसिफ इकबाल, नौखेज खा, कैश अख्तर, शादाब हुसैन, गुड्डू अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी, खालिद राजा, समेत सभी कमिटी के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

## लगातार बारिश से सभी नदी नाले उफान पर



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार हो रही बारिश क्षेत्र में कहर बरपा रहा है.सभी नदी नाले उफान पर हैं। क्षेत्र के सभी तालाब व आहार पोखर लबालब भर चुके हैं। नदियों का पानी किनारे बसे गांवों में घुस रहा है। कोयल नदी का पानी नवगढ़, भादुमा, लुंबा, सतबहिनी, कादल, जोगा, करकट्टा सहित कई गांवों मे घुस गया है। जिससे सैकड़ों एकड़ में लगा धान का फसल पानी में डुबकर नष्ट हो गया। लगातार हो रही बारिश ने भदाई फसल को तो पूरी तरह बरबाद ही कर दिया.सोमवार को भाजपा नेता पुष्परंजन मेहता ने किसानों के साथ कोयल नदी किनारे स्थित खेतों में नष्ट हुए धान के फसलों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार से नष्ट हुए फसलों का मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे.इधर नगरीय और स्थानीय प्रशासन ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से लोगों को नदी नाले से दूर रहने का संदेश जारी कर रहा है।

## हरही नदी उफान पर, हैदरनगर जपला मुख्य मार्ग घण्टों बाधित



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 24 घण्टों से भारी बारिश से पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में जलमग्न की स्थिति बन गयी हैं, शहर में सैकड़ो घर व दुकानों में पानी घुसने से लाखों रुपये की नुकसान हुई हैं,वही ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आहर व तालाब की जलस्तर बढ़ने से गांव व घर मे पानी घुस गई लोग अस्त व्यस्त नजर आए, हुसैनाबाद मुख्य बाजार, अनुमण्डल कार्यालय, सिद्ध नाथ नगर, अमन चैन मुहल्ला, स्टेशन रोड, कृष्णा नगर, रविदास नगर, लम्बी गली माली मुहल्ला समेत शहर के कई गली मुहल्लों में लगभग 1से 2 फिट पानी का जमाव हो गया हैं।शहर के स्टेशन रोड निवासी मनोज शर्मा ने बताया कि मेरे घर मे दो से तीन फीट पानी घुस गई हैं वही नगर की व्यवस्था विफल है, शहर में पानी निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण यह स्थिति प्रायः बनी रहती हैं। **हरही में आई बाढ़ ने 20 के रिकॉर्ड को तोड़ा :** भारी बारिश के कारण उपरवारी क्षेत्र की ओर निकलने वाली व शहर के बीचों बीच से गुजरने वाली हरही नदी के एका एक जल स्तर उफान पकड़ लिया जिससे, जपला छतरपुर मुख्य मार्ग पर 2 फिट ऊपर से पानी जा रही थी,वहीं शहर के बीचों बीच जपला से हैदरनगर मुख्य मार्ग में हरही नदी की पानी पुल के ऊपर से गुजरने लगी जिससे हैदरनगर जपला मुख्य मार्ग घण्टों जाम रही,दूर दराज के यात्रियों को रोक दिया गया,परंतु कुछ लोग जान जोखिम में डाल कर पूल को पर कर रहे थे लेकिन बड़ी वाहनों को प्रशासन ने पूरी तरह से रोक दिया जिससे घण्टों सड़क जाम हो गयी,फिर पानी कम होने के बाद वाहन व्यवस्था को चालू किया गया,वहीं जपला शहर के मुख्य दशकर्म घाट पर कर्मकाण्ड कराने गए दर्जा लोग पानी मे फंसे रहे जिसके किसी तरह उनलोगों किसी तरह दूसरे रास्ते से निकाला गया। **प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में हाई अलर्ट घोषित किया :** सोन व नदी के तटीय क्षेत्रों में एसडीम ने सीओ को माइकिंग कराने का निर्देश दिया हैं साथ सूचना के माध्यम से सभी मुखिया व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को भी लोगो को सचेत करने का निर्देश दिया है।

# डायरिया से दो बच्चों की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के भोजपुर गांव के भुइया टोला में डायरिया का प्रकोप से दो बच्चो की मौत हो गई वही दो दर्जन लोग संक्रमित है। डायरिया से संक्रमित लोगो का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। डायरिया से जिन दो बच्चो की मौत हुआ उनमें अरविंद तिवारी के दो वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी और संतोष यादव का दस माह का पुत्री राधा कुमारी का नाम शामिल है। डायरिया से जिन लोगो का इलाज अनुमंडल अस्पताल में चला है उनमें धर्मेंद्र यादव का 13 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी, बिकास कुमार की पत्नी धनवंती देवी, 62 वर्षीय शंभू भुइया, शंभू भुइया की पत्नी सुसी देवी, कुलदीप भुइया के चार वर्षीय पुत्र अभय कुमार, रबिंद्र राम की पत्नी मुनि देवी, सदन भुइया के 28 वर्षीय पुत्र उमेश भुइया, मुरारी भुइया के पुत्र सुरेंद्र भुइया, उमेश भुइया का दस वर्षीय पुत्र मिथुन कुमार, जमुना भुइया का पुत्र प्रदीप भुइया, मनोहर भुइया की पत्नी देवती देवी, बिनोद भुइया का 5 वर्षीय पुत्री चंदा कुमारी, उमेश भुइया का तीन वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी का नाम शामिल है। **स्वास्थ विभाग पहुंचा भोजपुर ग्राम :** डायरिया फैलने की जानकारी के बाद अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने भोजपुर गांव में स्वास्थ शिविर लगाया । स्वास्थ शिविर में उपस्थित चिकित्सक ने घर घर भ्रमण कर लोगो का स्वास्थ जांच किया। स्वास्थ शिविर में तीन दर्जन संभावित डायरिया मरीजों को चिकिसीय जांच कर दवा उपलब्ध कराया गया। **क्या कहना है अस्पताल के उपाधीक्षक का :** अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने कहा की जानकारी के बाद स्वास्थ शिविर लगा कर मरीजों का जांच किया गया है। उन्होंने लोगो से अपने अपने घरों के आस पास सफाई रखने और बासी भोजन का प्रयोग नहीं करने का अपील किया है।

# विश्रामपुर में निकला ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर मे सोमवार को ईद मिलाद उन नबी का भव्य जुलूस निकाला गया.भारी बरसात के बाद भी जुलूस में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इसके अलावा मुस्लिम बाहुल्य गांवों में इस अवसर पर कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमे वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। आयोजन कमिटी ने कार्यक्रम में श्री सिंह का जोरदार स्वागत किया। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, पार्षद सलीमुदिन अंसारी, उस्मान अंसारी, नासिर अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रवीन सिंह, राहुल दुबे, शमसेर आलम, अनीस अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बेसहारा के लिए सहारा बनकर आया सुधा हेल्थ केयर अस्पताल : रानी सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पतरिया खुर्द पंचायत के कटुअल हाई स्कूल में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 400 से ज्यादा लोगों का निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं आवश्यक दवाइयां भी दी गई। उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सुधा हेल्थ केयर व जन कल्याण ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया रानी सिंह, डॉ रोहित पांडे, डॉ राजेश मालवा, डॉ पूर्णिमा, डॉ सर्वेश दुबे,डॉ स्नेहाश्रुति, डॉ ओपी मिश्रा, डॉ रजत, रामदेव यादव, रामलव चौरसिया, चंद्रशेखर सिंह, समाजसेवी विवेक सिंह, अजीत दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर डॉक्टर रोहित पांडे ने शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य का जांच किया। जांच के दौरान उन्होंने लोगों को कई उचित सलाह भी दिया। इसके साथ-साथ आवश्यक दवाएं भी दी। लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कहा कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का भी इलाज नहीं होने पर बीमारी गंभीर हो जाती है।पैसे के अभाव में लोग समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते हैं। जिसके कारण आगे चलकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं आर्थिक रूप से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए लोगों को पहले ही इलाज करा लेना चाहिए।

## हिंदी भारतीय संस्कृति, एकता व अस्मिता का प्रतीक है : निदेशक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट जमा दो स्कूल में हिन्दी दिवस के मौके पर कक्षा 6 से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मदन केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है। यहां कई धर्म एवं जाति के लोग रहते हैं। अलग-अलग भाषाएं, बोलियां बोलने वाले लोग होते हुए भी हिंदी जन-जन की भाषा है जो सभी लोगों को एकता के सूत्र में बांधे हुए है। देश की एकता को मजबूत बनाने में हिंदी का बहुत बड़ा योगदान है। अपने भावों की अभिव्यक्ति का सबसे सरल जरिया हमारी भाषा हिंदी ही है। हिंदी की अहमियत का अंदाजा इस तरह चलता है कि आज हिंदी दुनिया में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बन गई है। हिंदी को रोजगार की भाषा बनाने के लिए पहल करना आवश्यक है। आज रोजगार की दुनिया में अंग्रेजी का ही वर्चस्व है। इस मौके पर भाषण, निबंध, क्विज,आर्ट कलरिंग तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चयनित छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। आर्ट गैलरी कला में प्रथम मोहित कुमार, द्वितीय सृष्टि कुमारी एवं आर्या चौबे तथा तृतीय स्थान पर खुशबू कुमारी, अजीत कुमार तथा शिवांगी कुमारी ने स्थान प्राप्त किया जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रतीक तिवारी द्वितीय भास्कर तिवारी तथा तृतीय स्थान पर मोहित कुमार और आर्य चौबे रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया कुमारी, द्वितीय मोहित कुमार तथा तृतीय स्थान पर ओम केसरी अपना स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम शिवांगी पाल तथा द्वितीय रितिक शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष प्रसाद, वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहीन, सुनीता कुमारी, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी कुमारी, अभिषेक पांडे आदि ने अपनी महती भूमिका अदा की। सभी के कार्य सराहनीय रहा। संचालन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद जबकि धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण कुमार ने किया।

# ठाकुर अनुकूलचन्द का 137 वां आविर्भाव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में रविवार को श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 137वां आविर्भाव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर सत्संग उपासना केंद्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्ममुहूर्त में वेद माँगलीकी के साथ किया गया। कीर्तन मण्डली द्वारा प्रातः कालीन प्रार्थना, प्रभात कीर्तन, नाम जप, ध्यान किया गया। इसके बाद सत्यानु शरण ग्रंथ पाठ, नारी नीति ग्रंथ, श्रीमद्भागवत गीता ग्रंथ, श्री रामचरित मानस ग्रंथ, शाश्वती ग्रंथ आदि का पाठ किया गया। सत्संगी वृन्द द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सत्संगियों ने भय प्रकट कृपाला-दीन दयाला के साथ जय उदघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। उपस्थित माताओं द्वारा सोहर व भजन प्रस्तुत किया गया.इसके बाद बच्चों के लिये प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।घड़ा फोड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में नंदनी कुमारी तथा बालक वर्ग में आदित्य कुमार, जलेबी रेस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में संजना कुमारी को प्रथम, अनुष्का कुमारी को द्वितीय तथा नैंसी कुमारी को तृतीय, बालक वर्ग मेंउत्कर्ष सिन्हा को प्रथम, विराट कुमार को द्वितीय तथा पीयूष कुमार को तृतीय, कुर्सी रेस प्रतियोगिता में नैंसी कुमारी को प्रथम, संजना कुमारी को द्वितीय तथा अनुष्का कुमारी को तृतीय, सुई धागा रेस प्रतियोगिता में उषा देवी को प्रथम, सीमा देवी को द्वितीय तथा चिंता देवी को तृतीय, द्वितीय ग्रुप में प्रियंका कुमारी को प्रथम, दीपमाला अम्बष्ट को द्वितीय तथा पूजा देवी को तृतीय, तृतीय ग्रुप में संजना कुमारी को प्रथम, सुमित्रा कुमारी को द्वितीय और नंदनी कुमारी को तृतीय विजेता के रूप में घोषित किया गया।

## मुसलाधर वर्षा के कारण सोब्या कुंवर की मकान हुआ धवस्त



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत मुनकेरी पंचायत के टेंपा निवासी सोब्या कुंवर की मकान मूसलाधार वर्षा होने के शनिवार की रात मे पुरी तरह धवस्त हो गया। मकान गिरने के आज सोब्या कुँवर ने पड़ोसी के मकान मे किराया पर लेकर रहने के लिए विवश है। उनके नाबालिग एक पुत्र और एक पुत्री है। उनकी पति की देहांत विगत दो वर्ष पूर्व हो गया है और आज विवश महिला ने अपने बाल बच्चे के साथ उसी कच्चा की मकान मे रहती थी लेकिन अब तो मकान भी गिर गई तो आज वह बेघर हो गई। आगे बताते चलें कि उस पंचायत की मुखिया व जन प्रतिनिधि ने सुधी लेना भी उचित नही समझा। आखिर विधवा महिला ने आवास के लिए मुखिया के गई बार गुहार लगाई लेकिन मुखिया जी के कान पर जु तक नहीं रेंगा। विवश विधवा महिला ने कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी से लिखित आवेदन देकर आवास के लिए गुहार लगाया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिवसीय बाउरी फिरकी, दिवाली एक्सीबिशन का किया गया शुभारम्भ



रांची। स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल, डंगराटोली रॉंची में आयोजित दो दिवसीय बाउरी फिरकी, दिवाली एक्सीबिशन की शुरुआत हुई, जिसका मुख्य अतिथि के तौर पर झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह झारखण्ड कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि आदित्य विक्रम जयसवाल ने फ़ीता काटकर उद्घाटन किया एवं एक्जीबिशन की शुरुआत की। मौक़े पर एक्जीबिशन में अतिथि के तौर पर मनीषा सिंह मौजूद थीं।आदित्य विक्रम जयसवाल की पत्नी युवरानी विजयश्री शाहदेव , विनीत जयसवाल, श्वेता अड्डकिया, श्वेता टिकमानी,रेखा अग्रवाल , शिल्पा झावर , स्वाति बाज़ोरिया शामिल थे।

### इंडियन बैंक द्वारा किया गया बैंक मित्र शाखा का उद्घाटन

रांची : इंडियन बैंक, ब्राम्बे शाखा के अंतर्गत ठाकुरगांव में एक बैंक मित्र शाखा का उद्ववघाटन किया गया है। इसका उद्ववघाटन संजय कुमार सिंह,मुख्य प्रबंधक के कर कमलों से किया गया। इस समारोह में पंकज कुमार, शाखा प्रबंधक, बैंक प्रतिनिधि चंद्रहन्स भारती एवं रमेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक शामिल रहे। बैंक मित्र जकिर हुसैन द्वारा बैंक मित्र पॉइंट के कार्यों निष्पादन किया जाएगा। इस नए बैंक मित्र पॉइंट की शुरुआत से ठाकुरगांव के आम जनता को बैंकिंग कार्यों को करने हेतु अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी। इंडियन बैंक इसी तरह कई बैंक मित्र पॉइंट की शुरुआत कर वित्तीय समावेशन में काफी योगदान दे रहा है।

# रसूल की आमद मरहब्बा कहते हुए निकाले जश्ने ईद मिलादुन्नबी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लगातार हो रहे मुसला धार बारिश में भी नबी सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम के दीवाने नहीं रुके और तय समय में पैगम्बरे इसलाम हज़रत मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम के योमे पैदाइश के दिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली क्षेत्र से धूमधाम के साथ बारिश में भींगते हुए कुरैशी मुहल्ला से निकाला गया, जुलूस से पहले सलाम पढ़ा गया, वहीं पुरानी परंपरानुसार मदरसा फैजुल अनवार के बच्चों को मुहल्ला के आस पास घुमाया गया। इसके बाद सभी बड़े लोग भी जुलूस में शामिल हो गये और कांटा टोली चौक पहुंचे यहां पर कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकती ने करीब आधा घंटा तकरीर की, इस मौके पर लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद , खादगढ़ा टीओपी प्रभारी संजीव पुलिस बल के साथ मौजूद थे। जुलूस ए मोहम्मदी पत्थलकुदवा, गुदरी चौक,कर्बला चौक 11.50 बजे पहुंची, यहां कुछ मिनट रुकने के बाद जुलूस ए मोहम्मदी आगे बढ़ी, तभी सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी ने एलान करते हुए कहा कि कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला से आये जुलूस ए मोहम्मदी को आगे जाने दिया जाए , हमलोग यहीं पर कुछ देर रुकेंगे। इस तरह कांटा टोली जमीयतुल कुरैश का जुलूस ए मोहम्मदी 12.10 में चर्च रोड , महावीर मंदिर के नजदीक बनाये जा रहे पूजा पंडाल के पास पहुंची , जहां पर रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार , लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक , नगर डीएसपी के वी रमन , पुलिस बल के साथ मौजूद थे और जुलूस ए मोहम्मदी के साथ साथ काली मंदिर, महात्मा गांधी चौक से बाईं ओर मोड़ते हुए उर्दू लाइब्रेरी , इकरा मस्जिद के सामने बने मंच तक पहुंची यहां पठान तंजीम ने जोरदार स्वागत किया, ओवरब्रीज के पास निवारण पुर द्वारा शिविर लगाकर स्वागत किया गया और 1.20 में हज़रत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा डोरंडा उर्स मैदान पहुंचे,यहां कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती ने संबोधित किया और पैगम्बरे इसलाम हज़रत मोहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहि वसल्लम के जीवनी पर प्रकाश डाला। आगे उन्होंने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जमीयतुल कुरैश पंचायत के द्वारा इनके पूर्वजों ने ही इसकी शुरुआत की थी, हालांकि जामा मस्जिद लगभग 1908 से पहले की है तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कितना पुरानी परंपरा है जो आज उनके वंशज इसे लेकर चल रहे हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद बरकाती ने दुआ पढ़ी और जुलूस की समाप्ति की घोषणा हुई।सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी गुदरी मस्जिद ए रज़ा, गौस नगर गढ़ा टोली सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस ए मोहम्मदी निकाली गई । सभी जगहों पर शिविर लगाकर जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत किया गया। खिचड़ा, खीर, फीरनी, जूश, बिस्कीट,पानी वितरण किया गया और गुदरी में फूलों की बारिश किया गया।

**ये लोग हुए शामिलः** एसडीएम उत्कर्ष कुमार , लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक , नगर डीएसपी के वी रमन ,कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मौलाना मंजूर हसन बरकाती, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डुन, हाफीज़ शाहिद रज़ा, वरीष्ठ सदस्य नौशाद कुरैशी,अवेश कुरैशी मुन्ना, आदिल कुरैशी, अफताब कुरैशी, तजमुल राजू कुरैशी,सोनू, सद्दाम मिट्ठू, तंजीम, बारिक कुरैशी, बब्लू कुरैशी, युनूस, नसीरुद्दीन कुरैशी, सामु, जुल्फी ,सिकंदर, बशीर, सब्बीर, नइमुद्दीन ,अजहरुद्दीन, कमरान, दानिश, उरुब सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

**निर्धारित समय पर नहीं निकला जुलूस :** सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी और रांची जिला उपायुक्त की मौजूदगी में जुलूस ए मोहम्मदी निकाले जाने का समय 11 बजे से 11.30 बजे तक कर्बला चौक से निकलने का तय किया गया था, लेकिन मुसला धार बारिश होने के कारण जुलूस ए मोहम्मदी में लोग बहुत देर से शामिल हुए। वहीं पीछले बार की तरह इस बार भीड़ नहीं हुई। इस तेज बारिश में दिये गये निर्धारित समय में सबसे पहले जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला का जुलूस ए मोहम्मदी सड़क पर निकला। वहीं तेज बारिश के कारण बहुत सारे लोग , पंचायत, संगठनें,तंजीम मस्जिदों में ही तकरीर का भव्य आयोजन किया। गिने चुने लोग द्वारा अपने क्षेत्र में पहली बार जुलूस निकाले जिस कारण से कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हुई , जबकि शांति समिति की बैठक में प्रशासन ने कहा था कि रोड जाम नहीं होने देना है। वहीं सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी अध्यक्ष डॉ मौलाना ताजुद्दीन ने किसी बात को लेकर कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती से नाराज हो गये और उन्हें इकरा मस्जिद के सामने बने एक मंच से उतारे दिये, इस दुर्व्यवहार से वहां पर खड़े लोगों ने डॉ मौलाना ताजुद्दीन के प्रति गुस्सा भी जाहीर किया और कहा अब इस पर्व में भी इस तरह आपस में करेंगे तो ठीक बात नहीं है। हालांकि इस मामले पर एदारे शरिया के नाजिमे आला हजरत मौलना कुतुबबुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुर्रहमान से जानने के लिए संपर्क किया गया लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी।

**एक्सप्रेस फोटो ग्रुप के तरफ से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस का स्वागत किया गया :** ईद मिलाद अन नबी के जुलूस मैं रोड में निकल गया है इस मौके पर एक्सप्रेस फोटो ग्रुप के तरफ से इकरा मस्जिद के पास स्वागत सिविल लगाया गया जिसमें जुलूस में शामिल लोगों को फल ड्राई फ्रूट जुलूस से मोहम्मदी में शामिल लोगों को श्रेष्ठ फोटो ग्रुप के मोहम्मद आलम खान मोहम्मद परवेज मोहम्मद कसर मोहम्मद दानिश मोहम्मद सरफराज हाजी कलीमुल्लाह मोहम्मद शमशाद मोहम्मद कलाम मोहम्मद फिरोज मोहम्मद तारिक मौजूद रहे।

## ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जश्न मीलाद का आयोजन

रांची : जश्ने ईद मिलादुन्नबी पूरे शान व शौकत के साथ मनाया गया। ईद मिलादुन्नबी पर कई जगह जश्न मीलाद का योजन किया गया। जगह जगह लंगर बांटे गए। जश्न मीलाद पर एदारे शरिया झारखण्ड व सुन्नी बरेलवी सेण्ट्रल कमिटी के सरपरस्त मो सईद के आवास मधुबन मार्केट मेन रोड में जश्ने मिलाद की धूम रही। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे अकीद्त व एहतराम के साथ पैगम्बर मोहम्मद(स) की आमद का जशन मनाया गया। इस मौके पर मदरसा इस्लामी के छात्रों द्वारा कुरान पाक की तिलावत की गई। जलसे का आयोजन मो सईद के बेटे मो महजूद खलीफा, मो मकसूद, मो तौहीद ने किया। जश्न मीलाद में मुख्य रूप से अयूब रिजवी, मुफ्ती जमील, मुफ्ती ऐजाज हसन मिस्बाही, मौलाना नूर मोहमद, मौलना नेजाम, हाफिज मोजीबुर्रहमान, सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी के सदर डॉ मौलाना ताजुद्दीन रिजवी, महा सचिव अकीलुर्रहमान, मौलाना जसमुद्दीन, मौलाना अब्दुल्लाह रिजवी, मुफ्ती आकिब, मौलाना शमशाद, मौलाना कलीम रिजवी, हाफिज शमसाद, हाफिज रेहान, मौलाना शेर मोहमद, मौलाना रिजवान, एकराम पपु, हाजी इस्लाम अशरफी, मो महजूद खलीफा, मो मकसूद, अफताब आलम, मंसूर चिश्ती, मेराज अशरफी, मो इकबाल अशरफी, मो नौशाद, मो सरफराज, साजिद उमर, मंजूर आलम, मो परवेज,मो गुलजार, मो जाकिर, मो जहाँगीर, सहित बड़ी तादात आशिकाने रसूल इस बा बरकत महफिल में शामिल हुए।

## नबी की आमद के दिन को पूरा देश ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाता हैं : कुतुबुद्दीन रिजवी



रांची : ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर रांची के मुस्लिम समुदाय द्वारा निकाले गए भव्य जुलूस का डोरंडा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने स्वागत किया। डोरंडा रिसालदार बाबा मजार शरीफ में आयोजित जलसे के समापन समारोह में भी कांग्रेस नेता शामिल हुए। जुलूस का नेतृत्व कर रहे सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी के सरपरस्त मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, अध्यक्ष डॉ मौलाना ताजुद्दीन, महासचिव अकील उर रहमान,ऐदारे शरिया के सदर नाजिमे माला, सुन्नी वरेलवी केंद्रीय कमेटी के मौलाना शेर मोहम्मद, आफताब आलम,हाजी सउद,महबूब रिजवी सहित अन्य ओहदेदारों को पगड़ी एवं माला भेंटकर स्वागत किया। समापन के अंत में सलाम पेश किया गया एवं जलसे में शामिल सभी लोगों ने राज्य की खुशहाली,अमन, तरक्की, सद्भावना, भाईचारगी के लिए दुआएं की। इस मौके पर जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा मोहम्मद साहब पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आज ही के दिन दुनिया में तशरीफ लाए थे, उनकी आमद के दिन को पूरा देश ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं।

## झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा ने ईद मिलादुन्नबी जुलुस मे आए अकीदतमंद का किया स्वागत

रांची : पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर राजधानी रांची में जोश व खरोश के साथ जुलूस निकाले गए. रांची के विभिन्न क्षेत्रों से होकर यह जुलूस मेन रोड पहुंचा. ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर राजधानी में भाई-चारे का माहौल देखने को मिला इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष फरीद खान के नेतृत्व में जुलूस में शामिल लोगों को पगड़ी, साफा, फूल, मिठाई के साथ स्वागत किया गया. इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी,झामुमो जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे. फरीद खान ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया और कहा कि हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षा और उनके बताए रास्ते का अनुसरण करते हुए सौहार्दपूर्ण वातारण में जीवन व्यतीत करने की कोशिश करनी चाहिए मंच पर मुख्य रूप से रांची जिला अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष परवेज़ गुड्डू ,आफताब आलम ,अमन खान मोहम्मद शकील, हुसैन,मुजाहिद, फिरोज, जावेद, गुड्डू, मोहम्मद शमी, सज्जाद इदरीसी, सोनू, प्रिंस , परवेज़ भाई, हसनैन, अबु कामरान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

# दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा



**प्रभातत मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डोरंडा के रविदास मोहल्ले के इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक रवि की ओड़िशा के भुवनेश्वर में मौत हो गई। पीड़ीत परिवार से रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने डोरंडा रविदास मुहल्ला स्थित निवास पर जाकर मुलाकात किए। मृतक अभिषेक रवि के पिता अनुपचंद राम ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अभिषेक की मौत आइटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में सीढ़ी से गिरने हुई है। लेकिन मेरे बेटे की रैगिंग कर उसकी हत्या की गई है और कालेज प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन मिलिभगत से हत्या को दूर्घटना में बदलने की कोशिश में लगी हुई है।सारी बातों को सुनने के बाद रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने तत्काल भुनेश्वर में संपर्क कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही जरूरत पड़ने पर पीड़ीत परिवार के साथ भुनेश्वर (उड़ीसा) तक जाने की बात कही। पीड़ति परिवार से मिलने पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, रविदास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार रवि, उपाध्यक्ष दशरथ राम, उपाध्यक्ष संतोष रवि , महासचिव दीपक राम , महासचिव प्रदीप रवि चौधरी, गजेन्द्र राम, सन्नी शरद , राजेश राम, नागेश्वर राम सहित रविदास महासभा के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण सम्मिलित हुए।

# युवा दस्ता रांची का वार्षिक चुनाव हुआ सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** युवा दस्ता रांची का वार्षिक चुनाव 2024-25 श्री दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सम्पन्न हुआ । बैठक में मुख्यरूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, समाजसेवी शंकर दुबे, सुनील गुप्ता उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू ने की । बैठक का संचालन मदन साहू ने किया एवं धन्यवाद पीयूष आनंद ज्ञापन के द्वारा किया गया । बैठक में युवा दस्ता 2024 -25 के नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया । युवा दस्ता 2024 के नई कार्यकारिणी इस प्रकार है :-मुख्य संग्रक्षक - राजीव रंजन मिश्रा,संग्रक्षक - शंकर दुबे , सुनील गुप्ता , उपेन्द्र रजक , उपेन्द्र रजक , दीपू गाड़ी , गोपाल पारीक ,राहुल सिंह चंकी, मचख्य सलाहकार :- किशोर साहू , प्रणय कुमार , लंकेश सिंह , रमेश सिंह, शहरी क्षेत्र:- अध्यक्ष- राजेश गुप्ता छोटू महामंत्री - पीयूष आनंद,उपाध्यक्ष -राकेश सिंह , साहिल कुमार , मंटू दुबे , राजेश राम , नवनीत पांडेय मंत्री - सुमित साहू , मनीष साहू,मीडिया प्रभारी - सोनू भारद्वाज युवा दस्ता के सभी क्षेत्रीय प्रभारी :हिनू - अमित मिश्रा,डोरंडा - सुबोध शर्मा, पुनदाग - अमरदीप साहू,कोकर - सागर पासवान,कांके - करण नायक,चुटिया - अमित केसरी,अपर बाजार - राजीव सिंह,रातू रोड - सागर कुमार,हिंदपीढ़ी - मो नफीस (रॉकी) बैठक में निर्णय लिया गया कि अगामी दिनों में मदन साहू , ज्योति शंकर साहू एवं मनीष केसरी के नेतृत्व में युवा दस्ता ग्रामीण क्षेत्र के कमिटी का चुनाव कराया जाएगा तत्पश्चात ग्रामीण कमिटी के पधादिकरियो की घोषणा की जाएगी ।बैठक में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने नवनियुक्त सभी पाधिकारियो को बधाई दी । श्री मिश्रा ने बैठक में कहा कि पुराने विधानसभा मैदान में बन रहे श्री राम लल्ला के मंदिर पूजा पंडाल के कार्य मे राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन बाधा ना डालें अगर कोई समस्या है तो समिति के पधादिकरियो के साथ बैठ कर समस्या का समाधान करे ।बैठक में युवा दस्ता के पुराने साथी स्व वेद प्रकाश सिंह एवं स्व प्रेम कुमार की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया ।

# जेसीआई ने भूमि पूजन के साथ एक्सपो उत्सव की रखी नींव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड का सबसे बड़ा उपभोक्ता फेयर, एक्सपो उत्सव 2024, का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया गया। भूमि पूजन का आयोजन चीफ कोऑर्डिनेटर श्याम अनुराग एवं उनकी पत्नी द्वारा किया गया। यह बहुप्रतीक्षित एक्सपो उत्सव 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मोराबादी मैदान में आयोजित होगा। इस बार एक्सपो का 27वां संस्करण है, जिसे लेकर रांचीवासियों में विशेष उत्साह है। खास बात यह है कि इस बार पहली बार यह 7 दिनों तक चलेगा। टीम पूरी ऊर्जा के साथ तैयारियों में जुटी हुई है, और इस वर्ष 350 से अधिक स्टॉल धारक देश-विदेश से इस उपभोक्ता फेयर में भाग लेंगे। भूमि पूजन के दौरान अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने बताया कि इस साल हम फनगोला के रूप में बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क और शनिवार की रात भी विशेष रूप से खास होगी, जहां मिडनाइट बाजार इस दिन एक्सपो परिसर मध्य रात्रि तक खुला रहेगा और ग्राहक शॉपिंग का ज्यादा आनंद ले सकेंगे । मीडिया प्रभारी जेसी प्रतीक जैन ने बताया की इस वर्ष एक्सपो में होम डेकोर, रियल एस्टेट, ऑटो ज़ोन, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लेडीज कॉर्नर, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप बाजार और फूड कोर्ट जैसे कई अन्य आकर्षक सेक्शन भी होंगे। एक्सपो चीफ कोऑर्डिनेटर श्याम अनुराग ने बताया कि इस साल एक्सपो के सभी सातों दिन कुछ नया और खास रहेगा। जैसे कि फैशन शो, तंबोला, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, वाइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, पेंटिंग कॉम्पटीशन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, और एक्सपो ट्रेजर हंट अन्य रोमांचक इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा।भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जेसी नवीन गरोड़िया एवं चिराग गोयल थे। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष और सभी सदस्य भी उपस्थित थे।

## रांची एसएसपी ने छह पुलिस अधिकारियों का किया तबादला




**रांची :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने छह पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। रामकुमार वर्मा को बुंडू थाना प्रभारी बनाया गया है। विमल किंडो को धुर्वा थाना प्रभारी बनाया गया है। आलोक सिंह को अरगोड़ा थाना प्रभारी बनाया गया है। अनिल कुमार तिवारी को ओरमांझी थाना प्रभारी बनाया गया है। आनंद कुमार मिश्रा को पुलिस केंद्र भेजा गया है।

# राज्य की बदली है डेमोग्राफी, बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठ से : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भाजपा की आगामी 20 सितंबर से प्रारंभ होने वाली परिवर्तन यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। मरांडी ने बताया कि आगामी 20 अक्टूबर से 3 अक्टूबर भाजपा अपने सभी 6 सांगठनिक प्रमंडलों में परिवर्तन यात्रा निकलेगी। कहा कि यह यात्रा पूरे प्रदेश में 200से अधिक प्रखंडों से गुजरते हुए 5400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा सभी 81विधानसभा क्षेत्र से गुजरेगी। यात्रा में 80स्वागत




कार्यक्रम, 65सार्वजनिक रैली होगी जिसमे राष्ट्रीय और प्रदेश के 50से अधिक प्रमुख नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा 21सितंबर को बंशीधर नगर से प्रारंभ होगी और 28 सितंबर को संपन्न होगी।हजारीबाग प्रमंडल की यात्रा 21सितंबर से इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर से प्रारंभ होगी और 28सितंबर को संपन्न होगी।दक्षिण छोटानगपुर प्रमंडल की यात्रा खूंटी स्थित आम्रेश्वर धाम से 23अक्टूबर से प्रारंभ होगी और 1अक्टूबर को संपन्न होगी।उन्होंने कहा परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जनता हेमंत सोरेन जवाब दो, 5 साल का हिसाब दो के नारों के साथ जवाब मांगेगी।प्रेसवार्ता में यात्रा से सहसंयोजक, प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा एवम प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित रहे।

# गोंदलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करें सरकार : सीपीआई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। बैठक सोमवार को रांची स्थित सीपीआई कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में अडानी इंटरप्राइजेज को गोंदलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करने, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा 23 लाख हेक्टेयर जमीन को लैंड बैंक में अधिकृत करने के आदेश को रद्द करने, गैर मजरूआ जमीन की रसीद काटने और जमीन के अधिग्रहण करने पर रैयत की तरह मान्यता देकर मुआवजा एवं अन्य सुविधा देने पर विचार विमर्श हुआ। भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा 23 लाख हेक्टेयर जमीन लैंड बैंक में जमा कराया गया है, जिसमें आधे से अधिक जमीन पर गरीब दलित आदिवासियों का कब्जा है। इस पर घर बना हुआ है, और यही जीविका का साधन है, लेकिन अभी तक मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोई पहल नहीं की है। हजारीबाग जिले के गोंदलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन अडानी एंटरप्राइजेज को दिया गया है। इसे रद्द करने के सवाल पर 12 अप्रैल 2023 से पांच गांव के किसान धरना पर बैठे हैं। लगभग 17 महीना हो चुका है अभी तक राज्य सरकार ने ध्यान नहीं दिया। उल्टे किसानों को झूठे मुकदमे में फसाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी अडानी को सहयोग कर रहा है। इसी प्रकार चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के इचाक खुर्द में 22 अप्रैल 2023 से किस गैर मजरूवा जमीन का भुगतान जिस पर घर बना हुआ है खेत बना हुआ है 80से 90 साल से किसानों के दखल कब्जे में है। उसका मुआवजा का भुगतान करने के लिए धरना पर बैठे हैं। यहभी 16 महीने से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। इन बातों को लेकर आज के बैठक में तय हुआ कि दोनों आंदोलन पर अगर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो इस आंदोलन को पूरे झारखंड के पैमाने पर ले जाया जाएगा। इन विषयों को लेकर के अक्टूबर महीने में रांची में एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, आगे की आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इस बैठक में किसान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष केडी सिंह, सीपीआई के झारखंड राज्य सचिव महेंद्र पाठक, सीपीआई कार्यकारी सदस्य अजय कुमार सिंह, झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के महासचिव बसवी कीड़ों, झारखंड किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, छात्र के आंदोलनकारी अर्जुन कुमार, गेंदों राणा, मोती दांगी, गणेश दांगी, गणेश पासवान सहित कई अन्य मौजूद थे।

# झारखंड में एक सुई का कारखाना नही लगा सके मोदी : कैलाश यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन के दौरान राजद,कांग्रेस और जेएमएम पर दिए गए ब्यान का विरोध कर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है । यादव ने कहा कि देश में तीन बार से लगातार सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजद का जीन (वोटर/सुपोर्टर) से परेशानी और सदैव भय बना रहता है ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह सहित बीजेपी एवं आरएसएस के तमाम बड़े नेताओं के सभी तरह के हथकंडा अपनाने और अथक प्रयास के बावजूद राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पार्टी को नुकसान नहीं पहुंचा सके । बिहार हो या झारखंड राजद से सर्वमान्य नेता एवं बिहार सरकार में विरोधी दल के युवा लोकप्रिय नेता तेजस्वी यादव के जनाधार को सांप्रदायिक शक्तियां बिगाड़ नहीं सकी। लालू यादव का विचारधार एवं राजद का नीति सिद्धांत जन जन तक एक मजबूत पीलर की तरह खड़ा है । यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं लेकिन झारखंड हो या बिहार दोनो प्रदेशों में एक सुई का कारखाना स्थापित कर न सके उल्टा एशिया के सबसे बड़ा मातृ उद्योग कारखाना एचईसी बंद के कगार पर है,लगभग 30 महीनो से कर्मचारियों का नियमित वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है ।

## पिपरवार कोयलांचल में आज मनाया जाएगा विश्वकर्मा पूजा, सारी तैयारी पुरी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में विश्वकर्मा पूजा आज मनाई जाएगी।पूजा को लेकर कोयलांचल क्षेत्र में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण पिपरवार में बड़े पैमाने पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जाता है।जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा को भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है।विश्वकर्मा को दुनिया में सबसे पहले वास्तु और इंजीनियरिंग की उपाधि दी गई है।आज के दिन सभी लोग अपने घरों में सुख शांति और अपने कारोबार में तरक्की के लिए विश्वकर्मा पूजा करते हैं।श्रमिक अपने कारखानों में अपनी दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं।भगवान विश्वकर्मा देवताओं के शिल्पकार थे।इसलिए इन्हें शिल्प के देवता के नाम से भी जाना जाता है।विश्वकर्मा पूजा के दिन लोहे के सामानों जैसे औजारों,मशीनों और दुकानों की पूजा होती है।इधर विश्वकर्मा पूजा को लेकर पिपरवार,अशोक परियोजना और सीएचपी सीपीपी परियोजना में भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है।आज विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोला जाएगा।वही क्षेत्र के सभी ट्रांसपोर्टिंग कार्यालय, गैरेज,विद्युत सब स्टेशन सहित अन्य जगहों पर भी विश्वकर्मा पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है।क्षेत्र में खराब मौसम और रिमझिम बारिश के बीच आज सभी पूजा पंडालो का पट खोल दिया जाएगा।

## चरकु उरांव का शव नदी में मिला

**नरकोपी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरंडा गांव निवासी चरकु उरांव,पिता खुदिया उरांव, उम्र 41 वर्ष का शव नदी से बरामद हुआ। शुक्रवार की सुबह 10 बजे अपने घर से मछली मारने जा रहे हैं बोलकर निकाला था। सोमवार की सुबह डोरंडा नदी में गांव वालों ने उसकी लाश देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना नरकोपी पुलिस को दी। नरकोपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर का पंचनामा तैयार किया। वहीं थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बतलाया कि मंगलवार को पोस्टमाटम के लिए रिम्स रांची भेजा जायगा।

## जश्ने ईद मिलादुन नबी के मौके पर निकला जुलूस

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**प्रखंड के कई गांवों में सोमवार को मुस्लिम धर्मावलंबीयों ने जश्ने ईद मिलादुन नबी के मौके पर जुलूस निकाला। जुलूस नरकोपी, हांठु, घाघरा, चनकोपी, मसियातु, बोबरो, तुतलो नवाटांड, ईटा,चान्हो,चपाडीह,सेरो,बिल्टी,कमलटोली गांव के अकिदतमंदों ने द्वारा निकाला गया। मौके पर जुलूस में शामिल लोगों ने बतलाया कि आज पूरा देश में मोहम्मद साहब का जन्मदिन बड़े ही हर्षो उल्लास से मनाया जा रहा है। मोहम्मद साहब हमारे आखरी पैगंबर हैं और उनके न नक्सो कदम पर हम लोग चलते हैं और आज मोहम्मद साहब का जन्मदिन हम लोग बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मना रहे हैं।

## बारिश के बीच खलारी में निकला ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर हज़रत मोहम्मद के जन्मदिवस पर सोमबार भारी बारिश के बीच ईद मिलादुन्नबी का जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया. जुलूस-ए-मोहम्मदी में खलारी जामा मस्जिद, खलारी बाजारटांड़, मायापुर, मुस्तफा नगर, हुटाप, जेहलीटांड़, जी-टाइप, नया बस्ती सहित अन्य स्थानों के मुस्लिम समुदाय के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने अपने हाथों में इस्लामी झंडा के साथ सरकार की आमद मरहब्बा, आका की आमद, नारे तकबीर, नारे रिसालत आदि नारा लगाते हुए खलारी स्थित बैंक चौक में एकत्रित हुए.जिसके बाद सभी लोग जुलूस की शक्ल में नारे लगाते हुए जेहलीटांड़ होते हुए नयाघौडा स्थित कब्रिस्तान में रुके तथा सभी इक्ट्ठा होकर अपने पूर्वजों के लिए दुआ मांगी.जिसके बाद जुलूस केडी नेहरू स्टेडियम, केडी मुख्य मार्ग से होते हुए खलारी शहीद चौक पहुंचा. जहां जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अख्तर के द्वारा फातिहा ख्वानी पढ़ी गयी और उपस्थित सभी लोगों ने दुनिया में अमन चैन की दुआ की. इधर बारिश को देखते हुए टी-टु-टाइप स्थित मैदान में होने वाले ज कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया जल्द ही एक बैठक कार्यक्रम तय किया जायेगा.जुलूस-ए-मोहम्मदी में जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अख्तर, हुटाप मोड़ से कारी सरफराज, जेहलीटाड से मौलाना आशिक, लपरा से हाफीज जमील, मायापुर से हाफीज नुरुद्दीन जमाल, जी-टाइप से इमाम मोहम्मद मंसूर, बाजारटांड़ के इमाम हाफिज जमालुद्दीन के साथ अन्य मस्जिदों के इमाम के आलावा खलारी जामा मस्जिद सेक्रेटरी मो.फैयाजुद्दीन सिद्दीकी, अब्दुल बुखारी, कलीम रिजवी, शमीम अंसारी, खुर्शीद आलम, मो. मुस्ताक, मो. इफतेखार खालिद अंसारी, मो. इस्लाम, मो. परवेज, मो. अकबर खान, मो. महफूज, मो. अख्तर, मो. इरशाद, परवेज अंसारी, असलम अंसारी, सफीक अंसारी, डॉक्टर गुफरान, महताब आलम, असलम अंसारी, मीनु खान, अकबर खान, मो. चांद, सरताज अंसारी, इकबाल अंसारी, अनवर अंसारी के आलावा अन्य कमेटी के लोग उपस्थित थे.

# रिमझिम बारिश के बीच कई निकाला गया जुलुश ऐ मोहम्मदी

## पैगंबर हजरत मोहम्मद ने दिया इंसानियत का पैगाम : हाफिज मुमताज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे जश्न-ऐ-ईद मिलाद उन नबी (बारह रबि उल अव्वल) का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर बचरा सहित कई ग्रामीण इलाको मे रिमझिम बारिश के बीच जुलुश ऐ मोहम्मदी निकाला गया।बचरा जामा मस्जिद से सुबह 9 बजे तिरंगा झंडा के साथ जुलुश निकाला गया, यह जुलुश बचरा कब्रिस्तान पहुंचा जहां फातेहा के बाद जुलुश आगे के लिए रवाना हुआ।यह जुलुश बचरा एलो कालोनी,माईर्न्स कालोनी, 64 कालोनी,काली मन्दिर रोड,मस्जिद कालोनी,172 कालोनी,अशोक विहार, बंसत विहार,टीएच कालोनी,





बिशुझापा,बाजारटांड़ सहित अन्य जगहो का भ्रमण किया।जुलुश मे बड़ों के अलावा काफी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे शामिल हुए, सभी के हाथों में झंडा था और जुलूस में शामिल सभी लोग नारे लगा रहे थे। हालांकि बारिश के कारण जुलूस में शामिल लोगों को काफी परेशानी हुई,लेकिन रिमझिम बारिश के बावजूद नबी के दीवानों का जोश और उत्साह कम नही हुआ।इस संबंध मे बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज आलम ने बताया कि पुरे देश मे लोग ईद मिलाद उन नबी को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के तौर पर मनाते हैं और इस दिन उनकी याद में जुलूस निकालते हैं।रात में अल्लाह की इबादत की जाती है और घर व मस्जिदों में पवित्र कुरान पढ़ी जाती है एवं फातेहा कराया जाता है।

उन्होंने कहा कि हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब ने देश में इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश दिया है।वर्तमान मे उनके दिखाये मार्ग पर चलने और उनके अधुरे सपनो को साकार करने की जरूरत है।जुलूस पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से सफल होकर संपन्न हुई। बारिश के बावजूद जुलूस में लोगों की काफी भीड़ देखी गई।इधर बचरा में जुलूस का कई जगहों पर सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया।जुलूस में शामिल लोगों को शरबत,चाय एवं नाश्ता प्रदान किया गया।

वही जुलूस में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।इस मौके पर बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी,सेक्रेटरी इरफान शेख,अब्दुल कुदुस अंसारी,अयुब अंसारी,रिंकु खान,छोटू खान,जसमुदीन अंसारी,अमजद अली, मुबारक हुसैन,रेयासत अंसारी,जैनुल आबेदिन, दानिश अंसारी,एहसान अंसारी,जावेद अख्तर,कुदूस खान,नेजाम अंसारी,वासिक रजा,मुजाहीद इमाम,पिन्टु खान सहित काफी संख्या मे लोग शामिल थे।

इधर पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा,कल्याणपूर और राय मे भी ईद मिलाद उन नबी के मौके पर रिमझिम बारिश के बीच जुलुश ऐ मोहम्मदी निकाला गया।कल्याणपूर और न्युमंगरदाहा मे निकाले गये जुलुश ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया और नारे लगाया गया।इस मौके पर कल्याणपूर मे सदर इदरीस अंसारी,नईम अंसारी, अब्दुल अंसारी,लियाकत अंसारी,बशारत अंसारी, शकील अंसारी,अरशद अंसारी,जमीर अंसारी, मोहम्मद जावेद,मंसूर आलम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ईद मिलाद-उन-नबी उत्साह के साथ मनाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में ईद मिलाद-उन-नबी बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सोमवार के दिन पैगंबर हजरत मुहम्मद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर (ईद मिलादुन्नबी) उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया। इधर मुरी सिल्ली एवं आस पास के विभिन्न गाँव के मुस्लिम बहुल क्षेत्र मे पैगंबर ए इस्लाम मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश क्षेत्र में जुलूस ए मोहम्मदी निकला। जोरदार बारिश में भी लोग जुलूस में शामिल हुए। लोग नात ए-पाक सुनते हुए रसूल-ए-पाक की शान में कलाम पेश करते चल रहे थे। जुलूस कलवाडीह,शेख भिखारी चौक, पहाड़ी मुहल्ला से गुजरा। सिल्ली मुरी पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टिकोण से जुलूस के साथ-साथ जा रही थी। वही क्षेत्र के युवाओ एवं छोटे बच्चों मे खुशी देखी गई। मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने घरों में लजीज पकवान का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मुस्लिम मोहल्ला व गांव रंग- बिरंगी झालरों से जगमगा उठा।इस जुलूस में मंजूर आलम, मोहम्मद फारुख,चांद, शमशेर हुसैन, हसन इमाम साहब,तैयब राजा,जमीर हुसैन,जमील अंसारी,अजमल रफीक, मुजफ्फर हुसैन, अब्दुल कलाम,जमीर अंसारी, जफरुल हुसैन, शामिल थे।

## जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत सद्भावना के नारे लगाये



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन गोरे ग्राम से शुरु हुआ जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए मुड़मा चौक पहुंचा, जुलूस में हजारों के संख्या में लोग शामिल हुए,कांग्रेस अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर,और क्षेत्र के मुखिया बहादुर उराँव, रामबालक ठाकुर,शमशेर आलम, ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर जुलूस में आये लोगों का स्वागत किया। मौके पर अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने कहा कि पैगम्बर मुहम्मद साहब पुरे विश्व को सहिष्णुता और भाईचारा का पाठ पढ़ाया है उनके बताए गए मार्ग पर चल कर ही एक सभ्य समाज और विश्व शांति का स्थापना किया जा सकता है।

## भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड में सोमवार को भारी बारिश से डैम, नदी, तलाब में पानी भर गये. जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोग अपने घरों में दुबके रहे। वहीं कई कच्चे मकान गिर गये। प्रखंड के डोरंडा पंचायत के बिल्टी कमल टोली गांव में मजीद अंसारी पिता हजरत अंसारी के। कच्चा मकान गिर गया। कराँजी जराटोली गांव निवासी ईस्माईल अंसारी का कच्चा मकान बारिश से गिर गया। इधर नरकोपी थाना क्षेत्र एरगोड़ो करम टोली गांव निवासी मुनेश्वर साहु पिता स्व तिरता साहु के घर में रविवार की रात बारिश का फायदा उठाकर चोरों ने रात में दरवाजा का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती सामान चोरी कर ली। मुनेश्वर साहू ने बताया कि बीती रात मेरे घर के दरवाजा का ताला तोड़कर चोरों ने कीमती सामान और नगद 6000 चोरी कर लिया गया। सोमवार की सुबह नरकोपी थाना में आवेदन देकर चोर को पकड़ने का आग्रह किया है।





## लगातार बारिश से क्षेत्र हुआ जलमग्न बिजली भी गुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी क्षेत्र में लगातार बारिश से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी, नाला, खेत सभी जगह बरसात का पानी भर गया है। सड़कों के गड्ढों में भी पानी भर गया है लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुरी स्वर्ण रेखा नदी में भी पानी का उफान मार रहा है। बारिश को लेकर लोग घर से निकल नहीं पा रहे हैं। दिहाड़ी मजदूर भी घर में बैठे हुए हैं।



इस साइक्लोन बारिश से कई जगह पेड़ बिजली के खंभे और कच्चे मकान भी गिरने कि सुचना हैं। जिसके कारण क्षेत्र में बिजली गुल हो गई है। बिजली नहीं रहने से अंधेरे में जहरीले किड़े मकौड़े का डर बना रहता है। ऐसे भी बिजली विभाग के कर्मचारी बरसात के समय बिजली के तार या खंभे गिरने का इंतजार करते हैं।समय रहते कभी दुरुस्त नहीं करते हैं। लगातार बारिश से त्योहारों पर भी असर पड़ रहा है लोग ठीक से नहीं मना पा रहे हैं।कल विश्वकर्मा पूजा है इसकी तैयारी पुरी हो गई है लेकिन क्षेत्र के लोगों के मन में बारिश को लेकर उदासी छाई हुई है।

## महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने ब्यूटी पार्लर का किया उद्घाटन



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा 64 कॉलोनी मेन रोड के बगल में तस्मिया लेडीज ब्यूटी पार्लर का सोमवार को उद्घाटन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह उपस्थित थी।दुकान की संचालिका निखत परवीन के द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया,जिसके बाद मुख्य अतिथि गुंजन सिंह ने फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया।इस संबंध में गुंजन सिंह ने कहा कि यहां पर ब्यूटी पार्लर खुलने से आस पास की महिलाओं को उचित मूल्य पर पार्लर की सुविधा एवं श्रृंगार स्टोर की सामाग्री मिलेगी।उन्होंने कहा कि ब्यूटी पार्लर एवं श्रृंगार स्टोर खुलने से स्थानीय महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी सिंह,संचालिका निखत परवीन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पिपरवार कोयलांचल में तीन दिनों से हो रही बारिश ने मचायी तबाही



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले तीन दिनो से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने कई जगहो पर तबाही मचायी है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद कोयलांचल क्षेत्र के सभी नदियों का जल स्तर भी काफी बढ़ गया है और इसमे बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की शाम से ही पूरे इलाके में मूसलाधार बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश के कारण एक तरफ जहां सड़कों पर जल जमाव देखा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के बचरा दामोदर नदी,बचरा सफी नदी,गहरी नदी सहित अन्य नदियों का जल स्तर काफी बढ़ गया है।नदियों में जल स्तर बढ़ने के बाद उसमें बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। वही नदियों के पर बने पुल के ऊपर से पानी का तेज बहाव हो रहा है,जिसके कारण आवागमन भी बाधित हो गया है।इधर बारिश के कारण कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर-बहेरा मुख्य मार्ग पर सड़कों पर जल जमाव हो गया है।सड़कों पर जल जमाव होने के बाद बारिश का पानी लोगों के घरों एवं दुकानों में घुस रहा है,जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं सड़कों पर जल जमाव होने से आवागमन करने वाले लोग भी परेशान हैं।इधर ट्रांसपोर्टिंग सड़कों की स्थिति काफी बदहाल हो गई है। सड़कों पर कीचड़ों का अंबार रहने से आवागमन करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है।बारिश का असर क्षेत्र के कोयला उत्पादन पर भी देखा जा रहा है।खदान क्षेत्र में बड़े व भारी मशीनों का परिचालन बंद है।वही ट्रांसपोर्टिंग कार्यों की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है।बारिश के कारण कई जगहों पर मिट्टी के घर गिरने की सूचना है,जबकि कोयलांचल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की आंख मिचौली दिनभर जारी रही।बचरा रेलवे पुल में पानी भर जाने के कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, समाजिक संगठनों ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** सोमवार को पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन गोरे ग्राम से शुरु हुआ जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए मुड़मा चौक पहुंचा, जुलूस में हजारों के संख्या में लोग शामिल हुए,कांग्रेस अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर,और क्षेत्र के मुखिया बहादुर उराँव, रामबालक ठाकुर,शमशेर आलम, ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर जुलूस में आये लोगों का स्वागत किया। मौके पर अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने कहा कि पैगम्बर मुहम्मद साहब पुरे विश्व को सहिष्णुता और भाईचारा का पाठ पढ़ाया है उनके बताए गए मार्ग पर चल कर ही एक सभ्य समाज और विश्व शांति का स्थापना किया जा सकता है।

## तमाड़ के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में जंगली हाथियों ने धावा बोला, किसान दहशत में

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथियों एक झुंड विचरण कर रहा है। जिससे किसान वर्ग परेशान और हताश है। बताया जा रहा है कि झुंड में हाथियों की संख्या 50 से 60 के लगभग है। जो इन दिनों प्रखंड के सारजमडीह, और जेगो सहित आस पास के किसानों के खेतों में लगे धान ओर सब्जी को रौंद के बर्बाद कर रहे है। वन विभाग से बात करने पर एक अधिकारी ने बताया की हाथियों का विशाल झुंड वर्तमान में सारजमडीह के लाल बांध के खैर झाड़ियों के समीप अपना डेरा जमाए हुए है। जल्द ही हाथियों को भगाने वाले टीम को बुलाया गया है। लेकिन लगातार हो रही बारिश आड़े आ रही है। हाथियों के झुंड ने चैतन सेठ ,गुरुवा सेठ,सूर्यदेव अहीर, सुभाष सिंह मुंडा, सईबा देवी, फूडकू सेठ, गुलाब सिंह मुंडा एवं दर्जनों किसान के खेतों पर लगी फसल रौदकर खाकर नष्ट कर दिया है। जिससे किसान काफी चितित ओर परेशान है। ज्ञात हो कि धान की फसल तैयारी शुरू हो गया और अभी से ही जंगली हाथियों के झुंड ने फसलों को नष्ट करना शुरू कर दिया है।



## डायरिया का प्रकोप होने की सूचना पर मेडिकल टीम के साथ एसडीएम बड़कोलमा पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत एदलहातु पंचायत के बड़कोलमा गाँव में डायरिया का प्रकोप होने की सूचना के पश्चात आज तीसरे दिन बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी तथा बुंडू अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार पासवान द्वारा सम्बधित छेत्र का दौरा किया गया।अनुमंडल अस्पताल द्वारा डॉ मधु तमवार के नेतृत्व में आज भी मेडिकल टीम ने घर घर जाकर सभी का स्वास्थ्य आदि का जायज़ा लिया।अनुमंडल अस्पताल उपाधिक्षक द्वारा बताया गया की सभी प्रभावित क्षेत्र में ब्लीचिंग आदि का सहिया के माध्यम से वितरण किया गया है,सभी को पानी गरम करके ही तथा साफ़ सफ़ाई में रहने का सुझाओ दिया गया है।मौके पर संबंधित क्षेत्र के सभी स्वास्थ्यकर्मी,ईश्वर दयाल ,अमन कुमार,बीटीटी जितेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

# जमशेदपुर में स्वर्णरेखा, खरकई नदी खतरे के निशान को किया पार, जिला प्रशासन अलर्ट

## निचले इलाके के लोग ऊपरी इलाके में शिफ्ट, चांडिल डैम के सभी फाटक खुले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर और आसपास लगातार हो रही बारिश के कारण स्वर्णरेखा नदी और खरकई नदी उफान पर है। खरकई नदी और स्वर्णरेखा नदी खतरे के निशान को पार कर चुकी है। इसका जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से सारे निचले इलाके के लोगों को ऊपरी इलाके में शिफ्ट कराया जा रहा है। पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। यहीं वजह है कि अब तक दोनों ही नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। खरकई नदी का खतरे का निशान 129.00 मीटर है जबकि अभी खरकई नदी 131.040 मीटर पर बह रहा है जबकि स्वर्णरेखा नदी का खतरे का लेवल 121.50 मीटर है और अभी नदी लगभग 122





मीटर तक पहुंच चुका है। इस कारण दोनों ही नदियां अब लगातार बढ़ता जा रहा है. इस बीच सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल डैम के सारे फाटक को खोल दिया गया है. चांडिल डैम खतरे के निशान तक पहुंच गया था, जिस कारण सारे फाटक को खोल दिया गया है. इसके बाद नदी का जलस्तर और बढ़ता ही जा रहा है. तटीय इलाकों में नदी का पानी घरों में घुसना शुरू हो गया है. जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ को अलर्ट जारी कर दिया है. जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा दोनों नदियों के तटीय क्षेत्र व डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की गयी है. साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा- निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें।

**बागबेड़ा नया बस्ती के 30 से 35 घरों में घुसा पानी :-**बागबेड़ा के निचले इलाके में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने की वजह से 30 से 35 घरों में पानी घुस गया है। ये सभी घर सरकारी जमीन पर अवैध ढंग से बनाए गए हैं, जहां जल निकासी को नाला नहीं है। यहां का स्लुइस गेट बंद है और निचले इलाके का पानी केवल पंप के जरिए ही नदी में गिराया जा सकता है। बागबेड़ा के भाजपा नेता सुबोध झा ने कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। परंतु जिला प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा।

**महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में घुसा बारिश का पानी :-** साकची के महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में बारिश का पानी घुस गया है। जिसके कारण हॉस्टल में रहने वाले मेडिकल के छात्र काफी परेशान है. वैसे हॉस्टल की बिल्डिंग की हालत ऐसी है कि कभी भी बिल्डिंग धराशाई हो सकती है। पूरी बिल्डिंग सीपेज कर रहा है जिसके कारण हॉस्टल में बारिश का पानी बाढ़ का रूप ले लिया है। उधर अब धीरे-धीरे हॉस्टल के छात्र पलायन करने लगे हैं।

**नदियों में बढ़ते जलस्तर को लेकर मंत्री बन्ना गुप्ता ने डीसी को दिए निर्देश :-** जमशेदपुर के तटीय क्षेत्रों में रहने वालों की सुरक्षा की चिंता करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने उपायुक्त को विशेष निर्देश जारी कर राहत एवं बचाव कार्य करने को कहा है। अपने सोशल मीडिया अकॉउंट एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने लिखा है कि लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के कारण स्वर्णरेखा एवं खरकई नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा और वे खतरे के निशान के करीब हैं।

## भाजपा की सभा में भाग लेने को प्रधानमंत्री जोखिम उठा सकते हैं तो उद्घाटन को क्यों नहीं : सुधीर कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाजवादी चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड को लूटने के लिए सत्ता हथियाना चाहती है। राज्य में भाजपा की 18 सालों तक सरकार थी उस वक्त भाजपा को बांग्लादेशी घुसपैठिए नजर नहीं आ रहे थे। भाजपा ने 18 साल के शासनकाल में क्या विकास की यह जनता जानना चाहती है। हिंदू मुस्लिम का कार्ड भाजपा को काम नहीं आ रही है। भाजपा के



पास मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है। राष्ट्रीय खर्चे पर भाजपा का प्रचार कर नरेंद्र मोदी वापस लौट गए जमशेदपुर के प्रेस मीडिया से आम जनता को यह बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन उद्घाटन समारोह में टाटानगर स्टेशन आएंगे और उद्घाटन के बाद वोल्टास भवन से रीगल तक रोड शो करेंगे कारण चाहे जो भी हो उद्घाटन समारोह कार्यक्रम परिवर्तित हुआ और परिवर्तन रैली मुख्य चुनावी कार्यक्रम बना अगर परिवर्तन महारैली में भाग लेने के लिए हमारे प्रधानमंत्री इतना जोखिम उठा सकते हैं तो उद्घाटन के लिए क्यों नहीं इस घटनाक्रम से स्पष्ट हुआ है कि राष्ट्रीय खर्चे पर प्रधानमंत्री का वंदे भारत का उद्घाटन समारोह नहीं भाजपा का परिवर्तन रैली मुख्य कार्यक्रम था।

## हेमंत सरकार ने विकास की खींची लंबी लकीर, दुष्प्रचार करने वालों से रहें सचेत : दशरथ गागराई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने सोमवार को भारी बारिश के बीच 80 लाख की लागत से चार योजनाओं का शिलान्यास किया. जिसमे खरसावां के हुडांगदा में 55 लाख की लागत से बनने वाले स्वस्थ्य उप केंद्र व खेलारीसाही के ढ़ीपासाई मे करीब 25 लाख की लागत से बनने वाले आदिवासी कला केंद्र भवन का शिलान्यास किया. मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने हर वर्ग के लोगों की चिंता करते हुए सबके लिये योजना तैयार कर जमीन पर उतारने का कार्य किया. विस क्षेत्र में सौ अधिक जनजातीय कला-संस्कृति केंद्रों बना कर सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का कार्य किया



जा रहा है. इतने ही जाहेरथानों के चारदिवारी किया है। इस दौरान मुख्य रुप से बासंती गगराई, जिप सदस्य काली चरण बानरा, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, अनूप सिंहदेव, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सामड, सुधीर महतो, अमर सिंह हांसदा,भवेश मिश्रा, लालन तिवारी, लालू हांसदा, अरुण जामुदा आदि उपस्थित रहे।

## डॉ पयोधि धर झारखंड में स्वास्थ्य सेवा सुधार की दिशा में बढ़ा रहे कदम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोलकाता के डॉ पयोधि धर (एमबीबीएस(ऑनर्स.), एमडी(पीएचए.), एसीएमडीसी, सीसीटीडी, पीजीडीसी (कार्डियो.), पीजीडीईडी (एंडओ.), एफपीसीसी(कार्डियो.)) झारखंड राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए लोगों को उचित खर्च पर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने का निर्णय लिया है। सोमवार को साकची के एक होटल में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों में उनकी यह सुविधा जारी है, अब झारखंड के लोगों को यह लाभ दिलाने का बीड़ा उठाया है. चिकित्सक ने कहा कि वे झारखंड के 32,620 गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा और प्राइमरी



हेल्थकेयर सुविधाओं के साथ-साथ टेस्टिंग लैब्स लाना चाहते हैं। उनका उद्देश्य है कि न सिर्फ मरीज बल्कि उनके परिवार और सभी संबंधित व्यक्तियों को भी इन सेवाओं से लाभ हो। कहा कि उक्त सेवा के शुरू होने से स्वास्थ्य सेवा और बेहतर होने, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से नौकरी मिलने व आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद है. इस सेवा के लिए कई विशेषज्ञों की सेवा ली जाएगी. चिकित्सा सेवा शुरू होने से संबंधित क्षेत्र में अप्रत्यक्ष रोज़गारों की संख्या में वृद्धि होगी. उनका कहना है कि पेशेंट फर्स्ट, पीपल फर्स्ट उनकी सोच होगी। एक सवाल के जवाब में कोलकाता में गतदिनों जूनियर डॉक्टर के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए डॉ धर ने कहा कि इसके विरोध में उतरे चिकित्सकों का बिना राजनीतिक सहयोग के विरोध प्रदर्शन सही में अतुलनीय है। यह विरोध अब सिर्फ कोलकाता ही नही, वरन बंगाल के अलग अलग क्षेत्रों समेत दूसरे प्रदेशों में भी पहुँच गया है। जो एक अनोखा उदाहरण है।

## हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग के मनोहरपुर घाघरा हॉल्ट समीप मिला कीमेन का शव

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार सुबह हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग स्थित मनोहरपुर घाघरा हॉल्ट से महज़ दूरी ग्राम सोनपोखरी के समीप डाउन रेललाईन पौल संख्या 364/22 पर एक व्यक्ति का शव मिला है। मिली जानकारी के मुताबिक़ मृतक व्यक्ति 54 वर्षीय धनेश्वर महतो मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम तरतरा का रहने वाला है। मृतक मनोहरपुर रेल में कीमेन पद पर कार्यरत है। आज सुबह ड्यूटी के दौरान वह अप हाउड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। उक्त ट्रेन के चालक द्वारा इस घटना के बारे में मनोहरपुर स्टेशन को सूचना दी गई। रेल प्रशासन व आरपीएफ पुलिस एवं स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने क़ब्ज़े में लिया। साथ ही अग्रेतर कारवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस यूनीयन इस घटना की कड़ी निंदा करती है और रेल प्रशासन से यह मांग करती है कि जल्द से जल्द रक्षक डिवाइस सभी की पेट्रोल मैंन को उपलब्ध कराया जाए। ताकि ट्रैक मेंटेनर अपनी कार्य करते हुए सुरक्षित महसूस कर सके।

## डॉ. अजय के कल्याण रथ से 10599 लोग हुए लाभान्वित, अभियान जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर के लोगों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही उन योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार द्वारा 9 जुलाई को बारीडीह चौक से जनकल्याण रथ(वाहन) का फीता काट कर रवाना किया था. तब से यह जनकल्याण रथ जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं ( वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, झारखंड सरकार महत्वकांक्षी मईया सम्मान योजना) की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही योजनाओं से संबंधित ऑनलाईन आवेदन भरवाया जा रहा है. 60 दिनों में 10599 लोगों ने जनकल्याण रथ का लाभ उठाया है. जिसमें 3050 लोगो ने विभिन्न पेंशन, 2552 परिवार ने राशन कार्ड, 459 लोगों ने वोटर कार्ड,



105 लोगों ने पीएम विश्वकर्मा योजना और 1583 लोगो ने आयुष्मान कार्ड बनवाया है. मौके पर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों के दरवाज पर जाकर उन्हें सरकारी योजनओं का लाभ दिलाना है. हम सुरक्षित और बेहतर जमशेदपुर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं इसके लिए हर स्तर पर कार्य किए जा रहे है.

## लगातार बारिश से चांडिल डैम का बढ़ा जलस्तर, कुमारी गांव हुआ जलमग्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** चांडिल अनुमंडल के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के ओड़िया पंचायत अंतर्गत कुमारी गांव में लगातार हो रही बारिश से चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने से घर में पानी घुस गया। घर में पानी घुस जाने से घर में रह रहे ग्रामीणों को घर छोड़कर दूसरे जगह उच्च स्थान पर शरण लेना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह का अचानक पानी भर जाने से हम लोग अपने आवश्यकता के सामग्री को डूबे हुए घर पर ही छोड़ आए हैं, फिलहाल हमारे पास भोजन बनाने के लिए चावल, लकड़ी या अन्य



सामग्रियां उपलब्ध नहीं है, उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक ना ही कोई जनप्रतिनिधि पहुंचा और न ही आपदा विभाग के कोई पदाधिकारी पहुंचे हैं। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व अपने भोजन की तलाश में आए हुए हाथी द्वारा इसी गांव के 15 से ज्यादा घरों को बिजली के तार को तोड़फोड़ करने से आग लगकर सभी घर जल का राख हो गया था।

## जमशेदपुर में भारी बारिश के बीच जुलूस ए मोहम्मदी में हजारों की संख्या में शामिल हुए अकीदतमंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** तंजीम अहले सुन्नत वल जमात के द्वारा पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के जन्मदिन %ईद मिलादुन नबी के पाक मौके पर सोमवार को जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन किया गया। इस दौरान अमन का पैगाम देने वाली हदीसों का प्रदर्शन, इस्लाम की शिक्षा, देश-प्रेम की छवि नजर आई। जुलूस में तंजीम अहले सुन्नत जमात के जनरल सेक्रेटरी प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा, मौलाना बुरहानुल होदा, मौलाना शमशादुल कादरी, मौलाना इंतखाब आलम मिस्बाही, मौलाना कलीमुद्दीन, सफी अहमद,माजिद अख्तर, मौलाना सलाउद्दीन उपस्थित थे। मानगो के गांधी मैदान से सुबह 9.30 बजे उलमाओं के नेतृत्व में अकीदत के साथ जुलूस निकला। जुलूस में हजारों की संख्या में जमशेदपुर के विभिन्न मुस्लिम इलाकों से मुस्लिम समुदाय के लोग छोटी बड़ी गाड़ियों से शामिल हुए। जुलूस मानगो के मुख्य सड़क से होता



हुआ आमबगान पहुंचा। आमबगान में उलेमा की तकरीर हुई. यहां सेंटर मैदान में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान सहित शहर के सभी मस्जिदों के इमाम एवं कई उलेमा मौजूद थे। वहीं जुलूस में शामिल लोगों की खिदमत के लिए जगह - जगह पर लंगर एवं कई खाद्य सामग्री का वितरण विभिन्न संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा था। धातकीडीह सेंटर मैदान में उलेमा ए कराम की तकरीर, सलातो सलाम, दुआ के बाद जुलूस का समापन हुआ।

## पटमदा में भारी बारिश से गिरा बिजली का खंभा, कई मकान भी क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शनिवार से जारी भारी बारिश पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में गरीब परिवारों के लिए मुसीबत का कारण बनती जा रही है। रविवार की शाम करीब 5 बजे पटमदा के आगुईडांगरा गांव में गिरिजा प्रसाद दास का कच्चा मकान ढह गया। इस संबंध में उनके पुत्र बुद्धेश्वर दास ने बताया कि जिस घर में उन लोग खाना बनाते थे उसमें बारिश के कारण मिट्टी की दीवार गिर गई जिससे टाली की छत भी गिर गई। इसकी जानकारी वार्ड सदस्य को दे दी गई है। सोमवार की अहले सुबह बोड़ाम थाना क्षेत्र के चुनीडीह गांव में सोनू कर्मकार के फूस का मकान भारी बारिश के कारण ध्वस्त हो जाने से वह बेघर हो गए हैं। परिवार में उनके माता, पिता, पत्नी व एक बेटा समेत 5 सदस्य हैं जो पड़ोस



के शिवानी कर्मकार के घर में शरण लिए हुए हैं। इस संबंध में आजसू के युवा नेता चित्तरंजन महतो ने बताया कि सोनू का परिवार बहुत ही गरीब है। सोमवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे कमलपुर थाना क्षेत्र के राखडीह गांव में कंकू महतो के घर की दीवार गिरने से उससे सटा बिजली का एक खंभा 440 तार समेत गिर गया। इस संबंध में ग्राम प्रधान बगला किंकर मिश्र ने बताया कि इसकी सूचना बिजली विभाग को दिए जाने पर लाइन मैन द्वारा कनेक्शन को काट दिया गया है लेकिन अब तक खंभे व तार को नहीं हटाने से उस रास्ते से आवागमन भी बाधित है।

## टाटा ईवी ने की इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमतों में कटौती

**जमशेदपुर/ धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बड़ा बदलाव लाने वाले टाटा ईवी ने अपने फेस्टिवल ऑफ कार्स के तहत टियागो-ईवी, पंच-ईवी और नेक्सॉन-ईवी



की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। यह अब तक की सबसे बड़ी कटौती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अब ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच में हों, इसके लिए नेक्सॉन-ईवी की कीमत में 3 लाख रुपये तक और पंच-ईवी की कीमत में 1.20 लाख रुपये तक की कटौती की गई है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, विवेक श्रीवत्स ने इस फेस्टिव ऑफर की घोषणा करते हुए कहा कि टाटा ईवी का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक गाड़ियों को ज्यादा सुलभ और आम लोगों के लिए उपलब्ध कराना है। हम थोड़े समय के लिए इन कारों की कीमतों में कटौती करके ईवी को पेट्रोल और डीजल कारों की कीमतों के बराबर ला रहे हैं, ताकि ज्यादा लोग इसे अपना सकें। अब ग्राहक हमारे हाई परफॉर्मेंस वाली, शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली, और बिना शोर की इलेक्ट्रिक गाड़ियों का आनंद उठा सकते हैं। इन गाड़ियों की ड्राइविंग भी किफायती होगी, और उन्हें मुफ्त पब्लिक चार्जिंग का फायदा भी मिलेगा। हम ग्राहकों को ईवी क्रांति का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं और जज.मअ शोरूम में आने के लिए स्वागत करते हैं।

## सैमसंग टीवी प्लस ने अपने ऑफरिंग का किया विस्तार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमसंग टीवी प्लस, जो सैमसंग का फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी (थैज) सर्विस है, ने इंडिया टीवी ग्रुप के साथ मिलकर चार नए चैनल्स लॉन्च किए हैं। अब इंडिया टीवी, इंडिया टीवी स्पीड न्यूज, इंडिया टीवी आप की




अदालत, और इंडिया टीवी योगा चैनल्स सैमसंग टीवी प्लस पर उपलब्ध होंगे। इस साझेदारी से दर्शक न्यूज़, करंट अफेयर्स, फिटनेस और मनोरंजन के कार्यक्रम मुफ्त में देख सकेंगे। सैमसंग टीवी प्लस 100 से अधिक लाइव चैनल्स और हजारों ऑन-डिमांड शोज़ और फिल्में भी प्रदान करता है। सैमसंग के हेड ऑफ पार्टनरशिप्स, कुणाल मेहता ने इसे दर्शकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया, वहीं इंडिया टीवी के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अमित कुमार सिन्हा ने इसे एक नया और बेहतर कंटेंट अनुभव बताया।

## शोभापुर में ईद मिलादुन्नबी पर हर्षोल्लास के साथ निकला जुलूस

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंजुमन मुस्लिम कमिटी द्वारा शोभापुर में हर्षोउल्लास के साथ पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम के जन्मदिन पर शोभापुर वालों ने मदरसा गुलशने रजा से जुलूस निकाला, जो शोभापुर गांव होते



हुए कब्रिस्तान तक पहुँची. जहाँ सभी ने देश दुनिया में गुजरे हुए मुर्दो के मगफिरत के लिए दुआ मांगी एवं अपने देश परदेश के लिए अमन चैन सुख शान्ति और आपसी सोहार्द बनाए रखने के लिए दुआ मांगी गई। इस दौरान झमाझम बारिश होती रही, लोग छाता लेकर भी जुलूस में शामिल हुए।जुलूस में सभी को फल फ्रूट्स और सीरनी बांटी गई। वहीं राजनगर थाना प्रभारी अमिश कुमार दल बल के साथ जुलूस के दरमियान मौजूद रहे, ताकि सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में ईद मिलादुन्नबी जुलूस निकाला जा सके। वहीं शोभापुर में शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय का पर्व संपन्न हुआ। मौके पर शोभापुर मस्जिद के इमाम मौलाना अबुल कलाम साहब, मोआजजिन मोलबी सहरुद्दीन साहब , सदर शेर मोहम्मद ,साबिक सदर समसुल हक ,सेक्रेटरी मुस्ताहब हुसैन ,आफताब खा, सहबाज , मोहम्मद अलीम ,मकसूद आलम, अब्दुल रज्जाक ,मोहम्मद सबूर , मोहम्मद अमीन,गुलाम मोहम्मद ,मोहम्मद सेराज ,मोहम्मद अजहरुद्दीन ,मोहम्मद शहाबुद्दीन , मोहम्मद अनीस आलम, जमील, अतिउल्ला, साजिद, सरफराज,केफ, फैसल , मोहम्मद जहीरूद्दीन,नदीम ,जाकिर हुसैन ,आमिर खान ,मुख्तार हुसैन , सबिरुद्दीन, इदरिस साहब , आजाद अली, आदि मौजूद रहे।

## चक्रधरपुर में धूमधाम से निकाला जुलूस ए मोहम्मदी, डॉ. गागराई ने दी मुबारकबाद

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद के यौम-ए-पैदाइश पर चक्रधरपुर में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा जश्ने ईद मिलादुन नबी की जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम से निकाला गया। चक्रधरपुर के बांग्लाटांड,



दनदासाई, मुजाहिद नगर, वार्ड नंबर 10,पापड़ हाता, चांदमारी,देवगांव आदि जगहों से बच्चे, जवान एवं बूढ़े सहित काफी तादाद में जुलूस ए मोहम्मदी में लोग शामिल हुए और सभी जगह भरमन करते हुए पवन चौक होते हुए असलम चौक पहुंच कर एकत्रित हुए। वहीं असलम चौक में जुलूस ए मोहम्मदी में पीपल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाज सेवी डॉ. विजय सिंह गागराई शामिल हुए। जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका इस्तकबाल किया और गले मिलकर उन्हें ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। उन्होंने भी सभी को ईद मिलादुन्नबी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं जुलूस ए मोहम्मदी में जगह-जगह खिचड़ा, शरबत ,मिठाई आदि का वितरण किया गया।

## इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स जमशेदपुर सेंटर में 57वां इंजीनियर दिवस समारोह संपन्न

**जमशेदपुर :** रविवार को को द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), जमशेदपुर लोकल सेंटर के परिसर में इंजीनियर्स दिवस मनाया गया। यह दिन देश के सभी इंजीनियरों को भारत रत्न सर एम विश्वेश्वरैया को लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश के समग्र विकास में योगदान देने में रोल मॉडल बनाने की याद दिलाता है। उत्सव के मुख्य अतिथि इंजीनियर आर पी त्यागी, एफ आईई, पूर्व अध्यक्ष, आईईआई जेएलसी और पूर्व एमडी टायो रोल्स थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और केंद्र के सदस्यों द्वारा भारत रत्न सर एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई और उसके बाद मुख्यालय द्वारा प्रदान की गई इस वर्ष की थीम %इंजीनियरिंग समाधानों के साथ ड्राइविंग स्थिरता, नवीनतम एआई संचालित प्रौद्योगिकियों को अपनाते हुए% पर मुख्य अतिथि ने अपने विचार रखें।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## जिद बड़ी या जिंदगी!

**कोलकाता** में डॉक्टर अब भी काम पर नहीं लौटे हैं। बंगाल सरकार ने संवाद और समझौते का जो प्रयास किया था, वह आंदोलनकारी डॉक्टरों की जिद ने नाकाम कर दिया। एक नाटकीय घटनाक्रम जरूर सामने आया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने, हाथ जोड़ कर, बंगाल की जनता से माफी मांगी है। यदि जनता चाहेगी, तो वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा तक देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा है कि वह 'कुर्सी की भूखी' नहीं हैं, बल्कि न्याय की पक्षधर हैं। हालांकि रेप-मर्डर की शिकार डॉक्टर बिटिया के माता-पिता और आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कभी भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग नहीं की। इसे विपक्षियों ने मुद्दा बनाकर राजनीति करने की कोशिशें की हैं। डॉक्टरों का न्याय अलग किस्म का है, ताकि डॉक्टर बिटिया की आत्मा को सुख, शांति मिल सके। डॉक्टर मुख्यमंत्री से संवाद करने सचिवालय गए थे। उनकी संख्या 32 बताई गई है, जबकि सरकार ने 15 डॉक्टरों को ही, प्रतिनिधि के तौर पर, आमंत्रित किया था। बहरहाल बंगाल सरकार ने उस संख्या को भी अनुमति दे दी। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार डॉक्टरों को समझाते रहे कि विरोध-प्रदर्शन का यह सिलसिला टूटना क्यों जरूरी है? बातचीत का सीधा प्रसारण संभव नहीं है। अलबत्ता संवाद की रिकॉर्डिंग जरूर कराई जाएगी, लेकिन आक्रोशित डॉक्टर लगातार यह सवाल करते रहे कि सीधे प्रसारण से सरकार डरती क्यों है? डॉक्टर 'नबन्ना' सचिवालय के गलियारे तक तो पहुंच गए, लेकिन उस कक्ष के भीतर नहीं गए, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2.10 घंटे से आंदोलनकारी डॉक्टरों की प्रतीक्षा कर रही थीं। नतीजतन संवाद का जो सेतु बनाया गया था, वह ढह गया। डॉक्टर लौट गए और धरना-स्थल पर जाकर बैठ गए। मुख्यमंत्री ने इस्तीफे तक की पेशकश की और बंगाल की जनता से माफी मांगी कि वह डॉक्टरों को ड्यूटी पर वापस लाने में नाकाम रहीं। यह ममता बनर्जी की 'भावुक राजनीति' भी हो सकती है, ताकि अधिकतर लोग उनसे नाराज न हों और समर्थन समाप्त करने पर आमादा न हो जाएं! बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में विपक्षी दल आक्रामक होकर विरोध-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग रहे हैं। डॉक्टर तो आंदोलित हैं ही, लेकिन उनके समर्थन में विभिन्न सामाजिक आंदोलन भी छिड़ गए हैं, लिहाजा राज्य में अराजकता की स्थिति है। सडक़ों पर भीड़ है, तो पुलिसकर्मी भी हैं। अदालतों में अलग केस चल रहे हैं। ममता की यह राजनीति आजमाई हुई है। बहरहाल डॉक्टरों का आंदोलन अब एक जिद का रूप धारण कर चुका है। सर्वोच्च अदालत ने उन्हें काम पर लौटने का समय दिया था, वह गुजर चुका है। शीर्ष अदालत डॉक्टरों के सरोकारों की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन आंदोलनकारियों को भरोसा ही नहीं है। यह जिद ही नहीं, अवमानना भी है। डॉक्टर जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने लगे हैं, क्योंकि आरजी कर अस्पताल में इलाज न मिलने से अभी तक 27 लोगों की अकाल मौत हो चुकी है और 7 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। यकीनन डॉक्टर बिटिया के प्रसंग पर पूरा देश गुस्से में रहा है, क्षुब्ध रहा है, असंख्य विरोध-प्रदर्शन भी किए गए हैं। डॉक्टरों के साथ सहानुभूति है, संवेदना है, क्योंकि बिटिया चिकित्सकों की सुरक्षा वाकई चिंतित सरोकार है, लेकिन काम छोड़ कर आंदोलन ही जारी रखना या जुलूस निकालना अथवा डॉक्टर होकर धरने पर खाली बैठे रहना, दरअसल अपनी पेशेवर प्रतिबद्धता से मुंह मोडऩा है। डॉक्टर लोगों की बीमारियों के इलाज करते हुए भी विरोध जता सकते हैं। विरोध जताने के कई प्रतीक होते हैं। डॉक्टर बाजू पर काली पट्टी बांध कर भी, काम करते हुए, अपना विरोध जता सकते हैं। हालांकि सर्वोच्च अदालत आंदोलनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति सरकार को दे चुकी है, लेकिन बंगाल सरकार अब भी विनम्र है, क्योंकि सरकार को कई तरह के विरोध बर्दाश्त भी करने पड़ते हैं। आंदोलन के 33 दिन बीत चुके हैं। सीबीआई ने कुछ महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां भी की हैं। जांच के निष्कर्षों तक भी पहुंच रही है। ऐसे इंसाफ चुटकी बजा कर नहीं दिए जा सकते। कानून और अदालत की अपनी प्रक्रिया है।

> बंगाल सरकार ने संवाद और समझौते का जो प्रयास किया था, वह आंदोलनकारी डॉक्टरों की जिद ने नाकाम कर दिया। एक नाटकीय घटनाक्रम जरूर सामने आया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने, हाथ जोड़ कर, बंगाल की जनता से माफी मांगी है। यदि जनता चाहेगी, तो वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा तक देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा है कि वह 'कुर्सी की भूखी' नहीं हैं, बल्कि न्याय की पक्षधर हैं। हालांकि रेप-मर्डर की शिकार डॉक्टर बिटिया के माता-पिता और आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कभी भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग नहीं की। इसे विपक्षियों ने मुद्दा बनाकर राजनीति करने की कोशिशें की हैं। डॉक्टरों का न्याय अलग किस्म का है, ताकि डॉक्टर बिटिया की आत्मा को सुख, शांति मिल सके। डॉक्टर मुख्यमंत्री से संवाद करने सचिवालय गए थे। उनकी संख्या 32 बताई गई है, जबकि सरकार ने 15 डॉक्टरों को ही, प्रतिनिधि के तौर पर, आमंत्रित किया था।

### भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं

## 'तरंग शक्ति': गरज रहा भारत का आसमान

योगेश कुमार गोयल

> भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है।

**भारत** की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया।

'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।



'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। 'तरंग शक्ति' में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे। 'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था। इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा 'रेड फ्लैग' अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लूफ्टवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्साटलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी।

भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास 'गगन शक्ति-2024' भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था। 'गगन शक्ति-2024' में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था। उस हवाई सैन्य अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिराज 2000, चिनूक, अपाचे, प्रचंड, ट्रांसपोर्ट विमान ग्लोबमास्टर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलस, सी-295 ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था।

दृष्टि कोण

## सिखों की सहानुभूति पाने के प्रयास में राहुल

**लगातार** तीन बार लोकसभा चुनावों में हार के बावजूद कांग्रेस का अल्पसंख्यकों के प्रति मोह कम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में करारी शिकस्त खाने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस बयानों के जरिए यह साबित करने पर तुली हुई कि वह सही मायने में अल्पसंख्यकों की खैरख्वाह है। ऐसी राजनीति की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। दो दशक पहले तक दबे-छिपे तरीके से हिंदुओं की बात करने वाली भाजपा खुल कर सामने आ गई। इससे देश में हिंदू-मुस्लिम मतदाताओं का स्पष्ट धुरवीकरण नजर आता है। अल्पसंख्यकों की हितैषी साबित करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमरीका में सिक्खों की भारत में सुरक्षा को लेकर बयान देकर संगठन को मुश्किल में डाल दिया। पहले मुसलमानों और अब सिक्खों को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेस भाजपा के निशाने पर आ गई। राहुल गांधी के बयान से खालिस्तान की मांग करने वाले पृथकतावादी संगठन के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू को जहर उगलने का मौका मिल गया। राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने और उनको बेखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। उनकी लड़ाई इस बात से है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' की बात का समर्थन है। बड़ी बात यह है कि राहुल गांधी की बात को उस सिख नौजवान भलिंदर सिंह ने भी गलत बताया जिसका नाम पूछ कर वॉशिंगटन में राहुल ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में गलतबयानी की थी। भलिंदर सिंह विरमानी ने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनका नाम पूछकर सिखों को लेकर जो कमेंट किया, वो पूरी तरह गलत था। भलिंदर सिंह ने कहा कि वो खुद भारतीय हैं, कुछ दिनों के लिए अमरीका आए हैं। उन्होंने भारत में कभी नहीं देखा कि किसी सिख को पगड़ी पहनने या कड़ा पहनने से रोका गया हो या किसी को गुरुद्वारे जाने में कोई दिक्कत हुई हो। देश में सिक्खों को लेकर प्यू रिसर्च सेंटर की सर्वे रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। प्यू रिसर्च सेंटर ने यह सर्वे 2019 से 2020 के बीच कराया था। इस सर्वे में महज 14 फीसदी सिखों ने ही माना था कि भारत में सिखों के साथ भेदभाव होता है। मगर अधिकतर सिखों का मानना था कि उन्हें भारत में कोई भेदभाव नहीं दिखता। इस रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 95 फीसदी सिख खुद को भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, बहुमत यानी 70 फीसदी सिखों का मानना है कि जो व्यक्ति भारत का अनादर करता है, वो सिख हो ही नहीं सकता। वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने दुनिया भर में भारत विरोधी प्रचार करने वाली अमरीकी सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की। इल्हान उमर डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता है। वो खुले तौर पर पाकिस्तान की हिमायती है और हर मंच पर भारत का विरोध करती है। राहुल गांधी अमरीकी सांसदों के जिस प्रतिनिधिमंडल से मिले, उसमें इल्हान उमर को खास तौर पर बुलाया गया था। इल्हान उमर वही है, जिसने 2022 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर कहा था कि कश्मीर पर भारत का कोई हक नहीं है, भारत को कश्मीर छोडऩा ही पड़ेगा। जून 2023 में इल्हान उमर अमरीका की संसद में भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव लेकर आई थी, जिसमें अमरीकी विदेश मंत्रालय से अपील की गई थी कि वह भारत को एक ऐसा देश घोषित करे जहां पर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होता है, जहां मुसलमान सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस के नेताओं के पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि राहुल गांधी पाकिस्तान समर्थक इल्हान उमर से क्यों मिले। इल्हान तो हमेशा से भारत के खिलाफ रही है।

कुछ अलग

## लो जी रिश्वत स्थगित!

**रिश्वत** बुरी बला है। लेनी और देनी नहीं चाहिए। यानी सार्वजनिक रूप से रिश्वत का आदान-प्रदान नहीं होना चाहिए। रोशनी में तो बिल्कुल नहीं होना चाहिए। इससे साख प्रभावित होती है। लेकिन सूर्य छिपने के बाद अंधेरे में अगर कोई ब्रीफकेस में नोट दे भी जाता है तो समझ लेना चाहिए कि लक्ष्मी खुद चलकर आई हैं। लक्ष्मी का निरादर नहीं होना चाहिए। लक्ष्मी जी दिन को बिजी होती हैं। रात को अपने वाहन पर सवार होकर निकलती हैं। उनका वाहन उल्लू रहता है। अब उल्लू के मूड पर डिपेंड करता है कि वह उन्हें कहां लेकर जाएगा। कई बार उल्लू भी भ्रमित हो जाता है और वह अपनी बातों में झांसे में लेकर लक्ष्मी जी को नेताओं, धन्नासेठों, तस्करों, माफियाओं की कोठी पर ले जाता है। यह सब कुछ अंधेरे में होता है, इसलिए दुनिया वालों को पता नहीं चलता। जैसे नेताओं के कारनामे कई बार पब्लिक को पता नहीं होते, लेकिन सीबीआई को पता चल जाते हैं। सीबीआई अंधेरे में भी तीर मार लेती है। इसलिए करनामे बेनकाब हो जाते हैं। सीबीआई और ईडी आजकल बहुत बिजी चल रही हैं। इसलिए न तो उन पर चर्चा करेंगे, न लक्ष्मी जी पर चर्चा करेंगे और न ही उल्लू पर चर्चा करेंगे। चर्चा सिर्फ रिश्वत पर होगी। और रिश्वत बुरी बला है। इससे साख दांव पर लग जाती है। साख यानी इमेज पर धब्बा नहीं लगना चाहिए, इसलिए नेताजी ने डिसाइड किया है कि 2 महीने तक रिश्वत स्थगित की जाएगी। कोई देने आएगा तो भी नहीं ली जाएगी। नेताजी ने इस बारे में बयान भी दे दिया है। बयान छप भी गया है और पब्लिक को पता भी चल गया है। पब्लिक में चर्चा शुरू हो गई है कि रिश्वत पर अब नकेल कसी जाएगी। लेकिन पब्लिक में कुछ नेगेटिव किस्म के लोग भी होते हैं। उनमें से एक कह रहा है कि रिश्वत पर लगाम नहीं लगी है, बल्कि दो महीने के लिए स्थगित की गई है। यानी 2 महीने बिल्कुल रिश्वत नहीं ली जाएगी और उसके बाद एक साथ ले ली जाएगी, ताकि रिश्वत की आत्मा को ठेस न पहुंचे। एक और नेगेटिव किस्म का व्यक्ति कह रहा है कि महंगाई और अपनी नाकामियों से पब्लिक का ध्यान हटाने के लिए नेताजी ने ऐसी घोषणा की है। रिश्वत का वजूद पहले भी था और बाद में भी रहेगा। क्योंकि खर्च पानी इसी से चलते हैं। इसी पैसे से चुनाव लड़े जाते हैं। इसी पैसे से बेनामी संपत्तियां बनाई जाती हैं। इसी पैसे से नेताओं की पत्नियां अपने शाही शौक पूरे करती हैं। विदेश यात्राएं करती हैं। महंगे महंगे होटलों में जाकर किटी पार्टियां करती हैं। रिश्वत तो परमोधर्मा है। यह अजर और अमर है। तीसरा नेगेटिव किस्म का व्यक्ति दलील दे रहा है कि अब नेताजी और भी कडक़ फैसले लेंगे। अपने विरोधियों को अंदर ठोक देंगे। कर्मचारियों के वेतन-भत्ते बंद कर देंगे। आर्थिक इमरजेंसी घोषित कर देंगे। हड़ताल, धरना, प्रदर्शन पर रोक लगा देंगे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे आगे देखिए होता है क्या। इब्तदाय इश्क है रोता है क्या। उसकी बात काटते हुए एक कट्टर समर्थक कहता है, नेताजी के हर कडक़ फैसले को राजनीति के चश्मे से देखना बंद कीजिए। ऐसे फैसले हर कोई नेता नहीं ले सकता। हमारा नेता अलग ही मिट्टी का बना हुआ है। उस मिट्टी को हमें नमन करना चाहिए। नेताजी की लंबी आयु और लंबे शासन की कामना करनी चाहिए। अभी तो रिश्वत पर ही फैसला हुआ है। आने वाले दिनों में पब्लिक को भी कडक़ फैसलों के लिए और कुर्बानी देने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए कुर्बानी जरूरी है। यह कुर्बानी नेताजी को नहीं, बल्कि पब्लिक को देनी चाहिए। नेताजी तो लोकतंत्र के प्रहरी हैं। सिंहासन पर बैठकर लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं।

देश दुनीया से

## हिंदी पर बाजार का कब्जा

> 1912 में प्रख्यात आलोचक व निबंधकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने यह बात कही थी। उदारवाद का बिगुल फूंकते बहुतेरे टीवी चैनल आ गए। अखबार रंगीन और चिकने पन्ने वाले हुए और ग्लोबलिस्टों की नई-नई टुकडिय़ां उनके संपादकीय पन्नों पर कब्जा करने लगीं। खुले दरवाजे पर तोरण की मानिंद लटकते पिंजरों में बैठे तोतों की तरह वे सुबह से शाम तक यह बताने लगे कि इस देश को 21वीं सदी में ले जाने के लिए हिंदी असमर्थ है। यह कठिन और दुरुह है। हिंदी को बिना शोध के टेक्नोफ्रेंडली से दूर किया गया। नतीजतन, धड़ाधड़ हिंदी के स्थापित और प्रचलित शब्दों को, जो संप्रेष्य थे, अपदस्थ कर उनकी जगह अंग्रेजी के शब्दों का उपयोग समाचारपत्रों में होने लगा। देशहित में हिंदी के विस्थापन को नए चिंतकों ने अनिवार्य मान लिया। अंग्रेजी के तीसरे दर्जे के कथित विद्वानों-लेखकों को हिंदी मीडिया में घर कर गई पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए जगह दी जाने लगी।

**भाषा** ही किसी जाति की सभ्यता को सबसे अलग झलकाती है, यही उसके हृदय के भीतरी कल-पुर्जे का पता देती है। किसी जाति को अशक्त करने का सबसे सहज उपाय उसकी भाषा को नष्ट करना है।' 1912 में प्रख्यात आलोचक व निबंधकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने यह बात कही थी। उदारवाद का बिगुल फूंकते बहुतेरे टीवी चैनल आ गए। अखबार रंगीन और चिकने पन्ने वाले हुए और ग्लोबलिस्टों की नई-नई टुकडिय़ां उनके संपादकीय पन्नों पर कब्जा करने लगीं। खुले दरवाजे पर तोरण की मानिंद लटकते पिंजरों में बैठे तोतों की तरह वे सुबह से शाम तक यह बताने लगे कि इस देश को 21वीं सदी में ले जाने के लिए हिंदी असमर्थ है। यह कठिन और दुरुह है। हिंदी को बिना शोध के टेक्नोफ्रेंडली से दूर किया गया। नतीजतन, धड़ाधड़ हिंदी के स्थापित और प्रचलित शब्दों को, जो संप्रेष्य थे, अपदस्थ कर उनकी जगह अंग्रेजी के शब्दों का उपयोग समाचारपत्रों में होने लगा। देशहित में हिंदी के विस्थापन को नए चिंतकों ने अनिवार्य मान लिया। अंग्रेजी के तीसरे दर्जे के कथित विद्वानों-लेखकों को हिंदी मीडिया में घर कर गई पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए जगह दी जाने लगी। विभिन्न संस्थानों के सीईओ, एमडी आदि पदधारियों से सौदेबाजी के लिए उनके लेख/इंटरव्यू छापे जाने लगे। अब यह होड़ हिंदी चैनलों में ही है। भाषा-संहार पर सभी मूक-बधिर बन गए। वस्तुतः किसी भी भाषा को खत्म करने के लिए पहले उसे कठिन बताओ, फिर उसका उपहास करो और अंत में उसे अनुपयोगी घोषित कर दो, ताकि वह अपने आप ही मर जाए। कोई भी भाषा केवल अपने साहित्य के दम पर जिंदा नहीं रह सकती। यह जरूरी है कि ये भाषाएं साहित्य-संस्कृति के साथ-साथ रोजगार की भी भाषाएं बनें। बाजार अपने राजनीतिक ताने-बाने के साथ अपना शब्द भंडार, शब्दावलियां और भाषिक प्रभुत्व भी बनाता है। इंग्लैंड में अंग्रेजी से पहले भी कई भाषाएं थीं और उनका साहित्य था। अंग्रेजी ने अन्य भाषाओं को दबा कर अपना प्रभुत्व इंग्लैंड में और कालांतर में उपनिवेशीकरण के जरिये दुनिया के दूसरे देशों को बढ़ाया। धीरे-धीरे अंग्रेजीकरण और ज्ञान प्रक्रिया का आधुनिकीकरण एक-दूसरे के पर्याप्त समझ लिए गए। विदित है कि हिंदी पहले बुद्धिवाद और समावेशी राष्ट्रवाद की वाहक मानी जाती थी, जो आज भी है, किन्तु बाजार ने इसे कहीं का नहीं रहने दिया। इसके सटीक उदाहरण आध्यात्मिक बाजार, मल्टी प्लेक्स और क्रिकेट के मैदान में दिख रहे हैं। क्या अंग्रेजी अपनाने से ही ज्ञान या सोच की प्रक्रिया आधुनिक हो जाएगी? उल्लेखनीय है कि एक उत्तर-औपनिवेशिक मामला भाषा, साहित्य और संस्कृति में अस्मिता की राजनीति का है। विडंबना है कि हम टेक्नोलोजी और आधुनिकीकरण के जितने शिखर पर चढ़ते जा रहे हैं, सामाजिक विविधता उतनी ही तेजी से सामाजिक भिन्नता में बदलती जा रही है। इसी कारण सांस्कृतिक हाहाकार मच रहा है। प्रतिरोध के दृश्य दिख रहे हैं। आज समाज को जो पीढियां नेतृत्व दे रही हैं, उनकी नैतिक गड़बडियों के मूल में कहीं भाषा के प्रति उनकी असावधानी और गैर जिम्मेदाराना सलूक तो नहीं है। कभी हिंदी का जन्म बाजार में हुआ था, बाजार में ही उसका विकास हुआ, पर आज बाजार ही उसे तहस-नहस कर रहा है। इसलिए, इसका विकास व भविष्य बाजार के हाथ में है। शिक्षा के बाजारीकरण ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी। अंग्रेजी ने तो आधुनिकता का अर्थ संकुचित कर दिया है, जबकि लंबे काल खंड से हिंदी आधुनिकता को व्यापकता प्रदान करते आया है। दुखद पहलू है कि विश्व-बोध के लिए ग्लोबल होना आवश्यक है, जिसमें बाधक राष्ट्र है। एक अफसर ने तो यह कह कर चौंका दिया कि भारतीय भाषाएं अवधारणात्मक चिंतन के लिए अंग्रेजी की तुलना में उतनी योग्य नहीं हैं। हिंदी केवल भाषा ही नहीं, यह भारत की स्वत्व, अस्मिता और संस्कृति की भी प्रतीक है। समाज में चेतना जागरण, देशभक्ति का भाव, अपनी संस्कृति और जीवन मूल्यों का ज्ञान भाषा के माध्यम से ही किया जा सकता है। आज भी हिंदी ही हम सबको एकता के सूत्र में बांध सकती है और समाज तथा राष्ट्र को समृद्धशाली बना सकती है। दुनिया में महाशक्ति का दर्जा पाने वाले देशों की अदालतों में मातृभाषा को अपनाया जाता है। फ्रांस ने 1539 में लैटिन को अपनी अदालतों से बेदखल किया था। जर्मनी ने 18वीं सदी में लैटिन से पिंड छुड़ा लिया। इंग्लैंड की अदालतों में एक समय जर्मन और फ्रेंच का बोलबाला था। रूस, चीन, जापान, वियतनाम, क्यूबा आदि में मातृभाषा का प्रयोग होता है। राष्ट्रीय अस्मिता, बाजार की मांग और पाठकों की पसंद को ही हिंदी पत्रकारिता की नियति मनाने वाले लोग इसको हिंदी की प्रगति के लिए सबसे बड़ा कदम मानते हैं।

आप का नजरीया

## ये बैरिकेड क्यों टूटे

**पौंग** गोविंद सागर और कोल डैम में डूबे अब एक मस्जिद के सामने अपनी संवेदना, अपना उबाल प्रकट करने लगे हैं। अब मामला अतिक्रमण से ऊपर कानून के मजहब से और भी ऊपर जा पहुंचा है और जहां एक अवांछित कुरुक्षेत्र संजौली की छाती पर छेद कर गया। यह नजारा किसके मनमाफिक रहा और किसे डरा गया। क्या चोट खाए अमन के लिए पुलिस कर्मियों का घायल होना सबूत नहीं कि कहीं आपसी वैमनस्य के पेड़ हरे हो रहे हैं या कसूर उस बैरिकेड का जो जनाक्रोश की आंधी से टूट गया और हारा तो वहां वो मुसाफिर भी, जो ईंट और पत्थरों के बीच फंसे गारे में पल भर के लिए धंस गया। हमने इस बहाने कुछ बीज बो दिए। कल ये उगेंगे और इस तरह नफरत के बीज फैलेंगे इस धरती पर इससे जो पहले कभी लाल न थी। मसले के कारण अनेक हो सकते हैं, शंकाओं के बादल अनेक हो सकते हैं, लेकिन इस दौर तक हम कैसे पहुंचे, यह देखना होगा। इन अवैध मंजिलों के वारिस वे भी हैं, जो व्यवस्था में रह कर व्यवस्था को कुतर रहे हैं। ये सारी दीवारें मौजूदा सरकार में नहीं चढ़ीं और न ही इसके विरोध में खड़े सभी लोग केवल धार्मिक संगठन थे, लेकिन दरारों पर पांव रखकर हम ऐसे मुद्दों के प्रति न्याय नहीं कर सकते। मस्जिद की फाइल पूर्व की कई सरकारों की शिकायत कर रही है, लेकिन अब बुधवार के घटनाक्रम ने बता दिया कि कब और किस मंजिल पर बैरिकेड टूट सकते हैं। विरोध, व्यवस्था, कानून और समाज के बीच खड़ी मस्जिद न तो यहां धर्म की प्रतीक बन कर लड़ाई का सबब बन सकती और न ही यह धार्मिक युद्ध क्षेत्र होना चाहिए। दरअसल मस्जिद का अवैध, अवांछित और गैर जरूरी विस्तार आंखों में धूल झौंकता रहा है, लेकिन मजहब की लाल आंखें हमारी परंपराओं से परे हैं। विरोध में समूह भी है और समुदाय भी। समूह यह देख रहा है कि कौन धोखा-कौन फरेब कर रहा है और समुदाय यह देख रहा है कि संप्रदाय क्या कर सकता है या कर चुका है। इन दोनों ही परिस्थितियों के बीच सरकार की भूमिका अहम हो जाती है। जाहिर है सियासत के अपने पैमाने हैं और ये बार-बार हिमाचल को उद्वेलित कर रहे हैं। बाबरी मस्जिद विध्वंस में हिमाचल की शांता कुमार सरकार को भले ही कुर्बान होना पड़ा था, लेकिन यहां के हिंदू बहुसंख्यक समाज ने धर्म के आधार पर इस हुकूमत की वापसी नहीं होने दी थी। बहरहाल अब सियासत का परिदृश्य पहले जैसा नहीं रहा और न ही राष्ट्रीय उद्बोधन। देश में बहुसंख्यकवाद के अलख जिस माहौल को जागृत कर रहे हैं, वहां समुदायों के बीच संवाद की गुंजाइश कम होती जा रही है और इसकी गूंज सोशल मीडिया के हर दायरे में परवान चढ़ चुकी है। इसी परिप्रेक्ष्य में संजौली का सैलाब केवल एक दिन की घटना नहीं, बल्कि आने वाले घटनाक्रम को आहूत कर रहा है। कुछ धार्मिक पहचान के शूल आंखों में खटक रहे हैं, तो नए मुद्दों के समीकरण प्रदेश की व्यापारिक गतिविधियों में भी देखे जा रहे हैं। मस्जिद एक पूजास्थल से आगे बढ़ कर अगर किसी शक्ति को प्रमाणित कर रही है या हर मंजिल पर चढ़ता सरिया प्रायोजित हो रहा है, तो परिवेश की चिंताओं को सुलगाने में एक तीर ही काफी है।

# हथियार और गोली के साथ चार अपराधी गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने अपराधियों के नापाक मंसूबे पर पानी फेरने में सफ़ल रही है।हथियार एवं जिंदा कारतूस के साथ अपराधी किसी बड़ी लूट कांड और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे हुए थे।चतरा एसपी विकास कुमार पांडे के कुशल नेतृत्व का नतीजा है कि समय रहते हीं पुलिस चार अपराधियों को हथियार और गोली समेत गिरफ्तार करने में सफल रही है। जबकि एक फरार बताया जा रहा है।पुलिस का दावा है कि फरार अभियुक्त बहुत जल्द हीं सलाखों के पीछे होगा। घटना के बाबत एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया की हमें गुप्त सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपराधी हंटरगंज से डोभी की ओर जा रहे है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने ग्राम नागर सोहाद मोड़ के पास वाहन चेकिंग लगाया गया।चेकिंग के दौरान मोटरसाईकिल पर सवार तीन लड़के पुलिस को देख कर भागने लगे, जिसे पुलिस के द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों से पूछताछ किया गया तो अपना नाम श्याम कुमार, बिंदु कुमार निखिल कुमार बताया । पकड़े गये लड़के को चेक करने पर श्याम कुमार के पास से अवैध लोडेड देशी कट्टा,गोली, मोबाईल फोन, बिंदु कुमार के पास से एक जिंदा गोली एवं मोबाईल, निखिल कुमार के पास से एक जिंदा गोली एवं मोबाईल बरामद किया गया। पूछताछ करने पर युवकों ने बताया कि हंटरगंज डोभी रोड पर चार चक्का, छोटी वाहनों को हथियार का भय दिखाकर लूटने एवं बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए निकले थे। तीनो लड़को को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं बारी-बारी से पूछताछ करने पर अपने अपराध स्वीकार करते हुए दो और साथियों का नाम नवनीत कुमार उर्फ दिपु, अभय कुमार उर्फ भोलू बताया गया है। जिसमें अभय कुमार उर्फ भोलू पिता ओम शंकर विश्वकर्मा, ग्राम शेरघाटी, जिला-गया, बिहार के द्वारा अन्य अभियुतो को हथियार एवं गोली उपलब्ध करवाता है। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल के द्वारा छापामारी करने पर नवनीत कुमार उर्फ दीपू कुमार ग्राम बहेरा थाना हंटरगंज के घर से 03 देसी कट्टा एवं 02 जिंदा गोली बरामद किया गया एवं गिरफ्तार भी किया गया। अभय कुमार उर्फ भोलु के गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान तेज कर दिया गया है। इस संदर्भ में हंटरगंज थाना कांड संख्या 179/2024, धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्मस एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से देशी कट्टा 04, जिंदा गोली 6, मोटरसाईकिल- 01 एंडड्रायड मोबाईल फोन-03 पिठ्ठू बेग 01, बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त श्याम कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता संजय सिंह,बिंदु कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता रामाश्रय सिंह, निखिल कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता हरि साव तीनो ग्राम बरमा थाना-गुरुआ जिला गया, राज्य बिहार के रहने वाले हैं। नवनीत कुमार सिंह उर्फ दिपु कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता सुनील कुमार सिंह ग्राम बहेरा थाना-हण्टरगंज जिला चतरा का रहने वाला है। नवनीत कुमार सिंह उर्फ दिपु कुमार के विरूद्ध हण्टरगंज थाना कांड सं0-184/23 धारा-379/411/34 दर्ज है।छापामारी दल में हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार एसआई विष्णुश्रण भोक्ता एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## मुख्यमंत्री के चतरा आगवन को लेकर चतरा जिला झामूमो परिवार ने मुख्यमंत्री से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आगामी 24 सितम्बर 2024 को चतरा आगवन तथा उसकी भव्य तैयारी को लेकर झामूमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति के नेतृत्व में सभी प्रखंड कमिटी व जिला कमिटी ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात किया। इस दौरान झामूमो कार्यकर्ताओ ने बुके देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वही चतरा झामूमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति व कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न बिन्दुओ पर विचार विमर्श किया। साथ ही कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का चतरा जिला आगमन पर भव्स स्वागत व कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया। वही झामूमो पार्टी के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मो आशिक, प्रखंड सचिव सुनील साव, प्रखंड उपाध्यक्ष चेता उरांव तथा प्रखंड कोषाध्यक्ष शिवदेव उरांव ने टंडवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ को लेकर संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा। साथ ही कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव मे झामूमो कार्यकर्ता सरकार बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। इस मौके पर चतरा जिला सहित सभी प्रखंडों से झामूमो पार्टी के दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तीन दिन से लगातार मूसलाधार बारिश और तूफान से जनजीवन अस्त व्यस्त





**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल क्षेत्र में तीन दिनों से हो रहे लगातार मुशलाधार बारिश और तूफान के कारण लोग घरों में दुबके पड़े है और जन जीवन अस्त व्यस्त है। कई गांवों में कच्चे मिट्टी का मकान धाराशाही हो चुका है। वहीं तेज हवा चलने के कारण कई पेड़ धाराशाही हो चुका है जिससे सड़क अवरूद्ध हो जाने के कारण सिमरिया पुलिस पेड़ को किसी तरह सड़क के किनारे करवा कर सड़क को बहाल करवा दिया है। और तो और तेज मुशलाधार बारिश के कारण डाड़ी स्कूल के पीछे एदला रोड़ के किनारे बने शंकर महतो के घर में पानी घुस जाने से लोगों को काफी परेशानी बढी है। शंकर महतो का कहना है की नव निर्मित सड़क बन जाने के कारण पूर्व में बने नाली को किसी ने जाम कर दिया है जिसके कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है। जिसे लेकर घर में वर्षा का पानी घुस गया है। जिससे हम लोगों को घर में रहने के लिए काफी परेशानी बढी है। हालाकि इसकी शिकायत के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचाधिकारी को लिखित रूप से दे चुका हूं फिर भी कोई कारवाई नहीं हुई है।

## पीरामल फाउंडेशन के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के सलगा गांव में पिरामल फाउंडेशन की गांधी फैलो चारू ने महिला समुह को संपूर्णता अभियान के बारे में जागरूक किया।और एएनसी चेकअप को लेकर महिलाओ के साथ चर्चा कीया।इसके अतिरंजित बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने और उनके साथ समय बिताने के लिए भी कहा। और स्कूल मे नियमित रूप से होने वाली मीटिंग में शामिल होने के लिए भी समझाया।और साथ ही साथ अपना खुद का काम शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया।

# मुखिया पर जानलेवा हमला, बाल बाल बचे मुखिया बबलू मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज के कोबना पंचायत के मुखिया बबलू कुमार मेहता पर रविवार की रात चाकू से किया गया जानलेवा हमला ।बबलू कुमार मेहता अपने गांव में आयोजित छठीयार कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जहां खाना खाकर लोगों के साथ बात कर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल से दो युवक आए और मोटरसाइकिल के पीछे बैठा युवक मुखिया के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। जिससे मुखिया का गर्दन कट गया और अचेत होकर गिर पड़ा। गंभीर अवस्था में मुखिया को हंटरगंज अस्पताल लाया गया। जहां स्थिति गंभीर होने के कारण उसे गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चाकू से वार करने वाले की पहचान कोबना गांव के रूप में हुई है। मुखिया ने जानलेवा हमले के पीछे पुल निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष गुट और अपने समर्थकों के बीच हुए विवाद को बताया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस हमलावर युवक के धर पकड़ में जुटी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस हमलावरों को शिनाख्त कर चुकी है।

## नाक के नीचे चल रहे शराब धंधा से थाना बेखबर, शराब की बू तक नहीं और तीन गांव में मारा गया छापा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पुलिस ने महुआ के अवैध शराब बनाये जाने के विरुद्ध चलाया विनिष्टिकरण अभियान, सैकड़ो लीटर अवैध शराब बनाने की भट्टी, शराब बनाने की बर्तन वह महुआ जावा को नट किया गया और यह थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांव सिंघानी गोपीपुर, बरवाडी मैं चलाया गया अभियान वह भी एक ही दिन में तीनों अलग-अलग गांव में पुलिस द्वारा चलाई गई अभियान बहुत अच्छी खबर बताई जा रही है लेकिन शराब बनाने वालों को पुलिस द्वारा केवल हिदायत दी गई। गिरफ्तारी एक की भी नहीं हुई। ताजुब वाली बात है की पत्थलगड़ा पुलिस को शराब कारोबारियो के बारे में भनक तक नहीं और शराब बनाने वाले खुलकर अपना धंधा में जुटे हैं। पुलिस को नींद जब खुलता है जब किसी अखबार द्वारा प्रकाशित किए हुए खबर को पढ़ते हैं और एकाएक पुलिस एक्शन में आती है और एक ही दिन में तीन गांव गोपीपुर, सिंघानी, शीतलपुर में जाकर छापा मारते हैं और शराब बनाने वाले के यहां पर दारू बनाने की सामग्री जावा महुवा व भट्टी समेत नष्ट कर देते हैं। लेकिन थाना से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर साप्ताहिक बाजार लगाया जाता है लालू मैदान पीपल के सामने आए दिन शराब पीने वालों और शराब कारोबारियों की भीड़ लगी रहती है। आए दिन शराबियो के बीच आपसी लड़ाई झगड़ा गाली गलौज देखने को मिलता रहता है।लेकिन इसके बारे में भी पत्थलगड़ा पुलिस बेखबर रहती है। हैरतअंगेज कर देने वाली बात, सूत्रों से पता चला है कि पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में नाक के नीचे शराब की मिनी फैक्ट्री लगी हुई है लेकिन पुलिस को इसकी बू तक नहीं सोचने वाली बात है थाना से दूर-दूर की गांव के कारोबारियों का पता तो थाना को चल जाता है। लेकिन अपने नाक के नीचे चल रहे धंधे से पुलिस बेखबर है।

## विशाल पेड़ गिरने से पति की मौत, पत्नी घायल

**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में सोमवार की सुबह 62 वर्षीय वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई है। जिसका इलाज हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हरवंश गंझू पिता स्वर्गीय गनौरी गंझू और पत्नी दसिया देवी सुबह भैस दुह कर दूध लेकर आ रही थी। तभी एक विशाल पेड़ उनके ऊपर गिर गया। जहां दोनों पति पत्नी बिहोश हो गए। परिजनों ने आनन फानन में प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए।जहां हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में हरवंश गंझू की मौत हो गई।

## बह रही हवा और हो रही बारिश को लेकर विद्युत आपूर्ति हुई बाधित

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार की रात्रि से हो रही झमाझम बारिश को लेकर कल रात्रि से ही विद्युत आपूर्ति बिल्कुल बाधित है जिसका पेयजल सहित सही समस्याओं से जुझ रहे हैं लोगो का मोबाइल और इनवर्टर भी डिस्चार्ज हो चुका है। जब मोबाइल डिस्चार्ज हो चुका है तो संपर्क भी लोगों का टूटा हुआ है सभी से।विद्युत आपूर्ति बाधित होने का कारण जानने के लिए जब स्थानीय विद्युत कर्मियों लाइन में पावर सबस्टेशन में विद्युत कर्मियों कॉल लगाया तो लगभग सभी का स्विच ऑफ था। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण कनीय विद्युत अभियंता अनिल कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बारिश और चल रही हवा के कारण चतरा-इटखोरी के बीच लाइन में फॉल्ट आया है बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रॉपर चतरा टाउन से लेकर पूरा जिला अंधेरे में है। जब यह पूछा गया कि क्या उम्मीद किया जाए क्या आज रात्रि तक बिजली बहाल हो पाएगी तो उन्होंने कहा की उम्मीद पर दुनिया जिंदा है देखिए जैसे ही ठीक होगा बिजली बहाल हो जाएगी।

## लातेहार के होटवाग स्थित एनएच-75 में डायवर्सन बह जाने से आवागमन बाधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले भर में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण एनएच -75 अंतर्गत होटवाग गांव के समीप डायवर्सन बह गया। जिसके कारण कई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। हालांकि एनएचआई विभाग द्वारा डायवर्सन के बगल में क्षतिग्रस्त पूल पर वैकल्पिक रास्ता को खोल दिया गया। वहीं डायवर्सन के समीप एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इधर बारिश के कारण जायत्री नदी ,औरंगा नदी, तुबैद नदी,सुकरी नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया। वहीं अन्य जलाशय लबालब भरे हुए हैं। इधर शहर के केंद्रीय विद्यालय के समीप एक विशालकाय पेंड़ गिर गया। जिससे शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इधर नगर पंचायत क्षेत्र के गायत्री मोहल्ला, चन्दनडीह, बाजारटांड़, बेहराटांड समेत कई मोहल्ले में पानी भर जाने से मोहल्ले वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं शहर के किनामाड़ में शीसल प्लांट के पास एक विशालकाय पेड़ गिरा,जिससे यातायात कई घंटे तक बाधित रही। वहीं सीआरपीएफ कैंप के पास वाहनों का लंबी कतार लग गई। जाम में दो एंबुलेंस भी फंसे रहे। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बड़ी गाड़ियां एक-एक कर धीरे-धीरे पार कराई गई। पुलिस ने सभी ट्रक को सीआरपीएफ कैंप के पास खड़ा कर दिया है। इधर अम्वाटिकर का तालाब में पानी भरने से सड़क पर पानी बह रहा हैं। वहीं बिशुनपूर ग्राम में दया पांडे का घर गिर गया। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की हैं। उधर बालूमाथ में लगातार बारिश होने से शेरेगड़ा पंचायत के तसतबार निवासी मीना देवी का मिट्टी का घर ध्वस्त हो गया।

## हजरत पैगंबर मोहम्मद स इंसानियत के आदर्श : रामचंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को ईद मिलादुन्नबी की जश्न भरी बरसात में देखने को मिला। प्रखंड के मुस्लिम बहुल इलाकों में हज़रत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश का जश्न बड़ी सादगी से मनाया गया। इस दौरान बरवाडीह, छेंचा, कुचीला, सरईडीह, पोखरी कलां चुंगरू समेत आस पास के क्षेत्रों जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला गया साथ ही नातिया कलाम के तराने के साथ सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा, यासीन की आमद मरहबा ताहा की आमद मरहबा जैसे नारों से इलाके गूंज उठे। खासकर बच्चे और जवानों के बीच काफी खुशनुमा माहौल रहा इसके बीच लंगरखानी का एहतेमाम किया गया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कमिटी के लोगों ने उन्हें पगड़ी पोशी कर इस्तकबाल किया। मौके पर विधायक सिंह कहा कि हज़रत पैगंबर मोहम्मद साहब इंसानियत के पैरवीकार रहे ।कहा कि वो इंसानियत के आदर्श माने जाते हैं उनके जिंदगी को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी।

## 21 सितंबर को विधिक सेवा सह सशक्तिकरण तथा 28 को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 21 सितंबर 2024 को टाउन हॉल, लातेहार में विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर एवं दिनांक-28 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किया जाना है।21 सितंबर 2024 को टाउन हॉल लातेहार में आयोजित होने वाले विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर में झारखण्ड उच्च न्यायालय, रॉंची के मुख्य न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद एवं प्रशासनिक न्यायाधीश अम्बुज नाथ द्वारा भाग लिया जायेगा। उक्त शिविर में लातेहार जिलान्तर्गत सभी विभागों / प्रखण्डों/अंचलों के द्वारा परिसम्पतियों का वितरण किया जायेगा। साथ ही 28 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित किये जाने वाले मामले को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में ससमय सूचीबद्ध करायेंगे। परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार को उपरोक्त कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

## गोदाम में आग लगने से लाखों की संपति जलकर खाक

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के गुरूद्वारा रेड में एक हार्डवेयर गोदाम में रविवार की रात अचानक आग लग गई। आग लगने से दो लाख से अधिक की संपति जलकर खाक हो गया। रात्रि में ही स्थानीय लोग और दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान पूरे मोहल्ले में आग लगने के कारण धुंआ फैल गया।लोगों ने रात जगकर गुजारी। इधर गोदाम राजेश कुमार महलका का बताया जा रहा है,जो स्व शंकर साव के मकान में था। श्री महलका ने बताया कि उन्हें रात के तकरीबन साढ़े तीन बजे मोबाइल पर सूचना मिली कि उनके गोदाम में आग लग गयी है। सूचना मिलने के बाद वे यहां पहुंचे तो देखा कि स्थानीय लोग और दमकल विभाग का वाहन आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है।

## तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त भारी नुकसान



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में तीन दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। 72 घंटे से बालूमाथ की बिजली गुल हो गई। वहीं चितरपुर ग्राम के समीप एक विशाल पेड़ का टहनी गिरने से मोटरसाइकिल में सवार होकर गुजर रहे रोशन लोहरा 18 वर्ष पिता सनी लोहरा ग्राम चितरपुर थाना बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे देखकर बालूमाथ गणपति स्वीट्स के संचालक राजीव रंजन द्वारा अपने कार में बैठाकर बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया। वहीं अत्यधिक बारिश होने से बसिया पंचायत के कुकुरभूका ग्राम में संजय कुमार पिता सुरेश साव एवं उमेश ठाकुर पिता भोला ठाकुर का खपरैल मकान ध्वस्त हो गया। वहीं इस मूसलाधार बारिश से बालूमाथ प्रखंड में सबसे ज्यादा और मुनाफा देने वाला फसल टमाटर की खेती पर बुरा असर पड़ा है। कई किसानों ने कहा कि टमाटर का पौधा जितना लगाया गया था। उसका 80 प्रतिशत पौधा गल गया है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।इधर 72 घंटे से बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को कई दैनिक कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तथा लोग अंधेरे में रहने को विवस हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द बिजली बहाल करने की मांग की है।

## 19 सितंबर से होगा विशाल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में आगामी 19 सितंबर से प्रकाश राम प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन होने जा रहा है ।इसकी तैयारी को लेकर रविवार को बालूमाथ होटल देव ईन में पूर्व विधायक प्रकाश राम के उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई।जिसमें बालूमाथ ,बरियातू एवं हेरहंज प्रखंड के कई खेल प्रेमियों ने हिस्सा लिया। पूर्व खिलाड़ी प्रेम प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस टूर्नामेंट में तीनो प्रखंड के कुल 150 टीम के भाग लेने की संभावना है तथा इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी को 51,000 नगद एवं शील्ड,द्वितीय स्थान पर रहने वाले टीम को 25,000 व शील्ड, तृतीय स्थान पर रहने वाले टीम को 15,000 व शील्ड तथा चतुर्थ स्थान पर रहने वाले टीम को 10,000 उपहार के रूप में दी जाएगी। वहीं पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है गांव देहात में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह का भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। ताकि यहां के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ऊंचे मुकाम तक पहुंचे। मो. शमीम ने बताया कि इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी को किसी भी प्रकार का कोई एंट्री फीस नहीं देना होगा तथा भाग लेने वाले टीम के खिलाड़ियों को फुटबॉल जर्सी समेत कई खेल सामग्री देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में सर्व समिति से एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रेम प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष संजय यादव को कोषाध्यक्ष बनाए गए। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में संजीव कुमार सिन्हा, शिवमंगल सिंह, नामेश्वर गुप्ता, विपिन राय, मो.जहूर, मोहम्मद सुफेद, सुरेंद्र गुप्ता, दिलीप कुमार, कमलेश सिंह, रंजय सिंह, कृष्ण यादव, संतोष सिन्हा, राकेश कुमार, धीरज कुमार समेत 51 सदस्य की टीम बनाई गई।

# ट्रेन से उतरने के चक्कर में भाई-बहन हुए घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से चोपन गढ़वा रोड रेलखंड पर श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार की सुबह भाई बहन उतरने के चक्कर में कूद गए। ट्रेन से कूदने के कारण दोनों भाई बहन गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों का इलाज़ स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। जहां चिकित्सक ने घायलों की स्थिति गम्भीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायलों में नगर उंटारी थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव के सोनपुरा निवासी मनोज चंद्रवंशी का 20 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और 16 वर्षीय पुत्री आशा कुमारी है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि मेरा बेटा और बेटी दोनों टाटा जम्मू तवी एक्सप्रेस से रेणुकूट से श्री बंशीधर नगर अपने घर आ रही थी,आने के क्रम में दोनो को नींद लग गया जिसके बाद गाड़ी खुलने के बाद नींद खुला तो वे लोग उतरने की कोशिश किए,जिसके बाद पैर फिसल गया फिर दोनो गिरकर घायल हो गए।

## बारिश से दुकानदार, व्यापारियों व किसानों को हुआ भारी नुकसान



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रहे मुस्लाधार बारिश से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मुस्लाधार वर्षा के चलते मुख्यालय स्थित सप्ताहिक बजार नही लगा।ज्यातर दुकाने बन्द रही,जिससे दुकानदारों, सब्जी बिक्रेताओं, व व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। वहीं लगातार बारिश व तेज हवा से साल्वे ग्राम के जुठा टांड टोला स्थित जल मीनार का सोलर प्लेट क्षतिगस्त हो गया। फौजदार गंझु के घर फे पास का पेंड़ गिरने से उसके घर का चारदिवारी पुरी तरह से क्षतिगस्त हो गया। टोला निवासी भवानी गंझु का भी चारदिवारी तेज बारिश से गिर गया। प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश से अनेकों मिट्टी व खपरैल का घर बुरी तरह क्षतिगस्त हो गए। साथ ही ज्यादा बर्षा के कारण मक्का और टमाटर के फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत टमाटर के पौधे गल गये है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुआ है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## नदी नाले उफान पर, शहर के कई इलाकों मे भरा पानी, बिजली गायब





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस बारिश ने न केवल लोगों की दिनचर्या को बाधित किया है, बल्कि शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर दी है। लगातार बारिश के कारण हजारीबाग की नदी-नाले उफान पर हैं। तालाब और झीलें भी लबालब भर गई हैं। वहीं शहर के कई इलाकों मे पानी भर गया है। बाबा पथ हुरहुरु, शिवपुरी, रामनगर, सुभाष नगर, बिरुवा कॉलोनी के साथ साथ कई अन्य इलाकों मे जलजमाव होने से बाढ़ जैसी स्तिथि हो गई है। जलजमाव होने से स्तिथि इतनी विकट हो गई है की लोग जरूरत के सामानों के लिए भी घर से बाहर नही निकल पा रहे हैं। सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना बच्चों, बुजुर्गो व दैनिक मजदूरों को हो रही है। बारिश के कारण बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। रविवार देर शाम से बिजली कटी हुई है और समाचार लिखे जाने तक बहाल नहीं हो पाई थी। बिजली की इस समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, क्योंकि बिना बिजली के न केवल घरों में अंधेरा है, बल्कि कई आवश्यक उपकरण भी काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं इस संबंध मे जब बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया की तेज बारिश और हवा के कारण पेड़ व बिजली के पोल गिरने से बिजली बाधित है जैसे ही बारिश रुकेगी मरम्मती का कार्य कर बिजली आपूर्ति की जाएगी। वैसे तो हजारीबाग नगरपालिका से अब नगर निगम मे तब्दील हो गई है लेकिन होल्डिंग टैक्स भी पहले के उपेक्षा कई गुणा वसूले जा रहे हैं मगर दिनों दिन सुविधा बद से बदतर होते जा रही है। बरसात मे इस तरह की स्तिथि से निपटने के लिए किसी भी तरह की कोई तैयारी नही की गई। अब तक विस्तारित हुए शहरी क्षेत्र मे ना तो उचित जल निकासी की व्यवस्था कर पाया है और ना ही नगर निगम से मिलने वाली सुविधाएं ही उन इलाकों के लोगो को मिल पाया है। ऐसी स्तिथि से इन क्षेत्रों के लोगो मे नगर निगम के प्रति रोष देखने को मिल रहा है। लोग बेबस होकर भगवान भरोसे इस स्तिथि मे जीवन काट रहे हैं

# रिमझिम बारिश के बीच बड़कागांव में धूम धाम से निकाली गई जुलूस ए मोहम्मदी

## दो दिनों से हो रही लगातार बारिश भी बच्चे, बूढ़े, जवान का हौसला नहीं तोड़ पाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पूरे प्रखंड में ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर जबरदस्त धूमधाम का नजारा देखने को मिला। अल्लाह के आखिरी नबी मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशियों को लेकर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल देखा गया। प्रखंड के कई गांव में लाइटों से सजे घर और मस्जिदों से खूबसूरती में चार चांद लगा गया। मस्जिदों और गलियों को इस्लामी झंडों, रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से सजाया गया। इस्लामी कैलेंडर के रबी-उल-अव्वल महीने की 12 तारीख को मनाया जाने वाला यह दिन, मुस्लिम समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बड़कागांव प्रखंड के ग्राम, बादम, बलिया, सिरमा, महुदी, मिर्जापुर, बड़कागांव, चट्टी, रुद्दी, डाडी, सिंदुवारी, चेपा, छवनिया, महुगाई, चंदौल आदि गांव में जुलूस ए मोहम्मदी धूम धाम से निकाली गई। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश भी बच्चे, बूढ़े, जवान का हौसला नहीं तोड़ पाई। जोरदार बारिश के बीच जुलूस ए मोहम्मदी में लोग शामिल हुए। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। रुद्दी का जुलूस बादम जामा मस्जिद पहुंचा उसके बाद बादम और रुद्दी का जुलूस हरली स्थित मजार और कब्रिस्तान तक गया। मजार और कब्रिस्तान में फतिहा के बाद जुलूस वापस बादम जामा मस्जिद पहुंचा। जामा मस्जिद के पास जुलूस में शामिल बच्चो के बीच बिस्कुट, चॉकलेट बांटा गया। जुलूस में शामिल सभी लोगों के लिए लंगर में खिचड़े का भी व्यवस्था किया गया था। जुलूस को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारी और जवान गस्ती करते नजर आए।

# पैगंबर मोहम्मद साहब ने शांति और इंसानियत का पाठ सिखाया : कारी अब्दुल कयूम

## झमांझम बारिश में भी बरही में निकला जुलूस -ए- मोहम्मदी, अमन शांति के लिए की गई दुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को पूरे भारतवर्ष के साथ बरही में भी शांतिपूर्ण तरीके से पैगंबर मोहम्मद साहब के विलादत (जन्म दिवस) के मौके पर बारह रबीउल अव्वल का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मोहम्मद साहब की विलादत के मौके पर मुस्लिम धर्म के मानने वाले लोग जुलूस निकालकर खुशियां मनाते हैं।इसी मौके पर बरही के शाकरी मोहल्ला पूर्वी पंचायत, शाकरी मोहल्ला पश्चिमी पंचायत, दरगाह मोहल्ला, थाना मोहल्ला, शादी मोहल्ला, रसोईया धमना पंचायत में छोटकी बरही, अंसार नगर, लश्करी, रसोईया धमना के लोग शामिल हुए। इस दौरान बारिश भी जमकर हुई लेकिन सभी आशिकान- ए - रसूल जोश के साथ जुलूस में डटे रहे। जुलूस में ÷सरकार की आमद मरहबा÷ ÷आका की आमद मरहबा÷ का नारा गूंजता रहा। जुलूस - ए- मोहम्मदी सभी मोहल्ले से होते हुए बरही चौक पर ठहरा। बरही चौक पर अमन शांति के लिए दुआ हुई और वहां से सभी लोग अपने-अपने घर लौट आए। जुलूस को संबोधित करते हुए मक्का मस्जिद के पेश इमाम कारी अब्दुल कय्यूम ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब केवल मुसलमानो के लिए ही नहीं बल्कि पूरे जहान (दुनिया) के लिए रहमत बनकर के आए और शांति और इंसानियत का पाठ सिखाया। वही जमा मस्जिद के पेश इमाम हाजी मुशर्रफ - उल- कादरी ने सलाम पढ़ाया और मदीना मस्जिद के पेश इमाम हाजी कलीमुद्दीन रिजवी ने दुआ करवाया ।इस जुलूस ए मोहम्मदी को सफल बनाने में बरही के तमाम लोगों की अहम भूमिका रही।

# इस बार बाबा केदारनाथ मंदिर में विराजमान होंगे मां दुर्गा, 50 फीट ऊंचा होगा पंडाल

**▶ करियापुर दुर्गा मंदिर परिसर में कोलकाता के कारीगर देंगे आकार**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** इस बार बरही प्रखंड के करियातपुर दुर्गा मंदिर परिसर में बाबा केदारनाथ के मंदिर में मां दुर्गा विराजमान होगी, इसकी तैयारी जोरों पर है। वह करीब 50 फीट का होगा, जिसे कोलकाता से आए कारीगरों के द्वारा आकार दिया जा रहा है। हम लोग जितना बेहतर हो सकेगा उतना बेहतर बाबा केदारनाथ के मंदिर का स्वरूप देने का कोशिश करेंगे। समिति के लोगों ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मानने व विधि व्यवस्था देखने के लिए 10 से अधिक सीसीटीवी कैमरा पूरे परिसर में लगाए जायेंगे जिससे आसामजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद केशरी, संरक्षक चंदन केशरी, कैलाश केशरी, राजकुमार रविदास, मुखिया मनोज कुमार, रामकुमार दास, राजेंद्र भगत, व्यवस्थापक टिंकु भगत, कार्यकारिणी के संदीप केशरी, संतोष केशरी, शशि सोनी, सत्य यादव, अंशु यादव, पवन केशरी, धर्मेंद्र प्रजापति, बिनोद केशरी, सन्नी भगत, आशीष केशरी,

# दुनिया के पहले वास्तुकार ब्रह्मांड के निर्माता भगवान विश्वकर्मा की पूजा आज



**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के परिवर्तन योगेश भारत माता बाल संस्कार शाला उपाधि आचार्य संदीप पाण्डेय ने कहा की 17 सितंबर दिन मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा मनाया जाएगा। विश्वकर्मा पूजा को विश्वकर्मा जयंती के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू सनातन धर्म का यह एक महत्वपूर्ण पर्व है। धर्म ग्रंथो में श्रृष्टि के रचियता ब्रह्मा जी का वंशज माना गया है। ब्रह्मा जी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तु देव थे। जिन्हे शिल्प शास्त्र के आदिपुरुष माना जाता है। इन्ही वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा की उत्पत्ति हुई। अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी महान आचार्य बने।मनु , मय, त्वष्टा,शिल्पी, और देव यज्ञ इनके पुत्र थे। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग अलग विद्याओं में विशेषज्ञ माना जाता है। विश्वकर्मा शिल्प शास्त्र के शिल्प शास्त्र के आविष्कारक और सर्व श्रेष्ठ ज्ञाता माने जाते है। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्यौहार जिसे शिल्पकार कारीगर श्रमिक एवम सभी लोग मनाते हैं। यह पर्व ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार और निर्माता भगवान विश्वकर्मा को समर्पित होता है। विश्वकर्मा की पूजा जो भी व्यक्ति करते है उसका घर दुकान कारोबार सभी उन्नति करते हैं। विश्वकर्मा पूजा के दिन सच्चे हृदय से दान पुण्य करने से कर्म बढ़ते है और अच्छी सफलता मिलता है। विश्वकर्मा का अर्थ विश्व मतलब संसार और कर्म का अर्थ निर्माता यानी दुनिया का निर्माण करने वाले पहले इंजीनियर माना जाता है।

# हजारीबाग में 48 घंटे से बिजली गुल, मुन्ना सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारी से की मुलाकात



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 48 घंटों से बिजली गुल होने के कारण जनता को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलने पहुंचे। मुन्ना सिंह ने बिजली विभाग के एसी साहब से मुलाकात कर जनता की समस्याओं को उनके समक्ष रखा, और जल्द से जल्द समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। मुन्ना सिंह ने कहा, मुन्ना सिंह की इस पहल से हजारीबाग की जनता को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है, और उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह इस मुद्दे को हल करवाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। **मुख्य रूप से उपस्थित** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, नगर उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ,रितेश तिवारी युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता, सादब , रेयान, बबलू सिंह, सुजीत सिंह, दिनेश यादव, पप्पू सिंह, प्रासाद , पिंटू, खान साहब , अशोक यादव , विक्की कुमार धान इत्यादि लोग उपस्थित रहे

# ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया,भारी वर्षा के बाद भी जुलुसे मोहम्मदी मे दिखी रौनक



**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शोमवार को चरही कोयलांचल क्षेत्र सहित चुरचू प्रखंड के विभिन्न गांव में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया। वही कोयलांचल क्षेत्र के पिपरा, कजरी, करीमगंज,प्रेम नगर तथा परेज में सुबह से ही जुलूस ए मोहम्मदी की रौनक देखने को मिली। मिलाद के प्रोग्राम में नबी का जिक्र करते हुए लोगों को बताया गया कि हमें हमारे नबी करीम ने बहुत कुछ सिखाया है जिसमें से अमन चैन दुनिया में कायम रखना एक दूसरे की मदद करना गरीबों के लिए हमेशा खड़े रहना मजबूर की मदद करना जैसे कई उदाहरण शामिल हैं कार्यक्रम के दौरान नबी का जिक्र करते हुए इमाम ने बताया कि हमारे नबी ने कभी भी किसी से झूठ ना खाने की हिदायत दी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने हमेशा हर हाल में सच के साथ जीवन व्यतीत करने की शिक्षा दी।

# ईद मिलाद-उन-नबी पर अलगडीहा में जलसा



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लगातार हो रही बारिश के बीच मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर अलगडीहा के मोहम्मदिया मैदान में जलसा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मौलाना मो हुसैन और संचालन कारी हाफिज तय्यब ने की। जलसा के मुख्यअतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कैयूम, पप्पू खान, सदर अब्दुल कैयूम, मो असगर और हाफिज अब्दुल कैयूम ने नात पेश किया। मौलाना मो हुसैन,मौलाना मूर्तजा मिशवाही, मौलाना मजहर, कारी मो मुमताज़ , मौलाना सफायात ने मोहम्मद साहब की जीवनी पर लोगों को जानकारी दी। जलसा में हाफिज अरमान खान, हलीम खान, शाहजहां अंसारी, असमत अंसारी, जहूर अंसारी, फिरोज खान, मो अल्लाउद्दीन, शफीक अंसारी समेत अन्य लोग शामिल थे।

# धनवार में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, चार लोग घायल



रामधनी ठाकुर



रोहिणी देवी



रविन्द्र ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट हुई। जिसमें रविन्द्र ठाकुर, सतेन्द्र ठाकुर दोनों का पिता रामसहाय ठाकुर दोनो घायल हो गए। जिसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सतेन्द्र ठाकुर को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वही रोहिणी देवी पति मनोज ठाकुर, रामधनी ठाकुर पिता स्व टुकन ठाकुर भी घायल हो गए, जिसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं रामधनी ठाकुर एवं रोहिणी देवी भी घायल है। इधर एक पक्ष से रोहिणी देवी पति मनोज ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन दिया, जिसमें जानलेवा हमला, छेड़खानी व छिनतई करने का आरोप पांच लोगों पर लगाया। वही दूसरे पक्ष के रविंद्र ठाकुर पिता राम सहाय ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन दिया जिसमें घर में घुसकर, गली गलौज करने, लोहे के राड एवं तलवार से मारकर बेहोश कर देने, सोने का चैन का छीनतई करने व जान से मारने की धमकी के आरोप 14 लोगों पर लगाया है। इधर बरही पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# दो दिन से हो रहे भारी बारिश के कारण मिटटी का घर गिरा, दुसरे के घर में रहने को मजबूर हुआ परिवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में दो दिनों से हो रहे बारिश के कारण तलसवार पंचायत के ग्राम पलान्डू में कोशल्या देवी पति तेतर करमाली का कच्चा मिट्टी का घर गिर गया।मजबूरन अपने बाल बच्चों के साथ दूसरे के घर में रहना पड़ रहा है। घर के अन्दर रखा खाद्य सामग्री भी मिटटी के दिवार गिरने से मिटटी से दब गया। दुसरे घर से अनाज लेकर अपने बच्चों का पेट भरना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं तलसवार पंचायत के मुखिया गीता देवी से अनुरोध करते हुए रहने के लिए आवास की मांग की है। इसके अलावा प्रखंड में बारिश के कारण दर्जन भर से अधिक मिट्टी के कच्चे मकान गिरने की सूचना मिल रही है। प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को इस ओर विशेष ध्यान देते हुए तमाम जरूरतमंद लोगों के लिए आवास मुहैया कराने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ित परिवारों को जीवन यापन करने में दुश्वारी ना हो।

# माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए बादम से 15 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम स्थित मां पंचवाहिनी मंदिर से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था सोमवार को रवाना हुआ। श्रद्धालु बस के माध्यम से कोडरमा रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां से ट्रेन के माध्यम से जम्मू जाएंगे। इस श्रद्धालु प्रमोद कुमार ने बताया के हम लोग 12 दिनों के यात्रा पर जा रहे हैं। हमारे साथ जत्थे में कुल पंद्रह लोग है। जम्मू पहुंच कर माता का दर्शन करेंगे और क्षेत्र की सुख शांति के लिए माता से प्रार्थना करेंगे। दर्शन के लिए जाने वालों में जय प्रकाश राम, रामसेवक महतो, लखन महतो, आर्यन कुमार, प्रसांत कुमार, नैतिक कुमार, भाविक सावर, करनी देवी, सुनिता देवी, कलवा देवी, संगीता कुमारी, ललिता देवी, पार्वती देवी, प्रायक्ता सावर शामिल हैं।

# 5 किलो अनाज की जगह बेरोजगारों को रोजगार एवं मुफ्त शिक्षा दे सरकार : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने सदर विधानसभा के खुटरा एवं पबरा पंचायत का दौरा किया। इस दौरान खुटरा में डॉ मेहता ने कहां केंद्र एवं राज्य सरकार से गुजारिश है की 5 किलो अनाज के जगह नौजवानों को रोजगार मैंईया सम्मान योजना, अबुवा आवास, सखी सहायता, महिला ग्रुप योजना, हजारों हजार, नियुक्तियां, 2 लाख तक कृषि ऋण माफी, 200 यूनिट बिजली निशुल्क मुख्यमंत्री असाध्य योजना, ओबीसी के लिए 27त्न आरक्षण बिल प्रस्ताव पारित करना, पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक एवं होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा देना तथा तीन गुना वेतन बढ़ाना,सोबरन साड़ी धोती, छात्रों को दोगुनी छात्रवृत्ति, प्रखंड से शहरों तक बस सेवा, बेरोजगारों रोजगार, बोलोरो गाड़ी देना, कृषि संबंधी सामग्री एवं दुधारू पशुओं पर 80त्न के सब्सिडी देना इत्यादि योजनाएं झारखंड वासियों के लिए खुशहालीदायक है। वहीं मौके पर उपस्थित डॉ चूड़ामणि दाँगी ने कहा की सरकार की योजनाओं का संपूर्ण भारत में प्रशंसा किया जा रहा है जबकि केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण लाखों सरकारी नौकरियां समाप्त हो चुका है। अनेकों उपकरण या तो बंद हो चुके हैं या गुजरात के धनाढ्य व्यापारी खरीद रहे हैं जिसका जल्द पतन होगा जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ सिपी दांगी मनोज मेहता प्रो भुवनेश्वर महतो संजय रविदास राजकुमार कुशवाहा नारायण कुशवाहा सुरेंद्र मेहता मेहता रवि यादव छोटू कुशवाहा बालेश्वर महतो बबलू मेहता अशोक मेहता मौलाना मुख्तार राजू दास नरेश दीपक सिंह राजु मेहता इत्यादि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

# हुजूर मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम के जन्मदिन पर विष्णुगढ़ में निकाला गया जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के तमाम मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ हुजूर मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जन्मदिन के मौके पर विष्णुगढ़,नवादा,बराय,गैंडा एवं अन्य स्थानों से बड़ी तादाद में जुलूस निकाला गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जुलूस को पूरी तरह जिला प्रशासन के निर्देशो का पालन करते हुए निकाला।जुलूस के दौरान ÷हुजूर की आमद मरहबा÷ के नारों से पूरा विष्णुगढ़ गूँज उठा। इस मौके पर मुख्य रूप से मोश्र नेजाम, रफीक आलम, सैय्यद सोहराब, अंसारी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी, सदर मोहम्मद खलील अंसारी,सैय्यद शाहनवाज, अबरार अंसारी, तौहीद अंसारी, दिलेर , सदर असलम , सेक्रेट्री मनव्वर अंसारी, फखरुद्दीन, कमरुल अंसारी, मो.सरफराज (बंटी टेंट हाउस), मुंसेफ (पगार) समेत सैकड़ो की तादाद में लोग शामिल थे। हुजूर मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम के जन्मदिन पर विष्णुगढ़ में निकाला गया जुलूस।

# जोगीडीह की टीम ने बधियाजवार्ड टीम को 2 गोल से पराजित कर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत विजैया उत्क्रमित उच्च विद्यालय मैदान में शिवशक्ति क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट फ़ाइनल मैच जोगीडीह उरवां और बधियाजवार्ड के बीच खेला गया। जिसका शुरुआत मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम ने फुटबॉल को कीक मारकर किया। एक घंटे का रोमांचक खेल में जोगीडीह उरुवा के टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बधियाजवार्ड टीम को 2 गोल से हराकर इस ट्रॉफी पर कब्जा किया। मौके पर मुख्य अतिथियों ने जोगीडीह टीम को 15 हजार रू सहित टॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं रनर टीम बधियाजवार्ड के टीम को 11 हजार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं मैन ऑफ दा मैच केदार यादव एवं मैन ऑफ सीरीज जोगीडीह के गोल कीपर मंटू कुमार को दिया गया। मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दसरथ यादव उपमुखिया सुखदेव यादव, समाजसेवी सुरेश कुशवाहा, पप्पू खान, लोकेश प्रसाद, शिक्षक हिमांशु बमबम, रमजान अंसारी, विजय यादव, दसरथ महतो, किशोर कुमार, रवि प्रसाद, सुनील कुमार, राजेंदर यादव, केदार महतो, त्रिलोकी प्रसाद, अरुण राणा, चन्द्रिका प्रसाद, अजय साव, केदार यादव, चितरंजन यादव, मुकेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकाला गया जुलूस






प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** मिलाद उन नबी के जन्मोत्सव पर नूरी मस्जिद हेसला में जुलूस निकाला गया। वही कैलाटोंगरी ,फुलसराय, मानुवां, अंसारी मोहल्ला से भी जुलूस निकाला गया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद हजारों लोग भींग कर जुलूस में शामिल हुए। सभी उत्साहित थे। सभी बूढ़े बच्चे और जवान हाथों में झंडा लिए हुए नारे लगा रहे थे। जुलूस कैलाटोंगरी मस्जिद से निकलकर फुलसराय होते हुए मानुवां होते हुए हेसला अंसारी मोहल्ला होते हुए नूरी मस्जिद हेसला में जुलूस समाप्त हुआ । इस दौरान नूरी मस्जिद हेसला इमाम मोहम्मद आलम राजा ने बताया कि आज हम लोग पैंगम्बर पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव मना रहे हैं। उनके जन्मदिन पर जुलूस निकाल हम लोग खुशी का इजहार कर रहे हैं। उन्होंने पूरी दुनिया को अमन,चैन और शांति का पैगाम दिया।उनका मानना है कि लोगों में सबसे बेहतर इंसान वही है जो दूसरों को मदद करें। इसी को अगर सभी पालन करें तो पूरे विश्व में अमन शांति हमेशा कायम रहेगा।साथ ही मुस्लिम समाज ने अरगड्डा ,सिरका, बुध बाजार ,चपरी आदि जगहो में भी ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला गया। इस मौके पर मानुवां मस्जिद के इमाम अब्दुल मुस्तफा मिसबाही , मानुवां औलिया मस्जिद के इमाम , हाफिज तनवीर आलम, फूलसराय मस्जिद के मौलाना मोहम्मद साबिर अली , कारी मुश्ताक अहमद , हफीज हैदर नवाजी, हाजी शमीम ,हाजी अहमद गफ्फार, सोमू खान, पम्मू खान, खुर्शीद आलम, इम्तियाज़ खान असगर खान आदि उपस्थित थे।

# नईसराय अंजुमन एवं नौजवान कमेटी के द्वारा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** सोमवार सुबह 10 बजे एन एच 33 के पश्चिम में माइंस रेस्क्यू दक्षिण में मदरसा के जानीब से जामा मस्जिद के इमाम साहब सलातो सलाम पढ़ाए । उसके बाद ईद मिलादुन्नबी का जुलूस ए मोहम्मदी सलीम ख़ान के अध्यक्षता में निकाली गई। यह जुलूस नईसराय से गांधी चौक, गोल पार, लोहार टोला होते हुए सुभाष चौक पहुंची और फिर वापस नईसराय के लिए रवाना हुए । वही लगातार हो रही मूसलाधार बारिश में भी जुलूस नहीं रुकी। सभी बूढ़े बच्चे और जवान ईद मिलादुन्नबी के नारे लगाते हुए जुलूस में शामिल हुएइस जुलूस में मुख्य रूप से नईसराय सेक्रेटरी कमाल मो दिलदार मो जिलानी आसिफ़ इकबाल सैफ अली गुलजार विक्की मो कलीम मो सेराज मो आलम एवम सैकड़ों के संख्या में जवान बच्चे और बुजुर्ग लोग शामिल हुए।

## दो दिन से हो रहे लगातार बारिश से सभी छोटी-बड़ी नदियां अपने उफान पे

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में बीते दो दिनों से हो रहे लगातार बारिश के बाद पतरातू डैम का चौथ फाटक आज खोल दिया गया है। बताया गया कि पतरातू डैम के चारो फाटकों खोल कर तीन इंच पानी छोड़ जा रहा है ।डैम का जलस्तर लगातार हो रहे बारिश के बढ़ता जा रहा था। डेम का फाटक खोलने से दामोदर नदी और रजरप्पा में भैरवी नदी भी उफान पर है भैरवी नदी में बना पुल पूरे तरीके से डूब गया है इसके कारण गोला से रजरप्पा मंदिर आने का रास्ता फिलहाल बंद है बताया गया कि अगले दो दिनों तक इसी तरह बारिश पूरे रामगढ़ जिले में होता रहेगा लगातार बारिश के बाद कई जगह पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है । रोड में लोग एका दुका देखने को मिल रहे हैं हालांकि धान के किसान लगातार हो रहे बारिश से काफी खुशी महसूस के रहे हैं।



## जेएसपी पतरातू में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जेएसपी पतरातु के द्वारा ओजोन परत के बारें में समाज के विभिन्न वर्गो को जागरूक करने के साथ ही इसे बचाने के समाधान की ओर ध्यान एकत्रित करने के उद्देश्य से जिंदल कम्युनिटी कॉलेज, पतरातू के छात्र एंव छात्राओं के बीच चित्रांकन, वाद विवाद और भाषण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन, जिंदल आशा, जेएसपी प्रांगण में आयोजित किया गया। जाने माने उद्योगपति एंव कुरुक्षेत्र, हरियाणा के सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पॉवर (जेएसपी) हरित पर्यावरण निर्माण के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है, तथा अपने पतरातू यूनिट में हाल में ही चार इलेक्ट्रिक कारों का संचालन शुरू किया है। उनका मानना है कि आधुनिकता के दौर में हमे सतत विकास और हरित पर्यावरण के प्रति सदेव समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



## जवाहरनगर ज्योति क्लब दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहरनगर ज्योति क्लब दुर्गा पूजा समिति की बैठक सोमवार को मंडप परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू और संचालन मुकेश राउत ने किया। बैठक में भव्य दुर्गा पूजा पंडाल बनाने, आकर्षक विद्युत साज-सज्जा, साफ-सफाई, रावण दहन सहित पूजा की अन्य तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू के पुत्र पंकज साहू ने दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित होने वाली मां दुर्गा, कार्तिकेय, मां लक्ष्मी, सरस्वती मां और गणेश भगवान की प्रतिमा का खर्च वहन करने की घोषणा की। साथ ही रावण दहन में भी सहयोग करने की बात कही। आगे बैठक में धन संग्रह और दुर्गा पूजा के दौरान विशेष पूजन की तैयारी की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में प्रदीप मांझी, कामेश्वर मेहता, दीपक कुमार, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित, उपेंद्र शर्मा, पवन कुमार, बिट्टू दूबे, अप्पू मिश्रा, रौशन कुमार, गौतम कुमार, बिंदा साव, विजय गोस्वामी, बृजलाल सिन्हा, दिग्विजय सिंह, गौतम कुमार, मिंटू भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।



## बड़कागांव मे चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में सयाल से आजसू कार्यकर्ता होंगे शामिल

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल आठ नंबर स्थित एजेकेएसएस युनियन कार्यालय में सोमवार को आजसू कार्यकर्ताओ कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता बिनोद कुमार ने किया। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश सिन्हा शामिल हुए। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 सितंबर को बड़कागांव में विधानसभा स्तरीय चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में सयाल कोयलांचल से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। वहीं मौके पर आजसू केन्द्रीय सचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि इस बार बड़कागांव विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी के प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी कि जीत सुनिश्चित है। वहीं इस मौके पर संतोष ठाकुर,बिनोद कुमार सिंह,रामबिहारी साव,जितेंद्र करमाली,सनी कुमार,बिनोद सिन्हा,गोकुल प्रसाद ,अदीप कुमार,चंदन कुमार,मनीष कुमार,मुकेश भगत,मोनू कुमार,अक्षय कुमार,रमेश मुंडा ,मनीष कुमार,विकी कुमार,जीतू पासवान,हरिचंद्र झा आदि लोग उपस्थित थे।



## आजसू बदलेगी बड़कागांव की तस्वीर : दिलीप दांगी

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी की एक आवश्यक बैठक सोमवार को मतकमा चौक स्थित राजनंदिनी मैरेज हाल के सभागार में हुई । बैठक की अध्यक्षता मुखिया ब्यास पांडेय एवम संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया । बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित थे । विशिष्ट रूप से युवा आजसू के वरीय नेता रितिक चौधरी उपस्थित थे ।बैठक के दौरान आगामी 22 सितंबर को प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान बड़कागांव में प्रस्तावित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन की वृहत तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई । बैठक को संबोधित करते हुए दिलीप दांगी ने कहा की राज्य भर में आजसू का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन हो रहा है । जिस कड़ी में 22 सितंबर को बड़कागांव में आजसू का विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन है । बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के हजारों चूल्हा प्रमुख इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे । सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो सहित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी , विधायक सुनीता चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत सहित कई केंद्रीय नेता शिरकत करेंगे । बैठक में मुख्य रूप से कामेश्वर मेहता, विक्रांत साहू, राजन सिंह, मुन्ना श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, कैलाश प्रसाद, जितेंद्र वर्मा, राजेश मंडल, बिरेंद्र महतो, सूरज कुमार, देव कुमार बेदिया, अभिषेक कुमार, नवीन करमाली, उपस्थित थे ।

# सयाल व उरीमारी में मोहम्मद पैगंबर साहब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी, निकाली गई जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** कोयलांचल सयाल व उरीमारी में सोमवार को हजरत पैगम्बर मुहम्मद साहब का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ?वही इस दौरान सयाल व उरीमारी एवं टिपला मदरसा से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस निकाला गया। वहीं जुलूस में शामिल सभी लोगो के हाथों में झंडा व बैनर लिए एक से बढ़कर एक नात व तकरीर प्रस्तुत किया। वहीं यह जुलूस सयाल के मदरसे से निकाला गया और सयाल कि विभिन्न कॉलोनियों से होकर पुनः सयाल मदरसा पहुंचा। वहीं दूसरी ओर उरीमारी मदरसे से निकाली गई जुलूस विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए थाना कॉलोनी पहुंची और थाना कॉलोनी से उरीमारी चेकपोस्ट होते हुए पुनह उरीमारी मदरसा पहुंचा। वहीं मोहम्मद पैगम्बर साहब कि जयंती पर जुलुस में बुढ़े, बच्चे, युवा व बच्चीयो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस में शामिल लोगों ने मोहम्मद पैगम्बर साहब को याद किया। वहीं पैगम्बर मोहम्मद साहब कि जयंती पर जुलुस ए मोहम्मदी में शामिल मौलाना जसीमुद्दीन अंसारी, सदर मो. फिरोज अंसारी, सिक्रेट्री मो. मुमताज़ अंसारी, मो. तसमील अंसारी, मो. असलम अंसारी,मो. इकाब्ल हुसैन, मो.सग़ीर अहमद, मो. फ़रीद अंसारी, मो.अली, मो. मुस्लिम मियाँ, मो.अजमूल, मो.सलामत, मो.ग़ुलाम वारिश, .मो नौशाद आलम ,मो.सआदत हुसैन आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# भुरकुंडा में सरना स्थल पर कोयला जमा करने एवं रोड बनाए जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** ग्राम लपंगा के खाता न.48,प्लॉट न. 244,रकवा -1-39एकड़ जमीन जो भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में स्थित है जिसे बूढ़ी जाहिर सरना स्थल कहते है, वहाँ गाँव के पाहन महादेव बेदिया, इंद्रदेव बेदिया के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने मिल के अपने पारम्परिक पोशाक (लाल पायर सारी, सरना झंडा व धोती गंजी )पहनकर पूरी आस्था व विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया !आगे गाँव के पाहन महादेव बेदिया व इंद्रदेव बेदिया ने ग्रामीणों के बिच अपनी बात रखते हुए कहा कि आज सरना का अस्तित्व खतरे में है क्योंकि आज सरना में कोयला कारोबारी,रेलवे अधिकारीयों के साँठ गांठ से कोयले का धंधा जोरों से चला रहे हैं, सरना के जमीन पर अवैध तरीके से कोयला जमा किया जा रहा हैं एवं सरना के जमीन पर सड़क बना दिया गया है !आज सरना में पूजा पाठ करना मुश्किल हो गया, साइडिंग प्रबंधक से बात करने पर कोई बात नहीं सुनते, इससे सरना धर्मलंबियों के बीच साइडिंग प्रबंधक व रेलवे अधिकारीयों के खिलाफ काफी आक्रोश है !गांव के पाहन आगे ग्रामीणों को बतलाया कि बूढ़ी जाहिर सरना में ग्रामीण पूर्वजों के समय से पूजा पाठ करते आ रहें है, सरना कि चाहरदिवारी के लिए जिला कल्याण विभाग को आवेदन दिया गया है !गांव के ग्रामीणों ने कहा कि साइडिंग प्रबंधक व रेलवे अधिकारी सरना कि जमीन पर से कोयला हटा ले एवं अपना सड़क बंद कर ले, ऐसा नहीं करने पर साइडिंग प्रबंधक व रेलवे अधिकारीयों के खिलाफ सरना धर्मलम्बी आर -पार कि लड़ाई तेज करेगी !पूजा अर्चना में मुस्कान बेदिया, फूल कुमारी, तारनी बेदिया, मनराज बेदिया, सुनील बेदिया, विजय बेदिया, प्रकाश बेदिया, मोतीलाल महतो, ललकिशुन बेदिया, दुर्गा बेदिया, सारो देवी, मीणा देवी, चैती देवी, मनको बेदिया, वीणा बेदिया के अलावे दर्जनों सरना धर्मलम्बी उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी का विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन 22 सितंबर को बड़कागांव में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** सोमवार को आजसू पार्टी आवासीय कार्यालय पीटीपीएस पतरातू में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो व संचालन प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश सिंह ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी और केंद्रीय महासचिव विजय कुमार साहू उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 22 सितंबर को बड़कागांव 10 +2 हाई स्कूल मैदान में विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन कार्यक्रम तय किया गया। जिसकी तैयारीयों पर विशेष चर्चा भी की गई। वहीं रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव में आयोजित विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। जिसमें हजारों की संख्या में पार्टी के चूल्हा प्रमुख एवं पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार पाठक, चंदन कुमार, राजू कुमार, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र झा कालेश्वर महतो, वरीय नेता राहुल कुमार, धनेश्वर महतो, बैजनाथ राय, राजेश पटेल, उज्जवल कुमार, सुधीर कुमार, लक्ष्मीकांत, लालू कुमार, मनोज राम, फूलचंद महतो, गोविंद महतो, संजय कुमार सिंह,लक्ष्मीकांत महतो, मिथिलेश सिंह, धीरज कुमार और गणेश कुमार सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# पीवीयूएन के विस्थापित प्रभावित करो या मरो की स्थिति में : विप्रसं मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** कटिया सरना काली मन्दिर में विप्रसं मोर्चा के कोर कमिटि की बैठक आदित्य नारायण प्रसाद की अध्यक्षता तथा भूवनेश्वर महतो व किशोर कुमार महतो के संयुक्त संचालन में सम्पन्न हुई।बैठक में विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा द्वारा घोषित आगामी 19 सितम्बर 2024 से पीवीयूएन गेट के समक्ष घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन के तहत विशाल धरना-प्रदर्शन की तैयारी को अंतिम रुप देने के लिए बुलाई गई बैठक में सभी गांव में चल रहे तैयारी की समीक्षा की गई। प्रत्येक गांव के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया की तैयारी को पुख्ता करने के लिए हरेक घर से एक-एक पैला चावल,दाल इकट्ठा दो दिनों में पूरा कर ले।तथा निर्णय लिया गया की 19 सितम्बर को अधिक से अधिक महिला पुरुष बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी गांव में 18 सितम्बर 2024 को शाम में मशाल जुलुस निकाले बैठक के माध्यम से कहा गया कि पीवीयूएन प्रबंधन मांगों को पूरा करे अन्यथा विस्थापित-प्रभावित सभी लोग करो या मरो की स्थिति में हैं यह आंदोलन निर्णायक होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी पीवीयूएन प्रबंधन की होगी।बैठक में मुख्य रुप से कुमेल उरांव, राजा राम प्रसाद, प्रदीप महतो, कौलेश्वर महतो, प्रिय नाथ मुखर्जी, प्रकाश कुमार, राजेश कुमार, शशि, रमेश महतो, रॉकी मुंडा, राकेश, मुंडा, कुलेश मुंडा, संतोष उरांव , मनु मुंडा, छोटु करमाली, संदीप, रिंकू देवी, बिना देवी, अनीता देवी, चिंता देवी, असलम, जयकिशोर पाहन, रमीज़ इक़बाल, सुमेल उरांव, जितेन्द्र उरांव,मोहन मुंडा आदि उपस्थित थे

# झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संभालना युवाओं की ज़िम्मेदारी : संतोष महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांस्कृतिक-सामाजिक अगुवा और जेएलकेएम के नेता संतोष महतो ने करम परब के अवसर पर विभिन्न अखरा में करमैतीन बहनों से मुलाक़ात की और करम की आशीष और शुभकामनाएँ दी। कैथा, कुसुमटोला, गोबरदरहा, छत्तरमाण्डू, हुहूवा, कोठार, कुन्दरू, बारलोंग, मारंगमरचा, सिकनी बिरहोंहे सहित कई गाँवों का दौरा किए और करम परब के ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्व के बारे में बातें रखी।करमैतीन बहनों ने भी पूरे हर्ष के साथ उनका स्वागत किया और महतो के उपहारों को स्वीकार किया।करम परब के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि इस परब में सृष्टि के उत्पत्ति का सार संदर्भ निहित है।चार साल से सोलह साल की कुँवारी बहनों द्वारा यह परब मनाया जाता है।सात प्रकार के दालों और धान के बीज का नदी से लाये सबसे साफ़ बाला में जावा लगाया जाता है और सात,नौ या ग्यारह दिन नौ तरह के ताल और नौ तरह के झूमर नाचकर जगाया जाता है।करम के 52 गीत हैं जो कि पूरे झारखण्ड में एक समान एक सुर में गाये जाते हैं।करम पेड़ और धान बीज का जीवन चक्र एक समान होता है,साथ ही करम पेड़ की विशेषता है कि वो जितना ज़मीन के ऊपर विकसित होता है उतना ही ज़मीन के नीचे भी जड़ फैलाता है जो कि जल स्तर के अनुमान लगाने का पुरखा काल से तकनीक के रूप में चला आ रहा है।जावा की माँ के रूप में कुँवारी बहने भविष्य में जागरूक माँ कैसे बनेगी उसका परंपरागत प्रशिक्षण का परब है करम और विभिन्न प्रकार के परहेज़ और ख़ान पान के बारैन रखकर नौ से ग्यारह दिन बिताती हैं साथ ही नहाने-सोने और पहनने ओढ़ने के तरीक़े पर बिलकुल गर्भवती माँओं के समान होता है।आगे उन्होंने बताया कि करम परब धान के पौधों के किशोरावस्था में पहुँचने की ख़ुशी में मनाया जाता है साथ ही बहन-भाई के करम और धरम के संकल्प का प्रतीक है।यहाँ बहनों के ÷करम÷ से आशय उनके कृषि कर्म सीखने और ÷धरम÷ का मतलब भाइयों के गृहस्थी कार्यों में ज़िम्मेदारी धारण करने से संबंधित है।

# घरेलू कलह में महिला को जान से मारने की कोशिश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रविवार रात्रि करीब दस बजे रामगढ़ थानांतर्गत अरगड़ा निवासी ममता देवी के शरीर में केरोसिन छिड़क कर पति ,सासू एवं ससुर के द्वारा आग लगाकर जान से मारने की कोशिश करने का आवेदन पीड़िता की माता ने रामगढ़ थाने को दिया जिसमे पीड़ित ममता देवी को 85त्न जल जाने के कारण रिम्स रेफर किया गया है।अर्धजली हालत में हीं पीड़िता ममता देवी ने अपने बयान में कहा है की मेरा सास और ससुर हामेश मुझसे पैसे की मांग करते थे और मायके वालों से लाकर देने को कहते थे । इसी कारण हर दिन मेरे साथ मारपीट की जाती थी। रविवार को भी जब मेरा पति शराब पीकर आए तो मेरी सास ने उन्हें भड़कान शुरू किया जिस कारण मेरे पति ने मुझे घर के एक कमरे में ले जाकर मुझ पर केरोसिन तेल का कैनन उलट दिया मैं भागने की कोशिश की तो उसने दरवाजे का छीटकनी बंद कर आग लगा दी और आग जल्दी फैले इसलिए उसने पंखा भी चालू कर दिया जिसके कारण आग और तेजी से पकड़ा और मैं चिल्लाते हुए बेहोश हो गई।जिसके बाद ससुराल वालों ने बिंझार स्थित एक प्राइवेट स्वास्तिक नसिंग होम में एडमिट करवाया जहां डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रात्रि में हीं रिम्स रेफर कर दिया लेकिन आरोपी पक्षों ने पीड़िता को ले जाने से इंकार कर दिया।दोपहर बारह बजे तक पीडिता उसी नर्सिंग होम में जिंदगी और मौत से जूझ रही थी जिसकी खबर सुनकर कैंट दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर एवं भाजपा नेता सत्यजीत चौधरी ने हॉस्पिटल जाकर मामले की पूरी जानकारी लेते हुए पुलिस प्रशासन की मदद से मामले को शांत करवाते हुए पीड़िता को आगे के इलाज के लिए रिम्स जाने का इंतजाम करवाया साथ हीं पीड़िता के परिजन को थाने जाकर एफआईआर दर्ज करवाने को राजी करते हुए प्रशासन से बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही करने का अपील किया।

# रामगढ़ में बारिश का कहर, दो मिट्टी के मकान गिरे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्र में मिट्टी के बने मकान का गिर रहे है उसी में दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत अंतर्गत ग्राम बेयांग के मुण्डा टोला मे सोमवार को दोपहर 12 बजे एक गरीब महिला का मिटी का घर गिर गया । मकान गिरने से मौजूद सभी बाल बाल बचे मकान का दिवार गिरने से पहले समय रहते हुऐ घर से निकल कर बहार आ गये। जानकारी के अनुसार सोनिया देवी पति स्व. जेठु मुंडा और अपना बेटी चुंकी कुमारी नाती दो के साथ मिटी के घर मे बारिश मे सो रहे थे एक दिन पूर्व दिन को रुक रुक कर बारिश हो रहा है सोमवार को सुबह से लगातार बारिश हो रहा है सभी 12 बजे दिन को मिट्टी के घर मे सोए हुऐ थे अचनाक मिटी के दिवल धीरे धीरे दबने लगा समय रहते सभी लोग बाहार निकल कर भागे। उसके बाद घर मे रखा सभी बर्तन, कपड़ा को निकाल कर दूसरे अपना मकान रखा । वहीं दुसरी धटना गांव में मुनिया देवी का मकान का एक साइड का दिवाला भी गिर गया उसे किसी प्रकार की कोई नुकसान नही हुई मगर दीवार गिरने से वह मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया।

## नौवे दीन उत्तम आकिंचन्य धर्म का पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ स्तिथ श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवेम रांची रोड स्तिथ श्री पारसनाथ जिनालय मे दसलक्षण पर्व के नौवे दीन उत्तम आकिंचन्य धर्म का पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया । जलाभिषेक रामगढ़ रमेश जैन शास्त्री, मंगीलाल चूड़ीवाल, अशोक चूड़ीवाल, अशोक सेठी, संजय सेठी, अजय लुधरिया, मेगा जैन, विमल रावनका, बिनोद जैन, राजेंद्र चूड़ीवाल,राजेश चूड़ीवाल, अशोक रपरिया,विकास रपरिया । रांची रोड अशोक रपरिया विकाश रपरिया शांतिधारा।रामगढ़ पुष्पा अजमेरा।रांची रोड अशोक काला अमित काला।पंडित रमेश जैन जी शास्त्री,राजेश जैन,पंकज जैन आत्मा के अपने गुणों के सिवाय जगत में अपनी अन्य कोई भी वस्तु नहीं है इस दृष्टि से आत्मा अकिंचन है। अकिंचन रूप आत्मा-परिणति को आकिंचन करते हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप बैठक में पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिमडेगा जिला में परिवर्तन यात्रा शुरू की जा रही है। परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में परिसदन भवन सभाकक्ष में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं संग बैठक का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ के माननीय मंत्री श्री केदार कश्यप और बीरमित्रापुर विधानसभा के पूर्व विधायक माननीय श्री शंकर उरांव बैठक में उपस्थित हुए। जिला महामंत्री दीपक पुरी ने बताया कि 23 सितंबर से 25 सितंबर तक सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा के प्रखंडों में परिवर्तन यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा के दौरान रोड शो, नुक्कड़ नाटक और सभा का आयोजन जगह-जगह होगा। 23 सितंबर को माननीय श्री अनिल एंटनी राष्ट्रीय प्रवक्ता और माननीय श्री समीर उराँव राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कोलेबिरा में सभा को संबोधित करेंगे। बानो में रोड शो होगा। 24 सितंबर को माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय तथा माननीय हटिया विधायक श्री नवीन जायसवाल सिमडेगा तथा कुरडेग में जनसभा को संबोधित करेंगे। ठेठईटांगर, बोलबा तथा केरसई में रोड शो किया जाएगा। 25 सितंबर को पालकोट में रोड शो होगा। माननीय मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता तैयारी में जुड़ गए हैं। इस बार झारखंड राज्य में सत्ता परिवर्तन होना निश्चित है। राज्य के जनता हेमंत सरकार के कार्यशैली से उब गई हैं। झारखंड में हर तरफ भ्रष्टाचार का आलम बना हुआ है, बेरोजगारों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि हेमंत सरकार के खोखले वादे और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा परिवर्तन यात्रा निकालेगी। इस दौरान भाजपा के सभी बड़े और छोटे नेता जनता के बीच जाकर हेमंत सरकार की सच्चाई को सामने रखने का काम करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री दीपक पुरी, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी तोरपा दुर्ग विजय सिंह देव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद, संजय ठाकुर, राकेश रविकांत प्रधान, अनुप केशरी, श्रद्धानन्द बेसरा, सुजान मुंडा, नवीन सिंह, श्रीलाल साहू, तुलसी साहू, विधा बड़ाईक, अनिरुद्ध सिंह, नरेंद्र बड़ाईक, रंजन शाह, दिलीप साहू, रामबिलास बड़ाईक, संजय शर्मा, मुनेश्वर तिर्की, लिबनुस टेटे, नागेन्द्र दीक्षित, दीप नारायण दास, मनकीलाल, मोतीलाल सिंह, कृष्णा बड़ाईक, मुकेश पंडा, विशाल नायक, सुरजन बड़ाईक, विजय महतो, गंगाधर लोहरा, बिनोद बड़ाईक, सुरजन प्रधान, निकुंज बिहारी सिंह, तपेश्वर साहू, पुष्पा देवी, ज्योति देवी, सुचिता देवी, बंधु मांझी, सुबास महतो, संटू गुप्ता, चंदन प्रसून, घनश्याम केशरी, बीरेंदर पंडा, अरबिंद सोरेंग, श्रवण साहू, बसंत प्रधान, जगधन मांझी, बंधु मांझी, अमित बड़ाईक, अशोक कुमार रजक, मुकेश कुमार, रामचंद्र सिंह व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## प्रखंड क्षेत्र में शांति पूर्वक हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी त्यौहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मुस्लिम धर्मावलम्बियों द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद की खुशी में बारह रबी उल अव्वल का त्यौहार शांतिपूर्वक हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। वही अंजुमन इस्लामिया के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। तथा पूर्व निर्धारित समयानुसर अरु, सेरेंगहातु, कल्हेपाट, सेन्हा, अरु बन्धटोली, उगरा, भड़गांव, तोड़ार सहित विभिन्न गॉवों में जुलूस निकाला गया। वही जुलूस के दौरान बच्चे बूढ़े और नवजवान सभी हाथों में इस्लामिक परचम लेकर पैगंबर मोहम्मद के शान में नारा लगाया जा रहा था। वही हुजूर की आमद के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। जुलूस के बाद फ़ातिहा ख्वानी कर देश मे अमन चैन के लिए दुआएं पढ़ी गई। वही थाना क्षेत्र में त्यौहार शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। थाना प्रभारी अजित कुमार और पुलिस बल चौक चौराहों में मुस्तैद रहे। तेज बारिस के बावजूद जुलूस में लोगो का खासा उत्साह देखा गया।

## लगातार हो रही बारिश से जन जीवन हुआ अस्त व्यस्त, तेज बारिश ने लोगों का उजड़ाया आशियाना



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार शाम से ही रुक रुक कर हो रही तेज बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वही सोमवार को दिनभर रूक रूक कर बारिश होने और हवा चलने के कारण आम जनों को घर से निकलना दूभर हो गया। बारिश के कारण लोग घरों में दुबके रहे। वही सड़को और बाजारों में वीरानी सी छाई रही। रविवार और सोमवार को जहां लगभग 36 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड किया गया है। लगातार बारिश होने से नदियां उफान पर हैं, तथा तालाब और कुँवा में पानी लबालब भरा हुआ है। बारिश के कारण प्रखंड में कही कही कच्चा मकान गिर कर ध्वस्त हो गया है। और जड़ से उखड़ कर पेड़ गिर कर धाराशाई हो गया है। बताया जाता है कि शनिवार शाम से शुरू हुई बारिश सोमवार को दिनभर जारी रहा। सोमवार को दिनभर बारिश होने से मुर्की तोड़ार पंचायत के बाजार डॉडू में स्व.अवधेश मिश्र का पुत्र योगेन्द्र मिश्रा का कच्चा मकान एक तरफ ध्वस्त हो गया। लगातार हो रही बारिश के कारण कोयल नदी अलावे फुलझर नदी, बांकी नदी,अरु नदी सहित अन्य नदियों में जलस्तर बढ़ गया। वही खेतों में लगी सब्जी की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। खास कर आलू का फसल को नष्ट होने की अधिक संभावना है।

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के सहयोग से लोहरदगा बैठठ निवासी विवेक उरांव अपने देश भारत वापस लौटे

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते दिनों लोहरदगा जिले के ग्राम बैठठ निवासी विवेक उरांव पिता करम दयाल उरांव नेपाल देश से जीविकोपार्जन के उपरांत दो लाख रुपय लेकर वापस अपने देश भारत लौट रहे थे इसी क्रम में नेपाल पुलिस ने उन्हें सीमा पर रोक कर अपने हिरासत में रख लिया था जिसपर उनके परिजनों ने माननीय वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से सहयोग की गुहार लगाई थी। जिसपर माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के त्वरित पहल करते हुए नेपाल सरकार से संपर्क किया एवं जिला पुलिस अधीक्षक के सहयोग से उन्हे छुड़ाया और वे औपचारिक प्रक्रिया के उपरांत वापस भारत देश के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। इस पर बैठठ ग्राम निवासियों ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल, पुलिस घटना स्थल पहुंच दोनों घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 सितंबर रविवार को शाम 07 बजे कैरो प्रखंड के कैरो-चट्टी मार्ग पर खन्डा पुलिया के समीप आपस मे 02 बाईक के भीड़न्त से 02 की मौत एवं 02 घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे ग्राम निवासी भैरो उराँव के 33 वर्षीय पुत्र सोमनाथ उराँव 15 सितंबर रविवार को सुबह अपने ससुराल भण्डरा प्रखंड के उदरंगी गाँव गया हूआ था। सोमनाथ शाम को अपेऊने 06 वर्षीय पुत्र को लेकर घर लौट रहा था। तभी खन्डा पुल कें पास कैरो की और से गजनी निवासी तेम्बो उराँव के 22 वर्षीय पुत्र नवीन उराँव शाम को ही कैरो से अपना घर जा रहा था दोनो अपने बाईक मे सवार थे, दोनो की भिड़ंत इतनी जोरदार हूई की सढ़ाबे निवासी सोमनाथ उराँव 33 वर्ष की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई जबकी उसका 06 वर्षीय पुत्र बाईक से दूर फेंका जाने के क्रम मे हल्की-फुल्की चोटें आयी है,वही इस दुर्घटना में राहगीर खन्डा निवासी लखू उराँव के 21 वर्षीय पुत्र भी घायल हो गया। मौके पर घटना की त्वरित सूचना मिलते ही कैरो थाना प्रभारी नीरज झा, ए एस आई संजय कुमार सिंह घटनास्थल पहुँचकर घायलो के वेह्तर ईलाज हेतू 02 लोगों को सीबीएन हास्पीटल कैरो भेजवाया एवं घटना मे गम्भीर रुप से गजनी निवासी नवीन उराँव के लिये एम्बुलेंस बुलवाकर कुडु सामूदायिक स्वास्थय केंद्र भेजा गया जहाँ नवींन उराँव कुडु पहूँचने से पुर्व रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। इस प्रकार दोनो मृतकों के शव को कैरो थाना पूलिस पोस्टमार्टम करवाकर परिजनो को सौप दिया है।

# पितृपक्ष श्राद्ध पितरों को प्रसन्न और संतुष्ट करने वाला पर्व : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि 17 सितंबर से स्नान दान भाद्रपद पूर्णिमा तिथि लगते ही पितृ पक्ष शुरू हो जाएगा। पितृपक्ष 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक रहेगा। 16 दिनों तक दादा दादी, नाना नानी पक्ष के पूर्वजों का ध्यान स्मरण किया जाएगा। उन्हें जल देकर तर्पण की कामना होगी पितृपक्ष शुरू होते हैं शुभ कार्यों की बेला थम जाएगी। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष को पितरों को प्रसन्न और संतुष्ट करने वाला पर्व माना जाता है इस दिन उन पूर्वजों के सम्मान में श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु हर महीने की पूर्णिमा के दिन हुई थी। पितृपक्ष जिसे श्राद्ध के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि मृतक पूर्वजों को समर्पित एक महत्वपूर्ण अवधि है यह वह समय होता है जब पूर्वजों की आत्माएं प्रसाद और प्रार्थनाओं के प्रति सबसे अधिक ग्रहणशील होती है श्राद्ध पक्ष वास्तव में पितरों को याद करके उनके प्रति श्रद्धा भाव प्रदर्शित करने का अवसर है पितरों का श्राद्ध करने से जन्म कुंडली में व्याप्त पितृ दोष से भी हमेशा के लिए छुटकारा मिलता है पितृपक्ष में पितरों संबंधित कार्य करने से व्यक्ति का जीवन खुशियों से भर जाता है। श्राद्ध तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते है और आशीर्वाद देते हैं। पितर दोष से मुक्ति के लिए इस पक्ष में श्राद्ध तर्पण करना होता है। किसी योग्य ब्राह्मण से श्राद्ध कर्म, पिंडदान तर्पण करवाना चाहिए। जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन ब्राह्मणों को भोजन करवाना चाहिए, श्राद्ध कार्य में पूरी श्रद्धा से ब्राह्मणों को तो दान दक्षिणा देना चाहिए,साथ ही यदि किसी गरीब जरूरतमंद की सहायता भी आप कर सके तो बहुत पुण्य मिलता है। इसके साथ-साथ ही गाय, कुत्ते, कौवे आदि पशु पक्षियों के लिए भोग का एक अंश जरुर डालना चाहिए। पितृपक्ष मे मृत्यु की तिथि के अनुसार श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी मृत व्यक्ति की तिथि ज्ञात न हो तो ऐसी स्थिति मे अमावस्या तिथि पर श्राद्ध किया जाता है इस दिन सर्वपितृ श्राद्ध योग माना जाता है

## झारखंड युवा सदन खेल मंत्रालय झारखंड सरकार द्वारा आदित्य कुमार साहू चयनित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड युवा सदन खेल मंत्रालय झारखंड सरकार के द्वारा युवा सदन के लिए विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से आदित्य कुमार साहू का नाम चयनित किया गया है। 15 सितंबर को ईमेल के माध्यम से उन्हें जानकारी प्राप्त हुई। आदित्य ने बतलाया की ऑनलाइन युवा सदन के साइट से उन्होंने फॉर्म भरा था जिसमे उन्हें लिखित परीक्षा एवम कई साक्षात्कारों से गुजरना पड़ा। इतना ही नहीं उन्होंने कुछ मिनट का वीडियो बनाकर अपने क्षेत्र की समस्याओं तथा उनके निदान से संबंधित जानकारी प्रमुखता से रखी। इसके बाद ये झारखंड सरकार द्वारा चयनित हुए। ज्ञात हो की आदित्य कुमार साहू अभाविप के भी जिला संयोजक हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडेय ने आदित्य कुमार को बधाई देते हुए कहा की युवा ही वर्तमान भारत की असल तस्वीर हैं। इनमें जोश है, दम है जुनून है। अगर इन्हें सही दिशा दी जाए तो ये निसंदेह हमारे देश के संसाधन हैं। नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो ने आदित्य के चयन पर बधाई देते हुए कहा कीअब वक्त आ गया है कि हमारे युवा वर्चुअल दुनिया से निकलकर वास्तविक दुनिया में आएं और राजनीति से भी जुड़ें। तभी बदलाव की उम्मीद जगेगी। युवा सदन में चयनित होने पर आदित्य साहू को अभाविप नगर मंत्री जय साहू,उपाध्यक्ष जाहन्वी गोयल ने भी बधाई दी।

## परदेशिया उरांव द्वारा चाकू से वार कर दो लोगो को जख्मी करने के मामले में भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा पुलिस ने सोमवार को कांड संख्या 54/24 दिनांक 16/9/24 दर्ज करते हुए पहाड़ टोली निवासी परदेशिया उरांव के द्वारा चाकू से वार कर दो लोगो को जख्मी करने के मामले में सोमवार को जेल भेज दिया।इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि परदेशीय की अपनी पत्नी से अच्छे समन्वय नही था।जिससे तंग आकर उसकी पत्नी रांची में रह कर बच्चो की पढ़ाई लिखाई कराती थी परदेसिया उरांव को शक था कि पत्नी से समन्वय स्थापित न होने के मुख्य कारक जीतू उरांव ही है इन्ही कारणों से परदेसिया उरांव रात्रि में जीतू को खाने-पीने के बहाने बुलाकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया बीच बचाव में गांव के ही प्रशांत उरांव को भी चोटे आई हैं वहीं घायल जीतू उरांव को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां परिजनों के देख उपस्थिति में जीतू का इलाज कराया जा रहा है।

## जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न पुनः अध्यक्ष बने ओम प्रकाश साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला दुर्गा पूजा समन्वय समिति की देर शाम सिमडेगा महावीर मंदिर में संरक्षक श्यामलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुरानी समिति को भंग करते हुए सफल संचालन हेतु नई समिति का गठन किया गया जहां पर सर्व समिति से ओम प्रकाश साहू को पुनः अध्यक्ष बनाया गया, वहीं सचिव के रूप में अनूप केसरी जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में दीपक अग्रवाल उर्फ रिंकू को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, संजय शर्मा, उदय प्रसाद, प्रकाश कुमार लल्ला, अजय प्रसाद जबकि उपसचिव राजेश केशरी, हरि केशरी, घनश्याम केशरी, विष्णु दयाल शर्मा को बनाया संरक्षक के रूप में अमरनाथ बामलिया, श्यामलाल शर्मा, डीडी सिंह वही मीडिया प्रभारी में नरेश शर्मा, विकास साहू विकास वर्मा को बनाया गया। इस मौके पर बताया गया कि सिमडेगा जिला के सभी पूजा पंडालो पर जिला दुर्गा पूजा में समिति समन्वय स्थापित करते हुए धूमधाम के साथ इस बार दुर्गा पूजा का आयोजन करेगी। इसके अलावा सिमडेगा शहर स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विजयदशमी के दिन रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि एकादशी के दिन भव्य तरीके से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा आयोजित की जाएगी।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने इंद्रजीत लकड़ा एवं महामंत्री मिथुन तमेड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने हेतू केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा कि महत्वपूर्ण बैठक खेमराज स्मृति भवन गुदरी बाजार में हुई। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी संरक्षक गण,सभी पूजा पंडालों के अध्यक्ष, सचिव एवं माता रानी के भक्त गण उपस्थित हुए। बैठक में वर्ष 2023 के लेखा जोखा को प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद वर्ष 2024 के लिए नई समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें बैठक में उपस्थित सभी संरक्षक गण और सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा सर्व सहमति से पुरानी समिति को ही इस वर्ष भी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के कार्य को सफलता पूर्वक करने की जिम्मेवारी दी गई। वहीं पुनः एक बार अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा और महामंत्री मिथुन तमेड़ा चयनित हुए। शेष कार्यकारिणी का विस्तार अध्यक्ष के द्वारा किया जाएगा। निर्वाचित अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने कहा कि विगत वर्षो के अनुभव से इस वर्ष भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन करने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का गठन एक सामाजिक प्रक्रिया है जो हर वर्ष होती रही है परंतु इसमें सहभागिता प्रत्येक माता रानी के भक्तों का होता है। भक्तों के बिना कुछ भी संभव नहीं है। हम अपने कार्यो के द्वारा लोगों को संदेश देना चाहेंगे कि जिले में दुर्गा पूजा

## ठगी पीड़ित जमा करता परिवार का अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन का 16 वां दिन भी रहा जारी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 16 सितम्बर 2024 को जिला टीम की अगुवाई में ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार का अनिश्चित कालीन असहयोग आन्दोलन का 16 वा दिन भी जारी रहा। जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में सर्व सहमति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजना पाबन्दी कानून 2019 बैनिंग ऑफ unregulated डिपाजिट स्कीम, बड्स एक्ट 2019 बना कर देश में चल रहे तीन लाख ठग कंपनीज और ठग सोसाइटीज में डूबी हुई जमा धन को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुणा वापस दिलाने का कानुनी अधिकार दिया है। लेकिन शासन प्रशासन एवं केंद्र सरकार और राज्य सरकार विधि का पालन न करने और ठगी पीड़ितो का भुगतान न करने के विरुद्ध दिनांक 22 सितम्बर 2024 दिन रविवार को ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार कार्यालय कुटमू नियारेस्ट कचहरी मोड़ से हजारों की संख्या में नन बैंकिंग से ठगी पीड़ित लोग जेल भरो हमारा भुगतान सुनिश्चित करो अभियान के तहत अपनी अपनी गिरफ्तारी देंगे।

**हमारे पुरखामन काफी बड़ा विद्वान, बड़ा वैज्ञानिक थे : सुखदेव भगत**

# कोको टोली पड़हा टांड़ में पहली बार करम पूजनोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन, काफी संख्या में लोग हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संसदीय क्षेत्र के कोको टोली पड़हा टांड़ में पहली बार करमा पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सांसद महोदय का आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक ढंग से स्वागत एवं आदिवासी संस्कृति के तहत महिलाओं द्वारा सांसद को गोड़ धोवाई कार्यक्रम किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि हमारे पुरखामन उस समय स्कूल देखे होंगे या नहीं देखे होंगे लेकिन वह काफी बड़ा विद्वान बड़ा वैज्ञानिक थे उन्हें पता था कि करम पेड़ 24 घंटा ऑक्सीजन देता है इसलिए उन्होंने इसे धार्मिक कार्यक्रम से जोड़कर प्रकृति के प्रति लोगों को जागृत करने का काम किया है। आदिवासी होने का हम सबो को गर्व करना चाहिए क्योंकि आदिवासी समाज के कारण ही पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षित हो रहा है ।श्री भगत ने कहा कि अखड़ा, नगड़ा, मांदर, नृत्य यह सब आदिवासियों की पहचान एवं पुरखामन की देन है इसे हमें बचा कर रखना है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को करमा पर्व की हार्दिक बधाई दिए। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने आदिवासी नृत्य कार्यक्रम में भाग लेकर खोड़हा दलों के लोगों को उत्साहित करने का काम किये। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर स्थित पड़हा भवन को देखा और इसे नए ढंग से बनाने का आश्वासन दिए। मौके पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, फूलदेव उरांव, बेल सतीश उरांव, दिवान सुनित उरांव, बैगा तेतरू उरांव, पुजार सतीश उरांव, महात्मा उरांव, मनमैत उरांव, समरित उरांव, जसिंता उरांव, सारिंद्र उरांव, सीमा चट्टा, बुद्धिमान उरांव, रिजु जी, कमला उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कोलेबिरा विधायक ने ईद-मिलादुन्नबी पर अकीदतमंदों को दी मुबारकबाद, प्रेम और शान्ति का दिया संदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोलेबिरा पहुंच कर अकीदतमंदों से मिले और मुबारकबाद देते हुए कहा कि आज बहुत ही खुशी का मकाम है, क्यों कि हमारे प्रोफेट मोहम्मद का जन्मदिन है। विधायक ने कहा कि प्रोफेट मोहम्मद के जन्म के साथ ही पुरे विश्व में उजाला का आभास हुआ, उनके घराने और उनके अनुयायियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने प्रेम का संदेश लोगों को दिया और जब इस्लाम का प्रचार प्रसार करना शुरू किए तो लोगों ने बहुत विरोध किया, किन्तु पैगम्बर मुहम्मद साहब ने अमन चैन और शान्ति के माध्यम से लोगों के दिलों को जीतते हुए सम्पूर्ण विश्व में इस्लाम धर्म को बढ़ावा देने में कामयाब हुए। विधायक ने कहा कि आज भी पैगम्बर मुहम्मद साहब के अनुयाई आपसी भाईचारा, प्रेम और शान्ति में विश्वास करते हैं। पैगम्बर मुहम्मद साहब ने संदेश देते हुए कहा कि हम में ना कोई बड़ा है ना कोई छोटा है। इसीलिए उनके अनुयाई उनके जन्मदिन पर विशेष रूप से खुशियां मनाते हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, अशफाक आलम, मोहम्मद कय्युम, मोहम्मद अंजर, मोहम्मद कारु, मोहम्मद हाशिम, आदि मौजूद थे।

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने साइकिलस्ट सरिता कुमारी को वैविक कोष से किया आर्थिक सहयोग



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करचा टोली नदिया निवासी साइकिलस्ट सरिता कुमारी पिता सानिया उरांव को माननीय वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा अखबार द्वारा प्रकाशित खबर पर त्वरित संज्ञान लेते हुए वैविक कोष से आर्थिक सहयोग किया है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है एवं खेल निदेशक झारखंड सरकार खेल विभाग को साइकिलस्ट सरिता कुमारी की उपलब्धियां को देखते हुए उचित सम्मान एवं सहयोग प्रदान करने के कहा है। इस पर समाज सेवी रोहित प्रियदर्शी उरांव ने साइकिलस्ट सरिता उरांव एवं उनके परिजनों से विधायक कार्यालय लोहरदगा में मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, संजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



**चलते चलते एक नजर**

## रांची में बिजली की कमी नहीं है, गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है : मनमोहन कुमार



**रांची।** बिजली विभाग में तबादले के तीसरे दिन रांची के नये जीएम मनमोहन और अधीक्षण अभियंता डी एन साहू ने अपना पदभार लिया। इस मौके पर दोनों का कार्यालय में स्वागत किया गया।

**सभी को मिलेगी बिजली : प्रभात मंत्र रांची ब्यूरो परवेज कुरैशी** से रांची जीएम मनमोहन कुमार ने बात चीत में कहा कि पिछले 25 सालों से झारखंड के विभिन्न बिजली विभागों के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। अभी मेदनी नगर डालटेनगंज से तबादला रांची जीएम पद के लिए हुआ है। रांची का क्षेत्र थोड़ा बड़ा है भीड़ भाड़ वाली जगह है, यहां लोगों के घरों के लिए बिजली की क्या जरूरतें हैं , इसका निरीक्षण करने के बाद ही पूरी जानकारी के साथ बात कर सकूंगा। फिलहाल इतना बता दूं कि इन दिनों में मैंने जो देखा और समझा, तो रांची में बिजली की कमी नहीं है, गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है। वहीं आगे उन्होंने कहा की रांची में जहां बिजली की नंगी तारे गई है, वहां केबल में करना होगा, जहां केबल है वहां पर अगर कोई कमी है क्षतिग्रस्त है तो उसको बदलना होगा, ओवर सेडिंग देखना है, यह भी देखना है कि घरेलू उपभोक्ता को कितना बिजली मिल रहा है और अन्य में कितनी जा रही है। जहां तक स्मार्ट मीटर की बातें हैं, तो स्मार्ट मीटर को लेकर जो शिकायतें या किसी तरह की परेशानियां है तो , जितने कनीय पदाधिकारी, अभियंतागण हैं सभी के साथ बैठक करेंगे, उनसे समझेंगे तब इस पर कुछ कह सकेंगे। लेकिन इतना है कि स्मार्ट मीटर आने से लोगों को फायदा हुआ है, जहां तक फ्री बिजली का सवाल है, तो मुझे फिलहाल पूरा पढ़ना होगा, तभी मैं कुछ बता पाऊंगा। लेकिन इतना जरूर है कि अगर किसी को लगता है , कि उसका बिजली बिल माफ हुआ है या नहीं हुआ है, तो वे अपने नजदीकी बिजली विभाग के कार्यालय में जाकर अपना कंजूमर नंबर देकर समझ सकते हैं, पूछ सकते हैं, कि मुख्यमंत्री द्वारा जो घोषणा की गई है बिजली बिल माफ तो कंज्यूमर का बिजली बिल माफ हुआ है या नहीं हुआ है। वहीं दुर्गा पूजा में बिजली खपत की बात है तो इसके लिए एजेंसी है वहीं इसको देखती है।

# गाण्डेय विधानसभा : टिकट के लिए मारा-मारी शुरू

**रंजन कुमार @ प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह** : झारखंड विधानसभा चुनाव नजदीक आते देख गाण्डेय विधानसभा सीट को लेकर अभी से सभी पार्टियां अपने उम्मीदवार की तलाश में जुट गए हैं। साथ ही राजनीतिक सरगर्मी तेज होते नजर आ रहा है। यहां राजनीति का पारा काफी चढ़ गया है। सभी नेता अपने को समाजसेवी बता कर दिन रात जनता के सम्पर्क में जुट गए हैं और सुख दुःख में सम्मिलित होते नजर आ रहे हैं। खुद को श्रेष्ठ साबित करने में लग गए हैं। वहीं कई नेता एक पार्टी से दूसरे पार्टी में शामिल हो रहे हैं। दिन रात प्रदेश कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। तथा कुछ तो दिल्ली में डेरा डाले हुए नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ नेता विकल्प के तलाश में अगर कोई विकल्प नजर नहीं दिखा तो निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में उतारने के तैयारी में है। जिसको देख सभी कोई जाति समिकरण के अधार पर टिकट देने का फिराक में है। वहीं बात करे इंडिया गंठबंधन की तो कई चेहरा



नजर आ रहा है। लेकिन समिकरण ठीक रहा तो वर्तमान विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन फिर से गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी के रूप में होंगे। वह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के धर्मपत्नी है। जिसके वजह से उसका पलड़ा भारी है। इसी खेमे को देखते हुए भाजपा अपने उम्मीदवार के तलाश में रायशुमारी बैठक करते हुए 5 चेहरे में से किसी एक पर विचार करने का मन बना रहा है। जो चुनाव जीत सके और हारे हुए विधानसभा सीट पर पुनः काबिज कर सके। इसके लिए गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, भाजपा प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, 2 बारे रहे भाजपा जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक, रीतलाल प्रसाद वर्मा के बेटा व निवर्तमान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा इत्यादि गाण्डेय विधानसभा सिट से भाजपा के प्रत्याशी बनने में लगे हुए हैं। गाण्डेय विधायक रह चुके प्रो. जय प्रकाश वर्मा फिर से भाजपा में सामिल होकर सभी को चौंका दिया है। कहीं उन्हें तो पार्टी उम्मीदवार न बना दे। उसको लेकर पार्टी के अंदर गुटबाजी सुरू हो गया है। जागरूक जनता पार्टी के उम्मीदवार शमिम अख्तर पहले से उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। वह अल्पसंख्यक समुदाय के वोट एकजुट करने में लगे हुए हैं। वह राधास्वामी संगठन के हवाला देते हुए अन्य समुदाय के वोट एकत्रित करने में लगे हुए हैं। बात की जाए जेबीकेएसएस पार्टी के तो माले पार्टी छोड़ जयराम महतो पार्टी ज्वाइन किया है। राजेश यादव भी अपने समाज व दूसरे समुदाय के हवाला दे कर तैयारी में जुट गए हैं। इतना ही नहीं कई निर्दलीय चेहरा सामने आ रहे हैं जो चुनाव में अपना दांव पेंच लगा रहा है। अर्जून बैठा और ना जाने कितना चेहरा निर्दलीय सामने आने को है। इससे प्रतीत होता है कि गाण्डेय विधानसभा चुनाव दिलचस्प होने वाला है। वहीं बात करुं वोट बैंक की तो कुशवाहा, यादव, आदिवासी और मुस्लिम की जनसंख्या गाण्डेय विधानसभा में अधिक होने से प्रत्याशी के निर्णायक का अहम् भूमिका इन्हीं का रहेगा। जो उम्मीदवार के भाग्य का फैसला करेगा।

## बांग्लादेश में दो पूर्व मंत्री समेत चार गिरफ्तार

**एजेंसी**

**ढाका :** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अवामी लीग के नेताओं की धरपकड़ जारी है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने कल रात राजधानी से पूर्व संस्कृति मंत्री असदुज्जमां नूर और पूर्व नागरिक उड्डयन और पर्यटन राज्यमंत्री महबूब अली को गिरफ्तार कर लिया। एक खबर के अनुसार, रविवार रात असदुज्जमां नूर को बेली रोड से और महबूब को सेगुनबागीचा इलाके से गिरफ्तार किया गया।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मलिक ने कहा कि असदुज्जमां नूर को मीरपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में रात करीब 11:00 बजे गिरफ्तार किया गया। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि असदुज्जमां ने 2001 से संसद में अवामी लीग का प्रतिनिधित्व किया। हाल ही में 12वें संसदीय चुनाव में उन्हें निलफामारी-2 के लिए संसद सदस्य के रूप में चुना गया। नूर ने 2014 में संस्कृति मंत्री की भूमिका निभाई। महबूब अली 2014 और 2018 में दो बार हबीगंज-2 से अवामी लीग के लिए संसद सदस्य चुने गए। पुलिस उपायुक्त मोहम्मद तालेबुर रहमान ने कहा कि महबूब अली को जतराबारी पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया गया।पांच अगस्त को छात्र-जन विद्रोह में अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से अब तक कम से कम 27 पूर्व मंत्रियों, संसद सदस्यों और पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## गंगा-जमुना तहजीब का मिसाल है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

**जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल हुए मंत्री, लोगों को दी ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार जिले भर में अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गढ़वा में आयोजित जुलूस-ए-मोहम्मदी में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से जलपान का स्टॉल लगाया गया था। स्टॉल पर मंत्री श्री ठाकुर ने जुलूस में



शामिल लोगों के बीच मिठाई व पानी का वितरण किया। साथ ही गुलाब का फूल दे कर मुबारकबाद दी। तत्पश्चात मंत्री खुद भी जुलूस में शामिल हुए।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि गढ़वा गंगा-जमुनी तहजीब का मिसाल है। यहां सभी जाति, धर्म के लोग आपस में मिल जुल कर एक दूसरे का पर्व त्योहार मनाते हैं। सभी पर्व त्योहारों में हर समुदाय के लोग एक दूसरे को सहयोग करते हैं। होली, दशहरा, मोहर्रम, ईद, ईद मिलादुन्नबी, क्रिसमस सभी पर्व के मौके पर हिंदू, मुस्लिम सभी समुदाय के लोग आपसी सहयोग के लिए जलपान आदि का स्टॉल लगते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा, एकता एवं सद्भावना गढ़वा में बहुत ही बेहतर ढंग का देखने को मिलता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी सभी लोग आपसी प्रेम एवं भाईचारा के साथ रहें एवं आपस में मिल जुल कर एक दूसरे के पर्व, त्यौहार, सुख-दुख सभी में सहयोग करें। मंत्री ने कहा कि भारत विविधताओं में एकता का देश है। इसका जीता जागता उदाहरण गढ़वा से पूरे हिंदुस्तान में देखने को मिलता है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, कंचन साहू, मदनी खान, नीलू खान, संतोष केशरी, दिव्य प्रकाश केशरी, शमीम अंसारी, आशीष अग्रवाल, मासूम खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एमएसए स्कूल में धूमधाम से मना ईद मिलादुन्नबी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में अकिदत-मुहब्बत व उत्साह के साथ हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैही वसल्लम का जन्मदिन (ईद मिलाद उन नबी) धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय को सजाया गया था। इस दौरान पोखराहा इस्लामिया कमिटी द्वारा निकाली गई मोहम्मदी जुलूस का एम.एस.ए स्कूल के शिक्षकों व बच्चों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।स्कूल प्रांगण में जुलूस पहुंचते ही जलशा में तब्दील हो गया।इसके बाद सभी के बीच मलिदा, बिस्किट, मिक्चर, टॉफी का वितरण किया गया। जुलूस को संबोधित करते हुए मंसूर सर ने कहा कि मुहम्मद साहब की शिक्षाएं सिर्फ धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में



भी महत्वपूर्ण है। सदर अनवर हुसैन अंसारी ने कहा कि आज ही के दिन 570 ईज़ मे मक्का शहर में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश हुआ था।मौके पर हाजी हफीज साहब ने कहा कि हज़रत मोहम्मद साहब का वालिद का नाम अब्दुला और वालिदा का नाम आमीना था। इमाम आलमगीर आलम ने कहा मोहम्मद साहब 610 ई0 में मक्का के पास हीरा नामक गुफा में ज्ञान की प्राप्ति हुई। हाजी जलील साहब ने कहा कि कुरान इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रंथ है इसके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने कि जरूरत है।

**रसूल-ए-खुदा के लगे नारे:** कार्यक्रम के बीच-बीच मे जलाल मुखिया, समीम अंसारी, अफरोज आलम, करीम साहब, प्रवेज खान, मुख्तार असारी, नन्टुना साहब, अकील साहब, अफताब साहब सहीत कई अन्यों द्वारा हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा, रसूल ए खुदा अल्लाह-अल्लाह आदि के नारे बुलंद किए और हुजूर की बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

**शफीक अंसारी ने जुलूस का किया स्वागत:** मौके पर शिक्षाविद् शफीक अंसारी द्वारा जुलूस को गर्मजोशी के साथ किए गए स्वागत व अनेकों प्रकार के किए गए लंगर का इंतजाम का ग्रामीणों ने खूब सराहा।

## पीएलएफआइ सुप्रीमो रांची के होटवार जेल से पलामू जेल में हुए शिफ्ट

**रांची।** पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची के होटवार जेल से आज पलामू जेल में शिफ्ट कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वह रांची जेल में रहते हुए भी को कारोबारियों, ठेकेदारों को लेवी के लिए परेशान कर रहा था। जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे दूसरे जेल में शिफ्ट करने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई 2023 को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखण्ड, बिहार और ओड़िसा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआइ के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखण्ड पुलिस ने दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआइए की ओर से पांच लाख कुल 30 लाख इनाम घोषित था।

# सीएम धामी ने दृष्टि बाधित बच्चों संग केक काटकर मनाया जन्मदिन

**एजेंसी**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को अपने जन्म दिवस के अवसर पर राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान पहुंचे और दृष्टि बाधित बच्चों संग केक काटकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने बच्चों को केक खिलाया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर दृष्टि बाधित उच्चतर माध्यमिक आदर्श विद्यालय के बच्चों ने उपहार स्वरूप अपने द्वारा बनाया गया मॉडल मुख्यमंत्री को भेंट किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे हर बार इस दिन पर यहां बच्चों के बीच आने का इंतजार रहता है और यहां आकर बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में आप सभी लोग जिस किसी भी क्षेत्र में जाएंगे, वहां निश्चित ही सफलता पाएंगे। ऐसा कोई कार्य नहीं है जो आप लोग नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण उन्नति के लिए प्रयासरत हैं। दिव्यांग शब्द भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही दिया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हमें प्रदेश में कई स्थानों पर आपदा की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे आपदा से प्रभावित लोगों के बीच जाएं और उनकी जो सेवा, मदद हो सकती है वे करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी का यह तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और हम प्रधानमंत्री के शब्दों को पूरा करने के लिए जी-जान से जुटे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान के फुटबॉल टूर्नामेंट का भी बॉल पर किक मारकर शुभारंभ किया।

# करमा पूजा में शामिल हुए संदीप सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू)** : नौड़ीह बाजार प्रखंड के शाहपुर पंचायत के अंतर्गत हुलसी खुर्द गाँव मे प्राकृति का पर्व करमा पूजा के अवसर पर लोगों की मनोबल बढ़ाने व बधाई देने के लिए युवा एकता मंच के जिला अध्यक्ष सह छतरपुर -पाटन विधानसभा के स्थानीय भावी विधायक प्रत्याशी संदीप सरकार ने पहुचें।

उक्त मौके पर उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लोग सदियों से जल जंगल और जमीन की रक्षा करते आये है और साथ ही साथ बड़े धूमधाम से प्राकृति की पूजा करते है।यही प्राकृतिक की वजह से जल -जंगल से ही आज सर्व समाज के लोगों की सुख समृद्धि और शांति प्राप्त होता है। इसलिए इस पर्व को सभी समाज के मनाने की जरूरत है। आज हम सभी समाज की लोगों की संकल्प लेने की जरूरत है कि जल जंगल और जमीन की रक्षा करके प्राकृति की सुंदरता बढ़ाए। मौके पर नौड़ीहा बाजार के थाना प्रभारी ने मांदर की थाप पर जमकर झूमें और थाना प्रभारी ने अमित कुमार द्विवेदी के द्वारा अंग वस्त्र दिया गया। मौके पर बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार,समाज सेवी अजय कुमार, अजय कुमार यादव,खखट उपाध्यय,योगेंद्र कुमार,आदिवासी सरना सह झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष बबन उरांव, प्रमोद उरांव, अरविन्द उरांव,पूजा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र उरांव, बंशी उरांव, अमरेश उरांव, दिनेश उरांव सहित काफी संख्या महिलाएं उपस्थित थे।

## पैगंबर मोहम्मद साहब ने हमें सच्चाई, न्याय और दया के मार्ग पर चलने का संदेश दिया : शाहदेव

**रांची :** जश्ने ईद ए मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने हज़रत कुतुबुद्दीन रेसालदार बाबा के मजार पर चादरपोशी कर पूरे झारखंड की बेहतरी की दुआएं मांगी। शाहदेव ने लोगों से कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब का आज जन्मदिन है। उन्होंने पूरी दुनिया को मानवता, सच्चाई, न्याय,एकता और शांति का संदेश दिया जो हम सबके लिए प्रासंगिक है। ईद ए मिलाद-उन-नबी के इस पाक घड़ी में हमें पैगंबर के उपदेशों व सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि आज हम सब यहां उन्हें याद करने के लिए एकत्र हुए हैं हम एक इंसान के रूप में तभी सफल होंगे जब हम उनके दिए गए शिक्षा का पालन कर मानवता के सही रास्ता पर चलेंगे। शाहदेव का आजाद हिन्द कमेटी,रेसालदारनगर,डोरंडा के सदस्यों ने पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

# स्वच्छ भारत मिशन में नवाचारों के साथ मध्यप्रदेश ने रचे नये कीर्तिमान : मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**भोपाल** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में शुरू हुए स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश अनेक कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप प्रदेशवासियों ने पूरे उत्साह और जन-सहयोग से स्वच्छता के क्षेत्र में नये आयाम भी स्थापित किये हैं। इसमें जहाँ एक ओर वर्ष 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश को सबसे स्वच्छतम राज्य का दर्जा मिला, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार 7वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही वर्ष 2023 में प्रदेश में गीले कचरे से बॉयो सीएनजी का उत्पादन करने का अभिनव नवाचार भी हुआ है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगाँठ पर सोमवार को कही है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गाँधी की जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान की थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' रखी गयी है। स्वच्छता ही सेवा अभियान में अधिक से अधिक जन-भागीदारी और स्थानीय निकायों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। मध्यप्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में कई मामलों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। प्रदेश के सभी शहरों ने पिछले 10 वर्षो के दौरान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास किये हैं। जनता के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन को जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन-भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेगी। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार-2023 में इंदौर शहर को लगातार 7वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। यह इंदौर के नागरिकों की जन-भागीदारी का बेहतरीन उदाहरण है। मध्यप्रदेश कम लागत पर एसटीपी इंसेप्शन एण्ड डायवर्सन आधारित सीवेज उपचार प्रणाली के लिये दिशा-निर्देश तैयार करने और कार्यादेश जारी करने वाला पहला राज्य है। इस वर्ष मार्च-2024 में मध्यप्रदेश ने नगरीय निकायों के लिये उपयोगिता जल और सेप्टेज प्रबंधन नीति'' प्रकाशित की है, जिसमें सीवर और सैप्टिक टैंकों की मशीनीकृत सफाई 100 प्रतिशत सुनिश्चित की गयी है।

इंदौर वाटर प्लस प्रमाणन और 7 स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाला देश का पहला शहर है।